चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 अप्रैल 2024
वर्ष 34, अंक 86, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लिरिड रोमांचक आसमानी आतिशबाजी शुरू 16

गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं हुमा कुरैशी 15

कांग्रेस-भाजपा में सियासी घमासान

कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर आपकी कमाई पर : मोदी

अलीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि यह पार्टी देश पर माओवादी सोच थोपकर और जनता की कमाई पर कब्जा कर उसे लोगों में बांटना चाहती है। हालांकि मोदी ने इस बार यह वितरण मुसलमानों के बीच किये जाने की बात नहीं कही। प्रधानमंत्री ने अलीगढ़ और हाथरस से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में कांग्रेस और सपा पर तुष्टीकरण करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि इन दलों ने पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिये कुछ नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। प्रधानमंत्री ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी जांच करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र कह रहा है। मोदी ने कहा आप सोचिए हमारी माताओं और बहनों के पास सोना होता है। वह स्त्री धन होता है। उसे पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है लेकिन अब इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं, बहनों की संपत्ति छीनने पर है। उनके मंगलसूत्र पर इन लोगों की नजर है। प्रधानमंत्री ने कहा कांग्रेस सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं उनकी कितनी संपत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर आपकी संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी।

- देश पर माओवादी सोच थोपकर जनता की कमाई पर पंजा मारना चाहती है कांग्रेस

तुष्टीकरण की राजनीति में अंधी हो चुकी कांग्रेस : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए हिंदू, बौद्ध, जैन, ईसाई, सिख और पारसी समुदायों को नुकसान पहुंचाने पर तुली है। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने एक दिन पहले कहा था कि पार्टी सत्ता में आई तो वह नागरिकता (संशोधन) अधिनियम निरस्त कर देगी। शाह ने कहा कि कानूनों में बदलाव के लिए किसी को सरकार में होना आवश्यक है और कांग्रेस के लिए मुख्य विपक्षी दल बनना तक संभव नहीं है। उन्होंने एक बयान में कहा, तुष्टीकरण की राजनीति में अंधी हो चुकी कांग्रेस पहले चरण में अपनी करारी हार देखकर बौखला गई है। यह अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए हिंदू, बौद्ध, जैन, ईसाई, सिख और पारसी समुदायों को नुकसान पहुंचाने पर तुली हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए उत्पीड़ित अल्पसंख्यक समुदायों के सभी लोगों को सीएए के माध्यम से नागरिकता मिलेगी, और इसे कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को हिंदुओं, बौद्धों, जैनियों, ईसाइयों, सिखों और पारसियों को नागरिकता मिलने से समस्या है।

प्रधानमंत्री के झूठ के कारोबार का अंत नजदीक : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी और सूरत में भाजपा के उम्मीदवार के निर्विरोध जीतने को लेकर सोमवार को दावा किया कि देश में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान और आरक्षण रूपी सामाजिक न्याय की व्यवस्था को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब झूठ के कारोबार का अंत नजदीक है। इस बीच, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी देने के लिए उनसे मिलने का समय मांगा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान की एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि देश में बेरोजगारी और महंगाई का पीक (उच्चतम स्तर) है और नरेन्द्र मोदी कहते हैं सब कुछ ठीक है। उनके पास मुद्दों से भटकाने की नई-नई तकनीक हैं। उन्होंने सूरत के घटनाक्रम को लेकर एक अन्य पोस्ट में कहा तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जहरीली भाषा में दुनिया भर की बातें बोलते हैं। उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए। कहा कि 1951 से हर दस साल के बाद जनगणना होती आ रही है। इससे अजा और अनुसूचित जनजाति की आबादी का वास्तविक आंकड़ा सामने आता है। इसे 2021 में कराया जाना चाहिए था लेकिन आज तक यह किया नहीं गया। इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं। कांग्रेस ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिकायत की। जिसमें उन्होंने एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

- भाजपा बाबासाहेब के संविधान और आरक्षण को खत्म करने का प्रयास कर रही

सूरत लोस सीट से भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध विजेता

नई दिल्ली : सूरत लोक सभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नमांकन रद्द होने के बाद देर शाम निर्वाचन आयोग ने भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध विजयी घोषित किया है। कांग्रेस हाई कमान ने कहा है कि सूरत में कांग्रेस के मुख्य उम्मीदवार और डमी उम्मीदवार का नामांकन पत्र खारिज होने के मामले की जांच के लिए निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाएंगे। लेकिन सूरत के निर्वाचन अधिकारी सौरभ की रिपोर्ट को आयोग ने हरी झंडी दे दी है ।

नईमा खातून एएमयू की पहली महिला कुलपति

नई दिल्ली। नईमा खातून को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की कुलपति नियुक्त किया गया है और वह 100 साल में इस पद को संभालने वाली पहली महिला होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दी है। राष्ट्रपति विवि की विजिटर भी हैं।

नौ नामजद व दर्जनों अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, चार भेजे गये जेल

कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद पर हमला

संतकबीरनगर

अमृत विचार। बीती रात कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कठार में आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद पर इसी गांव के ग्राम प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों दबंगों ने हमला बोल दिया।

हमलावरों ने कैबिनेट मंत्री के चेहरे और नाक पर प्रहार कर उन्हें घायल कर दिया। सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह उन्हें हमलावरों के चंगुल से छुड़ाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां कैबिनेट मंत्री कुछ देर के लिए बेहोश भी हो गए थे। उपचार के बाद कैबिनेट मंत्री पुलिस चौकी मगहर पहुंचे। यहां चौकी प्रभारी के न मिलने पर वे मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गए।

मंत्री के पीएसओ विनोद कुमार यादव की तहरीर पर कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने ग्राम प्रधान मोहम्मदपुर कठार राधेश्याम यादव, जय प्रकाश यादव उर्फ कवि, दुर्विजय यादव, पीएसी में कार्यरत सिपाही अभिषेक यादव, सुरेंद्र यादव, गजेन्द्र यादव, सुभाष यादव, दुर्ग विजय यादव निवासी गण ग्राम मोहम्मदपुर कठार समेत तमाम अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है।

एएसपी शशि शेखर सिंह ने बताया कि हमला करने वाले सुभाष यादव, गजेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, दुर्ग विजय यादव निवासी मोहम्मदपुर कठार को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद मे इन सभी को जेल भेज दिया गया।

- दो दर्जन हमलावरों ने मंत्री के चेहरे और नाक पर किया प्रहार, सुरक्षा कर्मियों ने बचाया
- मंत्री संजय निषाद ने सपा के लोगों पर लगाया हमले का आरोप

दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को 30 सप्ताह के गर्भ के समापन की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने रद किया बंबई हाईकोर्ट का फैसला

- कहा, यह असाधारण मामला, डॉक्टरों के दल का तत्काल गठन करने को कहा

उच्चतम न्यायालय ने करीब 30 सप्ताह की गर्भावस्था वाली 14 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता को चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति देते हुए सोमवार को कहा कि किशोरी का कल्याण सर्वोच्च महत्व रखता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं। न्यायालय ने कहा, स्थिति की तात्कालिकता और नाबालिग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, उसकी सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है...हमने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया है। सुनवाई की शुरूआत में पीठ ने कहा, हम गर्भ के चिकित्सकीय समापन की अनुमति देते हैं क्योंकि पीड़िता 14 साल की है और यह दुष्कर्म का मामला है। कोर्ट ने इसे असाधारण मामला माना।

न्यायालय ने मुंबई के सायन स्थित एलटीएमजीएच के डीन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग के गर्भपात के लिए चिकित्सकों के दल का तत्काल गठन करें। न्यायालय ने कहा, मेडिकल बोर्ड ने राय दी है कि नाबालिग की इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने से महज 14 साल की किशोरी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कोर्ट ने 19 अप्रैल को नाबालिग की चिकित्सकीय जांच का आदेश दिया था। उसने मुंबई के सायन स्थित अस्पताल से रिपोर्ट देने को कहा था कि अगर पीड़िता चिकित्सकीय रूप से गर्भपात कराती है या उसे ऐसा न करने की सलाह दी जाती है तो इसका उसकी शारीरिक व मनोवैज्ञानिक स्थिति पर क्या असर पड़ने की संभावना है। गर्भ का एमटीपी के तहत, विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए भी गर्भावस्था समाप्त करने की ऊपरी सीमा 24 सप्ताह है। इन विशेष श्रेणियों में बलात्कार पीड़िताएं और दिव्यांग एवं नाबालिग शामिल हैं।

अयोध्या व काशी का लक्ष्य पूरा, अब ब्रज की बारी

फतेहपुर सीकरी, एजेंसी

- योगी बोले- गंगाजल को तरसाने वालों को वोट के लिए तरसा दीजिए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या और काशी ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और अब ब्रज भूमि का भी नंबर आने वाला है। योगी आदित्यनाथ सोमवार को फतेहपुर सीकरी से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार राजकुमार चाहर के समर्थन में किरावली में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एक तरफ कांग्रेस, सपा-बसपा के लोग कहते थे कि क्या प्रमाण है कि राम का जन्म अयोध्या में हुआ। ये कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं थे, जैसे लगता था कि इस सृष्टि के पहले कांग्रेस, सपा-बसपा, ही पैदा हो गई थी। उन्होंने कहा कि अयोध्या व काशी में तो अपना लक्ष्य लगभग पा ही लिया है। अब ब्रज की बारी है। योगी ने मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा आपका दायित्व बनता है कि राम-कृष्ण पर प्रश्न खड़े करने वालों, गंगाजल के लिए तरसाने वालों को वोट के लिए तरसा दीजिए।

दिव्यांग बच्चों के लिए सीसीएल न देना संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन

नयी दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह सिर्फ विशेषाधिकार नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकार का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि विकलांग बच्चों की कामकाजी माताओं को चाईल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने से इनकार करना कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने हिमाचल प्रदेश की एक सरकारी कॉलेज में भूगोल विभाग की सहायक प्रोफेसर शालिनी धर्माणी की याचिका पर यह टिप्पणी की।

पीठ ने हिमाचल प्रदेश सरकार को विशेष जरूरतों वाले बच्चों का पालन-पोषण करने वाली माताओं के लिए छुट्टियों के नियमों पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा मामले के सभी पहलुओं को देखने के लिए राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति के गठन का भी निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाया और उससे जवाब मांगा। इस मामले को अगली सुनवाई अगस्त 2024 के बाद की जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि यह सिर्फ विशेषाधिकार का मामला नहीं है, बल्कि संवैधानिक अधिकार का मामला है। शीर्ष अदालत ने कहा कि महिलाओं को सीसीएल का प्रावधान एक महत्वपूर्ण संवैधानिक उद्देश्य को पूरा करता है और विकलांग बच्चों की माताओं को इससे वंचित करना कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा।

सपा ने कन्नौज से तेज प्रताप को मैदान में उतारा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने सोमवार को कन्नौज और बलिया सीट के लिए भी अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी ने कन्नौज सीट से लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव जबकि बलिया सीट पर सनातन पांडे को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा का गढ़ समझी जाने वाली कन्नौज सीट को लेकर अभी तक चर्चा थी कि यहां से सपा प्रमुख अखिलेश यादव स्वयं चुनाव लड़ेंगे। तेज प्रताप ने 2014 में मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था व सपा को जीत दिलाई थी। इस बार यहां से डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। वहीं, बलिया सीट पर सपा ने एक बार फिर सनातन पांडे पर अपना भरोसा जताया है।

सड़क पर जीवनसंगिनी का शव ... घर आकर पति ने भी जान दी

संवाददाता, हरदोई

स्कूटी से जाते समय गई महिला की जान, स्टाफ नर्स के रूप में थी सेवारत, तीन महीने पहले हुई थी शादी

अमृत विचार : लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर स्कूटी से ड्युटी करने जा रही महिला को तेज़ रफ्तार गाड़ी ने कुचल दिया। महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। महिला की मौत के बाद मौके पर पहुंचा उसका पति पत्नी का शव देखते ही सदमें में आ गया। वह घर पहुंचा व बिजली के तार के फंदे से लटककर जान दे दी।

सुरसा थाने के दाऊदपुर पचकोहरा निवासी योगेश कुमार पिहानी ब्लाक के टीकमपुरवा में शिक्षक थे। तीन महीने पहले ही कोतवाली शहर के धन्नुपुरवा की 25 वर्षीय मणिकर्णिका के साथ उनका विवाह हुआ था। मणि कर्णिका टड़ियावां सीएचसी में स्टाफ नर्स के पद पर सेवारत थीं। मणिकर्णिका रोज़ की तरह सोमवार की सुबह स्कूटी से ड्यूटी पर आ रही थीं। उसी बीच लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने पहले ठोकर मारी व कुचलते हुए निकल गई। मणकर्णिका की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत के बाद सड़क पर जाम लगा दिया गया। मणिकर्णिका की मौत की खबर सुनकर पति योगेश पचकोहरा चौराहे पर पहुंचें। सड़क पर जीवनसंगिनी का शव देख वे सदमें में आ गए। किसी से कुछ बोले बिना वह अपने घर पहुंचे। कमरे में बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर लिया।

मणिकर्णिका

योगेश

मरने से पहले हाथ पर लिखा था...सॉरी

मणि कर्णिका और योगेश के बीच चाहत की नींव कितनी मज़बूत थी, इसका पता तब हुआ जब दोनों हमेशा-हमेशा के लिए दुनिया से चले गए। पहले पत्नी की हादसे में मौत और उसके कुछ ही देर में पति का दुनिया से अलविदा कहना हर एक को अखर गया। लेकिन जब मणि कर्णिका के बाद उसके पति योगेश कुमार का शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया, तो वहां उसके हाथ की खुली मुट्ठी पर 'सॉरी...जिएंगे, साथ मरेंगे' की लिखी हुई इबारत पढ़ कर हर दिन शवों को चीरने वाले हाथ कांप उठे। सॉरी के बाद उसने जो लिखा, उससे पता चलता है कि अपनी जीवन संगिनी के न रहने से उसकी ज़िंदगी बे-मकसद हो गई थी, बस इसी लिए उसने जीने की तमन्ना को दरकिनार कर खुद से मौत को गले लगा लिया।

बेटे और बेटी की मौत से बेहाल हैं दोनों के माता-पिता

हरदोई। सड़क हादसे का शिकार हुई स्टाफ नर्स मणि कर्णिका जहां अपने घर की इकलौती थी, वहीं योगेश भी घरवालों का इकलौता था। बेटी की मौत की खबर से उसके मायके में चीख-पुकार मची हुई थी, उसके कुछ ही देर बाद जब पता चला कि मणि कर्णिका की मौत के बाद योगेश ने भी आत्महत्या कर ली, इतना सुनते ही वहां हर तरफ मातम बरपा हो गया। दाऊदपुर के पुतूलाल का इकलौता लाडला योगेश कुमार बचपन से ही पढ़ने-लिखने में अव्वल रहता था। उसने ठान रखा था कि वह पढ़-लिख कर शिक्षक बनेगा और वहीं उसने साबित भी किया।

एक नजर

स्वास्थ्य योजनाओं के लिए दिया 29 अरब का अंशदान

अमृत विचार, लखनऊ : केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को संचालित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा करीब 29 अरब 19 करोड़ का अंशदान जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार के उप सचिव वेद प्रकाश राय ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए परिवार कल्याण विभाग को स्वीकृत राजस्व व्यय भेज दिया है। प्रदेश में बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के इलाज के साथ ही जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत मिलने वाली पोषण धनराशि आदि तमाम राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाएं सरकारी अस्पतालों में संचालित होती हैं। इन योजनाओं के संचालन में केन्द्र के साथ ही अंशदान प्रदेश सरकार भी देती है।

25 हजार का इनामी गिरफ्तार, भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में सोमवार को 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया गया। मथुरा के वृंदावन थाने के वांछित अपराधी मोहित निवासी कैलाश नगर को पुलिस ने लूटे गए चांदी के आभूषणों, चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं हरदोई के अतरौली थाना पुलिस ने दबिश के दौरान नवी, श्यामा, जाबिर, बलवीर, इरफान, संजीत और राहुल को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से पांच अवैध तमंचे भी बरामद किये गये हैं। इसके अलावा मैनपुरी के थाना किशनी पुलिस ने 22 अवैध तमंचे बरामद करते हुए पूरन और अजय को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नौ कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

सपा विधायक के पिता व पत्नी भाजपा में शामिल

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

भाजपा कार्यालय में विभिन्न दलों से आए लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पश्चिम उप्र में भाजपा को लेकर राजपूतों में पसरी नाराजगी के बीच सोमवार को कई बड़े क्षत्रिय नेताओं ने पार्टी का दामन थामा। इसमें सबसे खास गोसाईगंज से सपा के बागी विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बख्श सिंह और पत्नी सरिता सिंह का भाजपा में शामिल होना रहा। याद हो, बीते दिनों ही सपा विधायक अभय सिंह ने पार्टी लाइन से अलग जाकर राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया था।

कई पूर्व सांसद और पूर्व विधायक के अलावा अन्य दलों के कई नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ली है। सभी को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पार्टी की सदस्यता दिलवायी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित और प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे भी मौजूद रहे।

तमाम जिलों के अलग-अलग संगठनों से बने सदस्य

वहीं, सपा से जिला सचिव रमाकांत यादव (अयोध्या), सपा से भूमि विकास बैंक के पूर्व चेयरमेन संजय सिंह राजू (अयोध्या), सपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मराज कोरी (अयोध्या), बसपा से पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजमणि वर्मा (सुल्तानपुर), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तथा पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन सरोज कुमार शुक्ला (लखनऊ), अधिवक्ता सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष सर्वेश चन्द्र कुलश्रेष्ठ (आगरा) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

कई दलों के पदाधिकारी भी शामिल

इसके अलावा सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी (गोण्डा), नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्नी देवी (बहराइच), ब्लॉक प्रमुख प्रेम चन्देल (उन्नाव), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष बेलदार (संतकबीरनगर), बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी तथा सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कुंवर चन्द्र वकील (आगरा), सर्व विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल राठौर (फिरोजाबाद), आम आदमी पार्टी से प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता (जौनपुर), अखिल विश्व भोजपुरी समाज विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कुमार पाण्डेय (वाराणसी), सपा से युवजन सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश कुमार यादव (देवरिया), बसपा से पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी शरद श्रीवास्तव (फर्रूखाबाद), सपा से जिला पंचायत सदस्य राजमणि यादव (अयोध्या), सपा से पूर्व जिला पंचायत सदस्य शम्भूनाथ सिंह (अयोध्या) ने भी भाजपा की सदस्यता ली है।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के पौत्र ने भी ली सदस्यता

सोमवार को भाजपा की सदस्यता लेने वाले सभी नेताओं में पूर्व मंत्री चौधरी सरदार सिंह (मथुरा), कांग्रेस के नेता व आजमगढ़ से पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी (वाराणसी), सपा से पूर्व विधायक पहलवान सिंह (गोरखपुर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व पूर्व विधायक कुं. कुशलपाल सिंह (मथुरा), बार एसोसिएशन एटा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, बसपा से लखनऊ जोन को-आर्डिनेटर, पूर्व जिला अध्यक्ष तथा बसपा के वरिष्ठ नेता रामजी गौतम के छोटे भाई प्रमोद चौधरी (लखीमपुर), बसपा के मंडल कोर्डिनेटर व पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष रहे करूणाकर पाण्डेय (अयोध्या), नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा (उन्नाव) शामिल रहे।

सुनियोजित तरीके से सपा के गुंडों ने किया हमला : डॉ. संजय निषाद

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार : हमले के बाद सोमवार की दोपहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने घटना के पीछे समाजवादी पार्टी का हाथ होने का आरोप लगाया।

डॉ निषाद ने बताया कि रविवार की रात वे मगहर के पास स्थित ग्राम मोहम्मदपुर कठार निवासी एक कार्यकर्ता के घर लड़की की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। लोगों के अनुरोध पर जयमाल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए थोड़ी देर बैठकर प्रतीक्षा करने लगे। इसी दौरान सुनियोजित तरीके से सपा से जुड़े ग्राम प्रधान राधेश्याम यादव अपने दो दर्जन साथियों के साथ पहुंचे और सांसद प्रवीण निषाद की कार्यशैली को लेकर नाराजगी व्यक्त करने लगे। मैंने उन्हें रोकते हुए कहा कि एक-दो दिनों में सांसद आप के बीच जरूर आएंगे। उनकी शिकायत उन्हीं से करना। इसी बात को लेकर उक्त लोग बेहद उग्र हो गए और समाजवादी पार्टी का नारा लगाते हुए मेरे ऊपर हमला बोल दिया।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी बनती जा रही है। अपनी अराजकता के चलते ही अखिलेश यादव और उनकी पार्टी का वजूद समाप्त होने की कगार पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार अराजकता का समूल नाश करने में जुटी है। अराजकता और गुंडागर्दी किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगी।

समर्थकों के साथ धरना देते कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद।

वायरल वीडियो में दोनों पक्षों में दिख रही हाथापाई

घटना के बाद वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि कैबिनेट मंत्री शादी समारोह में पहुंचे। यहां वर-वधू के जयमाल चल रहा था। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों और कैबिनेट मंत्री के बीच कहासुनी के बाद दोनों पक्ष खड़े होकर एक-दूसरे की तरफ तेजी से आगे बढ़े और एक दूसरे पर हाथापाई करने लगे। कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद किसी के ऊपर थप्पड़ बरसाते नजर आ रहे हैं। इसी बीच एक युवक तेजी से आता है और कैबिनेट मंत्री के चेहरे पर प्रहार कर देता है। कैबिनेट मंत्री की आंख पर लगा चश्मा टूटकर गिर जाता है और उनकी नाक से खून निकलने लगता है।

हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, होगी कड़ी कार्रवाई : एएसपी

पूरे मामले को लेकर बातचीत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने कहा कि कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के ऊपर हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मंत्री के पीएसओ की तहरीर पर कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।

तीसरे चरण में 100 प्रत्याशी मैदान में

- बरेली की पूर्व महापौर निर्दलीय प्रत्याशी सुप्रिया ऐरन समेत चार ने नामांकन लिया वापस
- 10 सीटों के लिए सात मई को होगा मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बरेली की पूर्व महापौर निर्दलीय प्रत्याशी सुप्रिया ऐरन समेत चार ने नामांकन वापस ले लिया। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र संभल में एक, फतेहपुर सीकरी में एक, बदायूं में एक व बरेली में एक प्रत्याशी ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। उन्होंने बताया कि सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 13 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये थे। इसमें एक प्रत्याशी तूबा ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

हाथरस (अजा) क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। आगरा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। फतेहपुर सीकरी निर्वाचन क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये थे, जिसमें एक प्रत्याशी राकेश कुमार ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

फिरोजाबाद क्षेत्र के लिए सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एटा क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बदायूं क्षेत्र के लिए 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इसमें एक प्रत्याशी किशोर कुमार पाल ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। आंवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बरेली क्षेत्र के लिए 14 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इसमें एक निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

मेरठ व अलीगढ़ में मायावती आज करेंगी चुनावी सभाएं

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा सुप्रीमो मायावती 23 अप्रैल मंगलवार को मेरठ व अलीगढ़ में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगी। पहली सभा मेरठ में अल्लीपुर में होगी और दूसरी अलीगढ़ में महेश्वर इंटर कॉलेज में होगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल ने सोमवार को बताया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार जारी है। विभिन्न सीटों पर प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख की चुनावी सभाएं पूर्व निर्धारित हैं। उक्त क्रम में ही मेरठ में प्रत्याशी देववृत्त त्यागी व अलीगढ़ में हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय के समर्थन में सभाएं प्रस्तावित हैं।

सपा से संगीता राजवंशी समेत 24 ने किया नामांकन

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की 13 सीटों के लिए 25 तक दाखिल होंगे नामांकन

- ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए दो प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में चौथे चरण की 13 सीटों के लिए 24 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मिश्रिख लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से संगीता राजवंशी समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। अब तक 45 प्रत्याशी नामांकन पत्र भर चुके हैं। इसके साथ ही, ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन के लिए दो प्रत्याशियों ने समाजवादी पार्टी से अवधेश कुमार वर्मा व राष्ट्रीय महान गणतंत्र पार्टी से रामपाल ने नामांकन पत्र भरा। नामांकन किया। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों में शाहजहांपुर में तीन, खीरी में दो, धौरहरा में एक, सीतापुर में एक, मिश्रिख में तीन, उन्नाव में चार, कन्नौज में दो, कानपुर में तीन, अकबरपुर में तीन व बहराइच में दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शाहजहांपुर (अजा) लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से राजेश, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया से सुरेश कुमार, राष्ट्रीय सनातन पार्टी से किरण ने नामांकन पत्र भरा। खीरी सीट के लिए दो प्रत्याशियों ने समाजवादी पार्टी से उत्कर्ष वर्मा व बहुजन समाज पार्टी से अंशय कालरा ने नामांकन किया। धौरहरा सीट के लिए लोकजन संघर्ष पार्टी से सुदेश कुमार ने नामांकन पत्र भरा। सीतापुर लोकसभा सीट के लिए प्रजा शक्ति पार्टी समदर्शी से राम कुमार मिश्रा ने नामांकन पत्र भरा।

मिश्रिख लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से संगीता राजवंशी, नारी नर रक्षक पार्टी से वंदना वर्मा व निर्दलीय प्रत्याशी में अवधेश ने नामांकन पत्र भरा।

उन्नाव सीट के लिए ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक से अभि छेदी लाल यादव, जन राष्ट्रवादी संगठन से महेन्द्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में मुन्नी लाल व शिव प्रकाश सिंह ने नामांकन पत्र भरा।

कन्नौज सीट पर बसपा से इमरान जफर बने प्रत्याशी

कन्नौज सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से इमरान बिन जफर व गरीब आदमी पार्टी से श्रीकृष्ण ने नामांकन पत्र भरा। कानपुर सीट के लिए प्राउटिस्ट ब्लॉक इंडिया से संजय सिंह, निर्दलीय प्रत्याशियों में अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार ने नामांकन पत्र भरा। अकबरपुर सीट के लिए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से चन्द्रेश सिंह, भारत रक्षक पार्टी (इंटीग्रेटेड) से प्रदीप, निर्दलीय प्रत्याशी में प्रेमशीला ने नामांकन पत्र भरा। बहराइच सीट के लिए भारतीय आवाम पार्टी (राष्ट्रीय) से अरविन्द कुमार व समाजवादी पार्टी से रमेश चन्द्र ने नामांकन पत्र भरा।

नामांकन कक्ष बनाए, सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

जिला निर्वाचन अधिकारी और संयुक्त पुलिस आयुक्त ने नामांकन प्रक्रिया को लेकर कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दोनों लोकसभा सीटों और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट में तीन कक्ष बनाए गए हैं। सीसीटीवी से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार और संयुक्त पुलिस आयुक्त उपेंद्र अग्रवाल ने 26 अप्रैल से शुरू होने वाली नामांकन प्रक्रिया को लेकर कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि कमरा नंबर-19 जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में लखनऊ लोकसभा, कमरा नंबर-2 एडीएम ट्रांसगोमती न्यायालय कक्ष में मोहनलालगंज लोकसभा और कमरा नंबर-21 सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय के कक्ष में पूर्वी विधानसभा उप निर्वाचन का नामांकन होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि कक्ष के अंदर और बाहर कुर्सियों की संख्या को बढ़ाया जाए। साथ ही दो प्रतीक्षा रूम भी बनाए जाएं ताकि नामांकन कराने आए अभ्यर्थियों और उनके प्रस्तावकों को बैठाया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया। कर्मियों ने बताया कि परिसर की निगरानी कुल 34 कैमरों के माध्यम से की जाती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कैमरों की लाइव फुटेज देखी। सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड कमरा नंबर 18 में नामांकन के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी 34 कैमरों और उनके डीवीआर को चेक किया जाए। किसी में कोई समस्या हो तो उसे तत्काल दूर करें।

उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह, एडीएम नगर पूर्वी अमित कुमार, एडीएम ट्रांस गोमती राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

ये है चुनावी कार्यक्रम

- निर्वाचन की अधिसूचना 26 अप्रैल
- नामांकन का अंतिम दिन 3 मई
- नामांकन पत्रों की जांच 4 मई
- नाम वापसी का अंतिम दिन 6 मई
- मतदान 20 मई
- मतगणना 4 जून

स्वास्थ्य भवन चौराहे से की जाएगी बैरीकेडिंग

अमृत विचार, लखनऊ : जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कलेक्ट्रेट के बाहरी हिस्से और सड़क पर लगने वाली बैरीकेडिंग को लेकर भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य भवन चौराहा पर पुराने हाईकोर्ट के गेट नंबर 6 के सामने और चकबस्त चौराहे पर बैरीकेडिंग की जाएगी। बैरियर से नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों के साथ निर्धारित प्रस्तावकों के अतिरिक्त कोई अन्य नहीं आएगा। इस बैरियर से प्रत्याशी एवं प्रस्तावक कलेक्ट्रेट की तरफ मुड़ेंगे। जबकि चकबस्त चौराहा के समीप बैरियर से कलेक्ट्रेट एवं राजस्व परिषद के कर्मियों को जानकारी के बाद प्रवेश दिया जाएगा।

कलेक्ट्रेट लखनऊ में 26 अप्रैल से होने वाले नामांकन को लेकर की गई तैयारी का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार व संयुक्त पुलिस आयुक्त उपेंद्र अग्रवाल। अमृत विचार

एटीएस की मदद से पंजाब पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र एटीएस के सहयोग से पंजाब पुलिस ने पंजाब में पुलिसकर्मी की हत्या सहित कई मामलों में शामिल आरोपी को सरदारी खेड़ा, आलमबाग से गिरफ्तार किया है।

आरोपी अमनदीप सिंह पंजाब से फरार होकर लखनऊ में छिपकर रह रहा था। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पंजाब पुलिस ने यूपी एटीएस से मदद मांगी। इसपर एटीएस की टीम ग्राउंड और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से आरोपी तक पहुंची। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर पंजाब ले गई, जहां न्यायालय में आरोपी को पेश कर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस आरोपी के यूपी कनेक्शन और कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े हुए विषय पर भी जांच कर रही है। अमनदीप सिंह 36 वर्ष का है। आरोपी मूलरूप से बाबनपुर, थाना सदरधुरी, जिला संगरूर, पंजाब का रहने वाला है।

लखनऊ को विश्वस्तरीय शहर बनाने पर हो रहा काम

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत भाजपा नेताओं ने राजनाथ के समर्थन में कीं नुक्कड़ सभाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: दिल्ली-मुंबई की तर्ज पर लखनऊ में दर्जनों फ्लाईओवर बनकर तैयार हो गए हैं। कई फ्लाईओवर प्रस्तावित हैं। लखनऊ को विश्व स्तरीय शहर बनाने की दिशा में काम हो रहा है।

उक्त बात उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कैंट विधानसभा में भोला खेड़ा और गीतापल्ली वार्ड में नुक्कड़ सभा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों का लखनऊ आज मूर्त रूप ले रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह इसको मूर्त रूप देने में जुटे हैं। उन्होंने 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कर राजनाथ सिंह को ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील की। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी मौजूद रहे। दूसरी ओर लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने मशकगंज के मल्लाही टोला अंबेडकर पार्क में, विधायक डॉ. नीरज बोरा ने द्वारिकापुरी कॉलोनी फैजुल्लागंज और अलीगंज सेक्टर क्यू में, मनीष शुक्ला ने लालकुआं भेड़ी मंडी चौराहा पर नुक्कड़ सभाएं कीं।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

पंचायत प्रतिनिधियों की मृत्यु पर नहीं मिली मदद

अमृत विचार, लखनऊ : जिलों पर पंचायत कल्याण कोष के आवेदन लंबित हैं। जो निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों की मृत्यु होने पर आश्रितों को आर्थिक सहायता दी जानी है। करीब दो वर्ष पहले यह नियम लागू हुआ था। इस दौरान जिलों से त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की मृत्यु पर आवेदन किए गए जो भुगतान के लिए राज्य स्तर पर नहीं भेजे गए हैं। इस पर पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने नाराजगी जताते हुए सभी मंडल के उपनिदेशक व जिला पंचायत राज अधिकारी को लंबित आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

दिग्विजय सिंह के दामाद के निधन पर शोक

अमृत विचार, लखनऊ : मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बड़े दामाद राजा रत्नाकर सिंह के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने उनके परिवारजनों के लिए दुख सहन करने की शक्ति के लिए कामना की है। मालूम हो कि बाराबंकी की रामनगर (धमेड़ी) स्टेट के राजा व समाजसेवी कुंवर रत्नाकर सिंह सोमवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।

ऑनलाइन सिखाया जाएगा पुष्टाहार बनाना

लखनऊ समेत कई जिलों में टीएचआर प्लांट को मिले टैब

- महिलाएं ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से की जाएंगी प्रशिक्षित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉकों पर संचालित टेक होम राशन यानी टीएचआर प्लांट की महिलाएं ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से प्रशिक्षित की जाएंगी। इसके लिए वर्ल्ड फूड प्रोग्राम एक-एक टैब देगा। जिस पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग व तकनीकी सपोर्ट करने वाली संस्थाएं समय-समय पर वर्चुअल बैठक और प्रशिक्षण देंगी।

पुष्टाहार में कब क्या बदलाव, वजन व उम्र के हिसाब से उचित पुष्टाहार तैयार करना, मिनरल व विटामिन की मात्रा आदि तौर-तरीके ऑनलाइन सिखाये जाएंगे। टैब से आर्डर लेना, आंगनबाड़ी केंद्रों पर आपूर्ति करना और ऑनलाइन हाजिरी लगाना, भुगतान के बिल सीधे जिला मुख्यालय को भेजना समेत सभी कार्य होंगे। इन कार्यों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। लखनऊ समेत कुछ जिलों में टैब वितरित हो चुके हैं। अब 12 मॉड्यूल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

दरअसल, केंद्रों पर पुष्टाहार खरीद और वितरण में पारदर्शित लाने के लिए ठेकेदारी व्यवस्था बंद कर करीब तीन साल पहले राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफ से प्लांट संचालित किए गए थे। शुरू में दरिया, दाल, घी, दूध आदि वितरित किया गया। वर्तमान में हलवा, खिचड़ी व बर्फी का पाउडर बनने लगा।

इन जिलों में प्लांट

लखनऊ, बदायूं, बागपत, सहारनपुर, उन्नाव, वाराणसी, अमेठी, औरैया, संतकबीरनगर, शामली, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फतेहपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कन्नौज, लखीमपुर, ललितपुर, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, आजमगढ़।

प्लांट की संख्या कम संस्था करती है आपूर्ति

प्रदेश के 43 जिलों के 204 ब्लॉक में टीएचआर प्लांट संचालित है। जबकि शुरुआत में 450 प्लांट शुरू करने का लक्ष्य था। वैसे दो ब्लॉकों पर एक प्लांट बनाने की योजना है। लेकिन, पूरी तरह से यह व्यवस्था पटरी पर नहीं आई है। प्लांट की संख्या कम होने से भार ज्यादा है। इसलिए कभी कभी पूर्ति नहीं हो पाती है और संस्थाओं के माध्यम से खरीद कर आपूर्ति की जाती है। भुगतान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार करता है।

बैठक में पोर्टल दोबारा खोलने पर नहीं हो सका निर्णय

अमृत विचार, लखनऊ : छात्रवृत्ति से वंचित रहे गए प्रदेश के 77,352 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा या नहीं इस पर फैसला नहीं हो सका है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक बेनतीजा रही है। इस संबंध में दोबारा बैठक होगी।

बता दें कि साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई गलितयों का खामियाजा 77,352 छात्रों को भुगतना पड़ा। वंचित रह गए छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकारियों से मिलकर फार्म में हुई गड़बड़ी के बारे में बताया। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि शुक्रवार को हुई बैठक में निर्णय नहीं हो सका है। जल्द ही इस मामले में दोबारा बैठक होगी।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

शहर में आज

- गुडम्बा के गौरबाग में श्री साईं स्थापना एवं दिव्योत्सव पर साईं पालकी का आयोजन – 9 :00 बजे।
- साईं स्थापना व दिव्योत्सव पर साईं पालकी यात्रा साईं हास्पिटल, गौराबाग, कुर्सी रोड से सुबह 9 .00 बजे।
- निराला नगर में भारतीय शिक्षा शोध संस्थान की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उच्च शिक्षा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी – 10 :00 बजे।
- सत्य सनातन नारी शक्ति की ओर से हनुमान जयन्ती पर सामूहिक सुंदरकांड का पाठ और भंडारा टीकाराम हनुमान मंदिर निशातगंज में दोपहर 2 .30 बजे।
- सनातन महासभा की ओर से गोमती महाआरती व हनुमान जयंती का आयोजन गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में शाम 6 :30 बजे।

एक नजर

प्रीपेड मीटरों के रीचार्ज में दिक्कतों पर लगाई फटकार

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने सोमवार को बीकेटी के जीएसआई और जीवीआरए उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रीपेड मीटरों के रिचार्ज कराने में समस्या का पता चला तो उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने को कहा। उन्होंने निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए मेंटीनेंस कार्य को तेजी से कराने के लिए निर्देश दिए। साथ ही बकायेदारों से वसूली तेज करने के लिए भी कहा। इसके अलावा कर्मचारियों को तय समय सीमा के ही शटडाउन देने के निर्देश दिए।

मौसम : लखनऊ और आसपास तेजी से चढ़ा पारा, न्यूनतम तापमान बढ़ने से रात में भी बढ़ी गर्मी

अब धूप दिखाने लगी तेवर, जल्द परेशान करेगी लू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एक दिन पहले बादल छाए रहने से आई मामूली गिरावट के बाद सोमवार को धूप ने अपने तेवर दिखाए। गर्म हवाएं चलीं और मौसम शुष्क हुआ। आने वाले दिनों में अब लू लोगों को परेशान करेगा। मौसम अनुसंधान विभाग ने आने वाले दिनों में लू (ताप लहर) का अलर्ट जारी किया है।

लखनऊ और आसपास के जनपदों में बीते कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोत्तरी महसूस हुई। गर्म हवाएं भी चल रही हैं। ऐसे में रोजमर्रा के कार्यों के लिए घर से बाहर निकलने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बच्चे और बुजुर्ग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, सोमवार को 20 से 30 किमी प्रति घण्टा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं। आने वाले दिनों में तापमान और अधिक बढ़ने के चलते गर्म हवाओं की रफ्तार बढ़ेगी। लू भी चल सकती है। उन्होंने मंगलवार को पश्चिमी क्षेत्रों में गरज और चमक के साथ बारिश की संभावना भी जताई। कहीं - कहीं आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। इसका असर मध्य क्षेत्र (लखनऊ और आसपास) में भी देखने को मिल सकता है।

चिलचिलाती धूप में छाता लगाकर जातीं युवतियां। अमृत विचार

न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी

लखनऊ और आसपास के इलाकों में न्यूनतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। रात का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के करीब रिकार्ड किया गया। जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक रहा। ऐसे में रात खासी गर्म रही।

सिर ढक कर घर से निकलें

वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, जरूरी होने पर ही घर से निकलें, खासकर बुजुर्ग और बच्चों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों को ढककर निकलना चाहिए। तेज धूप के असर से कमजोरी अथवा हीट स्ट्रोक भी हो सकता है। तरल पदार्थ का सेवन लाभकारी रहेगा।

सिविल डिफेंस के पदाधिकारी को जानकारी देते हुए सीएमओ व अन्य अधिकारी।

हीट वेव से बचाव के लिए सिविल डिफेंस करेगा जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : हीट वेव (लू) से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग सिविल डिफेंस की मदद लेगा। इसको लेकर सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में सीएमओ डॉ .मनोज अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। सीएमओ ने बताया सिविल डिफेंस के लोग अपने-अपने वार्ड में लोगों को हीट वेव के लक्षणों और बचाव के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर इंसानों और जानवरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की भी जिम्मेदारी दी गई है।

सफाईकर्मियों का सौ करोड़ का ईपीएफ हजम कर गयीं कार्यदायी संस्थाएं

12,000 कर्मचारियों के वेतन से की कटौती, लेकिन 10 वर्षों से जमा नहीं किया अंशदान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम में आउटसोर्सिंग पर तैनात 12 हजार कर्मचारियों के ईपीएफ और ईएसआई के सौ करोड़ रुपये कार्यदायी संस्थाएं हजम कर गयीं। उन्होंने दस साल से कर्मचारियों के वेतन से कटौती करने के बाद ईपीएफ और ईएसआई का पैसा जमा नहीं किया।

नगर स्वास्थ्य विभाग में सफाईकर्मचारी, आरआर विभाग के ड्राइवर और लाइटिंग विभाग के 12,000 कर्मचारी संविदा पर तैनात हैं। दस साल बाद जब ईपीएफ और ईएसआई का पैसा मांगने पर कार्यदायी संस्थाओं ने कई कर्मचारियों को हटा दिया। नगर निगम के अधिकारियों ने ऐसी संस्थाओं के विरुद्ध न तो एफआईआर दर्ज कराई और न ही ब्लैकलिस्ट किया। अब कह रहे कि पुराना मामला है कुछ नहीं हो सकता।

कार्यदायी संस्थाएं कर्मचारियों को ईपीएफ-ईएसआई जमा कर रही हैं। 2018 से 2022 तक कार्यदायी संस्थाओं ने पैसा जमा नहीं किया। इनमें से कुछ संस्थाओं ने काम बंद कर दिया है। अब इनसे वसूली हो पाना मुश्किल है।

-नंदराम कुरील, मुख्य वित्त लेखा अधिकारी, लखनऊ नगर निगम

कर्मचारियों से लिखवा रहे हिसाब नहीं बचा

कर्मचारियों को ईपीएफ-ईएसआई का पैसा न देना पड़े इसके लिए कार्यदायी संस्थाएं नया हथकंडा अपना रही हैं। ठेकेदार कुछ कर्मचारियों को बुलाकर थोड़ा पैसा देकर उनसे शपथ पत्र पर लिखवा रहे हैं कि उनका कोई हिसाब नहीं बचा।

पीएसबी से किया करार लेकिन नहीं खुला किसी का खाता

ईपीएफ और ईएसआई जमा न होने से परिवार को कोई लाभ नहीं मिल पाता है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को 40 लाख रुपये का बीमा देने के लिए पंजाब एंड सिंध बैंक के साथ करार किया गया लेकिन कर्मियों के आज तक बैंक खाते नहीं खुल सके।

ट्रैफिक कर्मियों तो राहत देगा एसी हेलमेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: चटख धूप में यातायात व्यवस्था संभाल रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को अब ऐसा हेलमेट दिया जाएगा जिसमें एसी लगा है। बैटरी से चलने वाले इस एसी वाले हेलमेट का सोमवार को हजरतगंज चौराहे पर ट्रायल किया गया। एडीसीपी ट्रैफिक अजय सिंह ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को हेलमेट पहनाया और उनसे फीडबैक लिया। ट्रायल सफल रहा तो जल्द ही सभी ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के सिर पर यह हेलमेट दिखाई देगा।

12 हजार रुपये का एक हेलमेट : इस हेलमेट को हैदराबाद की कंपनी ने बनाया है और इसका प्रयोग कानपुर में ट्रैफिक कर्मियों पर किया गया था। कानपुर की तरह यहां पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को वातानुकूलित हेलमेट दिए गए। यह हेलमेट बैटरी व चिप से संचालित होते हैं। इसका बैटरी बैकअप करीब 6 घंटे तक है। यह वजन में हल्के और डिजाइन में आरामदायक है। एक हेलमेट की कीमत तकरीबन 12 हजार रुपए है।

हज़रतगंज चौराहे पर सोमवार को यातायात पुलिसकर्मी को एसी हेलमेट पहनाते एडीसीपी ट्रैफिक अजय सिंह। अमृत विचार

▸▸ हजरतगंज चौराहे पर किया गया ट्रायल, फीडबैक जुटाया

बढ़ती गर्मी के साथ शहर का तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कड़ी धूप में चौराहों पर खड़े होकर ड्यूटी करना आसान नहीं है। इसके मद्देनजर पुलिस यातायात विभाग ने एसी हेलमेट को पुलिसकर्मियों को देना का खाका तैयार किया है।

-अजय सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक

आउटर पर रोकी जाएंगी कैसरबाग आने वाली बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कैसरबाग बस अड्डे और उसके आस-पास के इलाके में अब जाम नहीं लग पाएगा। यहां से गुजरने वाले लोगों को खासी राहत मिलेगी।

कैसरबाग क्षेत्र में रोडवेज बसों का जाम न लग सके, इसके लिए कैसरबाग तक आने वाली कई बसों को आउटर पर रोके जाने की तैयारी की गई है। गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, अयोध्या और सीतापुर रूट की बसें शामिल हैं। सिर्फ उन्हीं बसों को कैसरबाग बस अड्डे तक जाने की छूट होगी, जिनमें यात्री फुल होंगे। 15 से 20 से कम यात्री वाली बसों को आउटर पर रोका जाएगा। कैसरबाग डिपो के एआरएम अरविंद कुमार के अनुसार अयोध्या और बाराबंकी रूट की बसों को अवध बस स्टेशन पर रोका जा रहा है। डालीगंज के रास्ते सीतापुर से आने वाली बसों को भी डायवर्ट किया जा रहा है। इससे जाम की स्थिति कम हुई है। साथ ही कैसरबाग बस स्टेशन आने वाली बसों के फेरे भी कम किए गए हैं।

हनुमान जयंती पर बदला रहेगा मार्ग

अमृत विचार, लखनऊ। हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को क्लार्क अवध तिराहे से हनुमंतधाम मन्दिर की तरफ वाहनों को नहीं जाने दिया जाएगा। उन्हें परिवर्तन चौराहा होकर भेजा जाएगा। इसके अलावा हनुमंतधाम से क्लार्क अवध की तरफ भारी वाहन, सिटी बसें केडी सिंह बाबू स्टेडियम होते हुए जा सकेंगी। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कि इस दौरान ट्रैफिक से संबंधित समस्या आने पर कंट्रोल रूम के नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

चेकिंग में तीन डग्गामार बसें सीज की गईं

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन निगम ने आरटीओ कार्यालय के अधिकारियों के साथ सोमवार को डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान तीन डग्गामार बसें सीज कर दी गईं।

चारबाग डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत दीक्षित, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जगदीश प्रसाद, पीटीओ मनोज कुमार, रुपेश कुमार, इंचार्ज लाइका खातून, मोहम्मद अजीम, मदन लाल, विवेक मिश्रा डग्गामार वाहनों को चेक करने के लिए निकले थे। इस दौरान तीन डग्गामार मिनी बसों को पकड़ कर सीज किया। इन बसों के नंबर यूपी 81बीटी 3963, यूपी 41 एटी 8384 और यूपी 41 एटी 2046 हैं। इन वाहन चालकों को चारबाग के पास अवैध ढंग से यात्री ढोने के आरोप में पकड़ा गया। प्रशांत दीक्षित ने बताया कि पिछले चार अभियानों के दौरान सीज किए गए वाहनों से 1,78,619 रुपये पेनाल्टी जमा कराई जा चुकी है।

पहले प्रशंसा पत्र, बाद में दी प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अपर निदेशक पशु पालन पर उत्पीड़न का आरोप

▸▸ पहले कर्मचारी अब डिप्टी सीवीओ बीकेटी रडार पर

अमृत विचार : पशु पालन विभाग के एक अपर निदेशक से चिकित्सक व कर्मचारी परेशान हैं। आरोप है कि पहले पशु चिकित्सालय बीकेटी के कर्मचारी राजेंद्र को नियम विरुद्ध कार्यालय संबद्ध किया और घर पर चौका-बर्तन कराया। राजेंद्र का सहयोग करने पर संबंधित डिप्टी सीवीओ डॉ. एस के राय को लापरवाह और एक वर्ष के कार्यों की खराब प्रगति दर्शाकर मध्यकालीन विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी, जबकि यह अधिकार शासन को है।

अपर निदेशक को इसके लिखित जवाब में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) डॉ. सुरेश वर्मा ने डॉ. एसके राय के टीकाकरण, गोशाला संबंधित सभी योजना के कार्य 100 फीसद पूर्ण बताए। खास बात यह है कि आरोपित अपर निदेशक ने डॉ. एसके राय को वर्ष 2023-24 में वृहद पशु आरोग्य मेला, विभागीय कार्य व योजनाओं के उत्कृष्ट योगदान में प्रशस्ति पत्र दिया था। पिछले सप्ताह अपर निदेशक कानपुर मंडल ने डॉ. एसके राय के साथ बीकेटी की गोशालाओं का निरीक्षण किया था। आरोपित अपर निदेशक ने निरीक्षण के फोटो देखकर डॉ. एसके राय को जींस-हाफ शर्ट पहना बताकर स्पष्टीकरण मांग लिया था, जबकि अपर निदेशक कानपुर को मौके पर कोई कमी नहीं मिली। निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि प्रतिकूल प्रविष्टि शासन जारी करता है और ड्रेस कोड का ऐसा नियम नहीं है।

चुनाव बाद चलाया जाएगा अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के बाद नगर निगम अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलायेगा। नो वेंडिंग जोन में दुकानें लगा रहे लोगों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जाएगा।

नगर निगम में लगभग 11,000 पंजीकृत वेंडर हैं। इसके अलावा 12,000 और वेंडर्स की सूची भी तैयार की गई है। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद इन्हें वेंडिंग जोन में जगह आवंटित की जानी है। लेकिन, नगर निगम अभी तक नये वेंडिंग जोन के लिए स्थान तय नहीं कर पाया है। बीते दिनों महापौर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों को सभी आठ जोन में नये वेंडिंग जोन बनाने के लिए स्थान का चयन करने के निर्देश दिये थे। ठेले और पटरी दुकानदारों द्वारा इधर-उधर दुकानें लगाये जाने से शहर में जाम की समस्या का लोगों को सामना करना पड़ रहा है।

अधूरे मिले ओडीएफ प्लस के कार्य, दो सचिवों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जिला पंचायत राज अधिकारी ने सरोजनी नगर की ग्राम पंचायत बेंती व भटगांव का किया निरीक्षण

अमृत विचार : सरोजनी नगर के गांवों में ओडीएफ प्लस के कार्य या तो शुरू नहीं हुए और अगर शुरू भी हुए तो पूरे नहीं किए गए। निरीक्षण में इसका खुलासा होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने दो सचिवों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने 10 अप्रैल को सरोजनी नगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बेंती व भटगांव का निरीक्षण कर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का जायजा लिया। यहां कार्य नहीं कराए गए। 28.33 लाख रुपये के बजट का एक भी रुपया खर्च नहीं किया गया। वहीं आरआरसी सेंटर जर्जर, वर्मी कंपोस्ट मानक विरुद्ध व नाडेफ में कमियां मिली।

इसी तरह ऐन ग्राम पंचायत में तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में कार्य अधूरे मिले। यहां 30 लाख में 29 लाख रुपये खर्च हुए। आरआरसी सेंटर निष्प्रयोज्य व वर्मी कंपोस्ट अधूरा मिला। यहां अंत्येष्टि स्थल का कार्य शुरू नहीं हुआ। जिला पंचायत राज अधिकारी ने इन दोनों गांवों में ओडीएफ प्लस के कार्यों के लिए जिम्मेदार सचिवों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

उन्होंने ओडीएफ प्लस योजना के तहत चुने गए गांव में निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य में लापरवाही पर सचिवों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

दो लाख की आबादी आज झेलेगी बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर के कई क्षेत्रों में मंगलवार को बिजली गुल रहेगी। इससे करीब दो लाख की आबादी प्रभावित रहेगी।

तेलीबाग से सटे वृंदावन कालोनी के कई इलाकों में एबीसी लाइनें लगाई जाएंगी। प्रियम क्रासिंग प्लाजा फीडर के 400 केवीए और रतनखंड ट्रांसफार्मर से पोषित इलाको में एलटी सर्किटो को भी बदला जायेगा। इसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।वहीं पुरनिया एचआईजी फीडर के अंतर्गत आने वाले ट्रांसफार्मरों पर कार्य किया जायेगा। इससे पुरनिया गांव के आसपास के इलाको में सुबह 10 से शाम बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

इसके साथ ही अहिबरनपुर डालीगंज के पक्का पुल फीडर के मशालची टोला ट्रांसफार्मर पर कार्य होने के चलते उसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी। वही इंजीनियरिंग कालेज जानकीपुरम मे एबीसी केबल और खंभों को बदलने का कार्य किया जायेगा। इसके चलते सेक्टर एच के पास, निकट लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर एफ, शिव विहार के साथ सेक्टर आई जानकीपुरम में निगम तिराहे से प्रभात चौराहे के आसपास के इलाकों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी।

जानकीपुरम विस्तार में पांच घंटे गुल रही बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच जानकीपुरम विस्तार के सरस्वतीपुरम इलाके में सोमवार को पांच घंटे बिजली गुल रही। सरस्वतीपुरम में करीब 9 :30 बजें सप्लाई बाधित हो गई। इसके चलते दस हजार आबादी वाले इस क्षेत्र के उपभोक्ता खासा परेशान रहे। इस दौरान लोग पानी की समस्या को दूर करने के लिए दूर-दराज के इलाकों से पानी लाने को मजबूर रहे। बिजली सप्लाई के सामान्य होने का इंतजार कर रहे उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र के कई चक्कर लगाने के साथ अधिकारियों को भी फोन मिलाया। इसके बावजूद सप्लाई को पांच घंटे बाद ही सामान्य किया जा सका। वहीं एसडीओ रामलखन ने बताया कि अगर क्षेत्र में कहीं फॉल्ट के कारण सप्लाई बाधित होती है तो उसे तत्काल ठीक कराकर सप्लाई सामान्य करा दिया जाता है।

कीमतों की रफ्तार में भागती अरहर, बिगड़ता रसोई का बजट

सभी दालों की कीमतें तेज, हरी उड़द, काली उड़द, छोला का दाम भी नरम नहीं, थाली से प्रोटीन होने लगा कम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : फसल कम है और खपत अधिक। नतीजा दलहन के भाव में रफ्तार बनी हुई है। विदेशों से मंगायी गई दाल भी फिलहाल राहत देती नजर नहीं आ रही है। थोक में जहां अव्वल अरहर दाल15,800 रुपये प्रति क्विंटल से आगे निकल रही है। वहीं फुटकर में दाल की कीमत 165 से 168 रुपये प्रति किलो बिक रही है।

यही हाल उड़द का है। कम इस्तेमाल के बाद भी हरी उड़द दाल 13,500 और काली उड़द दाल 10,400 रुपये प्रति क्विंटल थोक मंडी में है। करीब एक पखवाडे. में करीब दस रुपये किलो से अधिक की तेजी दर्ज की जा चुकी है।

फुटकर बाजार (दालें रुपये प्रति किलो)

	अप्रैल प्रथम हफ्ते में	अब
अरहर दाल पुखराज ब्रांड-	158	165 से 168
सूरजमुखी	145	160 से 162
डायमंड	122	127 से 130
उड़द दाल अव्वल (काली)	110	125 से 136
उड़द दाल अव्वल देशी (हरी)	135	145 से 150
छोला अव्वल	110	118 से 120

थोक बाजार (दालें रुपये प्रति क्विंटल)

	अप्रैल प्रथम हफ्ते में	अब
अरहर दाल पुखराज ब्रांड-	15,200	15,800
सूरजमुखी	14,700	15,350
डायमंड	12,400	12,800
उड़द दाल अव्वल (काली)	10,200	10,400
उड़द दाल अव्वल देशी (हरी)	11,500	13,500
छोला अव्वल	11,400	11,900

दाल की चढ़ती कीमतें अभी टूटने वाली नहीं हैं। माल खपत से काफी कम है। बाहर से मंगाई जा रही दाल काफी महंगी पड़ रही है। अप्रैल में एक पखवाडे.में दस रुपये किलो से अधिक की तेजी बाजार में आई है। म्यांमार, रंगून समेत कई अन्य जगहों से आने वाली दाल भी महंगी पड़ रही है। ऐसे में कीमतें कम होने के आसार नहीं हैं।

-भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष, लखनऊ मिलर्स एसोसिएशन डालीगंज

तकरीबन एक पखवाडे.का हाल देखा जाए तो अरहर दाल की कीमतों में तेज उछाल बना हुआ है। दरअसल दाल की फसल देश के विभिन्न प्रांतों में काफी कमजोर रही है। ऐसे में बाहर से अरहर खरीदने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। दाम नियंत्रण करने की कोशिशें फिलहाल कीमतों पर असर नहीं डाल पाई है। यही हाल छोला और उड़द दाल का है।

-राजेंद्र अग्रवाल, चेयरमैन लखनऊ व्यापार मंडल एवं अध्यक्ष पांडेयगंज गल्ला मंडी

एक नजर

लविवि में बहुविषयक पर विस्तार व्याख्यान

अमृत विचार, लखनऊ : भौतिकी विभाग ने बहु-विषयक व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में आईआईएससी बेंगलुरु से आए वक्ता ने भौतिक शास्त्र विषय के बीएससी एवं एमएससी के छात्रों के साथ विस्तार से वार्ता की। लखनऊ विवि में पीएचडी के छात्रों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए वक्ता अमित जोशी ने विदेशी घटनाओं से जुड़े विषयों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न करियर से जुड़े छात्रों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राजेश शुक्ला एवं प्रो. आंचल श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

भाषा विवि ने किया मतदाताओं को जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कांत सम्मलित हुए। कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को जागरूक कर उनके महत्व की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. जाफरुन नकी, डॉ. रामदास, डॉ. श्वेता अग्रवाल, डॉ. अभय कृष्णा सहित विवि के शिक्षक और काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान पर दिया गया जोर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव ने गिनाई योजनाएं, बताए लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ.राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर दो दिवसीय भूमि फेस्ट अर्थ पार्लियामेंट टॉक शो का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव ने शासन की योजनाओं की जानकारी देकर पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि आशीष तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरणीय कार्यक्रमों में सरकारी प्रतिनिधि पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रणालियों और नीतियों के महत्व पर जोर देते रहे हैं।

ऐसे में भूमि फेस्ट जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से एसएफडी का शैक्षिक परिसरों के विद्यार्थियों को पर्यावरण से संबंधित चर्चा में जोड़ना एक बेहतर प्रयास है। विधि विवि के कुलपति प्रो. अमर पाल सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम निश्चित ही पर्यावरण चेतना में सहायक होंगे।

लोहिया विवि में टॉक शो का दीप प्रज्वलित कर शुरुआत करते कुलपति प्रो. अमर पाल सिंह।

बीबीएयू में स्वच्छ भारत पखवाड़ा के दौरान जागरुकता फैलाते एनसीसी कैडेट्स।

- **विधि विवि के कुलपति ने चुनौतियों के समाधान और महत्व पर डाला प्रकाश**

इसके लिए छात्रों को आगे आना होगा, तभी बदलाव देखने को मिलेंगे। अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने सकारात्मक परिणाम पर बल दिया। एएफडी के राष्ट्रीय संयोजक मयूर जव्हेरी ने पॉलीथीन मुक्त कैंपस और साफ-सफाई को लेकर छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. इंद्रेश कुमार शुक्ला, प्रो. संजय सिंह, प्रो. मनीष बाजपेई, प्रो. प्रश्नजीत कुंडू, डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज, प्रो. वीना राय, प्रो. सारिका दूबे, प्रो. वरुण छांछर, प्रो. दीपा दिवेदी सहित काफी संख्या में विवि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बच्चों ने पृथ्वी को बचाने का लिया संकल्प : विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित काकोरी ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय भरोसा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने पृथ्वी की रक्षा का संकल्प लेते हुए जागरूक भी किया। इस मौके पर बच्चों ने पेड़ बचाओ, पृथ्वी बचाओ जल बचाओ, पृथ्वी बचाओ का स्लोगन लिखे हुए पोस्टर बनाया। कुछ बच्चों ने प्रदूषण हटाओ, पृथ्वी बचाओ का भी नारा दिया।

प्लास्टिक उपयोग के नुकसान पर फोकस

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में एनसीसी की इकाई ने ग्रह बनाम प्लास्टिक संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले कुप्रभाव पर प्रकाश डाला गया। विवि के आईक्यूएसी विभाग के निदेशक प्रो. राम चन्द्रा ने बताया कि प्लास्टिक के उपयोग से जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे में हमरा मकसद प्लास्टिक प्रदूषण को रोकते हुए लोगों को जागरूक करना है। प्रो. प्रीति मिश्रा ने कचरे को अलग-अलग रखने की जानकारी दी। वहीं प्रो. शशि कुमार ने कपड़े से बने बैग को उपयोग में लाने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी संबंधित विषय पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स के अलावा बड़ी संख्या में विवि के छात्र मौजूद रहे।

गेट पर छात्रों से फिर भिड़े बीबीएयू के सुरक्षाकर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में सुरक्षाकर्मियों द्वारा छात्रों के साथ मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को फिर ऐसी स्थिति बनी। एनएसयूआई समर्थक छात्र जब बीबीएयू पहुंचे तो उनके साथ सुरक्षाकर्मियों ने धक्का-मुक्की की। आरोप-प्रत्यारोप के बीच गेट पर देर तक हंगामा चला। उधर, कुलपति ने पूरे प्रकरण को लेकर जांच बिठा दी है। निर्णय के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बीते दिनों बीबीएयू के छात्रों के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की थी। इसी के बाद काफी संख्या में विवि के छात्र धरने पर उतर आए, परिसर के भीतर हो रहे प्रदर्शन में एनएसयूआई आगे आया। सोमवार दोपहर प्रिंस प्रकाश, इकाई अध्यक्ष दिव्यांश, शुभम खरवार, कार्तिकेय मिश्रा, अंकुश चौहान, सौरभ, हर्षित, लोरीक यादव रंजीत सहित काफी संख्या में छात्र बीबीएयू पहुंचे। बताते हैं कि गेट के भीतर जाने से पहले ही सुरक्षाकर्मियों ने छात्र संगठन पदाधिकारियों को रोक लिया। ऐसे में दोनों के मध्य जमकर नोकझोंक हुई। इसी के बाद छात्र गेट के बाहर देर तक धरने पर बैठे रहे। कुलपति संजय सिंह का कहना है कि पूरे प्रकरण को लेकर जांच समिति बनाई गई है। सभी पक्षों की ओर से बयान लिये जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो को भी आधार बनाया गया है। निर्णयों के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बीबीएयू गेट के बाहर धरना देते छात्र।

- **बीबीएयू छात्रों के समर्थन में उतरे छात्र संगठन सुरक्षाकर्मियों से धक्का-मुक्की**

लिनियज होटल गोमती नगर में अर्थ-डे पर 'प्लेनेट बनाम प्लास्टिक' कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के निदेशक राज कुमार। अमृत विचार

प्लास्टिक हमारे और पृथ्वी के लिए खतरनाक

अमृत विचार, लखनऊ : प्लास्टिक हमारे और पृथ्वी के लिए खतरनाक है। जागरुकता से पृथ्वी को प्लास्टिक से मुक्त कर सकते हैं। यह बातें सोमवार को लिनियज होटल गोमती नगर में अर्थ-डे पर 'प्लेनेट बनाम प्लास्टिक' विषय पर गोष्ठी में अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा सहायक परियोजना डॉ. हीरा लाल ने कही। आयोजन आगा खां फाउंडेशन, वाटर ऐड, एक्शन ऐड, सीएमएस व इरिगेशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने संयुक्त रूप से किया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) निदेशक राज कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन किया। कहा कि, गांवों में नदियों व तालाबों को प्लास्टिक व कूड़ा से बचाने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। अध्यक्षता डॉ. हीरा लाल ने की। कहा, कि प्लास्टिक की रोकथाम के लिए हम सबको आगे आना होगा। इस मौके पर गीता गांधी किंगडन प्रेसिडेंट सीएमएस व पदमश्री सुधा सिंह ने कहा कि नदियों, तालाबों आदि में कचरा न फेंके जो पर्यावरण को दूषित करता है। अपर आयुक्त ग्रेटर शारदा राजीव यादव ने कहा कि प्लास्टिक एक स्लो प्वाइजन है। इससे हानिकारक तत्वों से ब्रेन, हृदय, पैरालाइसिस जैसी बीमारियों होती हैं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अरुण सिन्हा व सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव /अध्यक्ष रेरा संजय भूसरेड्डी ने अपने विचार व्यक्त किए। पदमश्री राम शरन वर्मा, पदमश्री बाबू लाल दहिया, पद्मश्री सुधा सिंह, विलियम जे क्लिंटन फाउंडेशन छत्तीसगढ़ से डॉ. रोहित बघेल ने प्रतिभाग किया।

एयरपोर्ट पर आदित्य ने गुरुओं के छुए पैर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपीएससी परीक्षा में टॉप करने वाले आदित्य श्रीवास्तव परीक्षा परिणाम आने के बाद सोमवार को पहली बार राजधानी पहुंचे। इस दौरान सीएमएस की गीता गांधी के नेतृत्व में स्कूल के शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसी दौरान आदित्य ने अपने शिक्षक-शिक्षकाओं के पैर छू कर आशीर्वाद लिया। जबकि छात्राओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

इसके बाद उन्हें खुली जीप में कानपुर रोड के एलडीए कॉलोनी स्थित सीएमएस ऑडोटोरियम लाया गया। जहां सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर आदित्य ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ ही सीएसमएस के शिक्षक-शिक्षकाओं को दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता के साथ ही शिक्षक-शिक्षकाओं ने उन्हें अच्छी शिक्षा दी और आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के अच्छे परिणाम के लिए पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ काम करूंगा और भविष्य में प्लानिंग करने का मौका मिलेगा तो देश के विकास के लिए कई अच्छी योजनाएं जरूर बनाऊगा।

अमौसी एयरपोर्ट पर आदित्य का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

- **यूपीएससी परिणाम घोषित होने के बाद पहली बार राजधानी पहुंचे आदित्य**

लविवि ने पाठ्यक्रमों को लेकर जारी किए निर्देश

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों में जिन छात्र-छात्राओं का तृतीय वर्ष (छठे सेमेस्टर तक) का सीजीपीए 7.5 या इससे अधिक है, वहीं चतुर्थ वर्ष के 7वें सेमेस्टर में प्रवेश ले सकते है।

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सहयुक्त महाविद्यालय जिनमें परास्नातक पाठ्यक्रम अथवा विषय संचालित हैं, उन्हीं संदर्भित पाठ्यक्रमों अथवा विषयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (नैप) की अर्हतानुसार स्नातक स्तर पर 7वें सेमेस्टर में महाविद्यालय द्वारा प्रवेश लिया जा सकता है। जिन महाविद्यालयों में परास्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम संचालित नहीं है, उनके द्वारा 7वें सेमेस्टर में प्रवेश नहीं लिया जा सकता है। अन्य समस्त छात्र-छात्राएं पूर्व की तरह द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

पहले मेरा नाम SABIR ALI था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SABIR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: SADIK ALI VILL- GULRA MAU RIAWAN MAHMUDABAD, SITAPUR**

सूचना

सूचित हो कि मैं अपनी पुत्री रूचि श्रीवास्तव के आचरण, चाल-चलन, कृत्यों, गलत मंशा एवं झगड़ालू प्रवृत्ति से आहत होने के कारण उसे अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मैं अपनी उक्त पुत्री से कोई सम्बन्ध सरोकार नहीं रखना चाहता हूँ। उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं है। **ओमकारनाथ श्रीवास्तव पुत्र शिव प्रसाद श्रीवास्तव निवासी ग्राम व थाना निगोहां, तहसील मोहनलालगंज, जिला लखनऊ।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शब्बीर से बदलकर शब्बीर अहमद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **शब्बीर अहमद पुत्र बिस्मिल्लाह ग्राम धरैची, पोस्ट शिकारगढ़, थाना कोल्हुई, जिला महराजगंज।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम पुटु से बदलकर पुटु कुम्हार रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **पुटु कुम्हार पुत्र परिखन कुम्हार ग्राम बंगरी टोला, बरवा रतनपुर, थाना खड्डा, जिला कुशीनगर**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पति नाम भूलवश Ziyaul Haque दर्ज हो गया है जबकि उनका सही नाम Ziyaul Haq है। अब उन्हें इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **रुकसाना खातून पत्नी जियाउल हक ग्राम पडरौन मडूरही, पोस्ट दुदही, थाना विशुनपुरा, जिला कुशीनगर 274302**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम आशा खातून से बदलकर सुखली खातून रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **सुखली खातून पत्नी फौजी हुसैन ग्राम परसौनी बुजुर्ग, पोस्ट तमकुहीराज, जनपद कुशीनगर 274407**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल व इंटरमिडियट के अभिलेख में पिता का नाम त्रुटिवश अनिल तिवारी दर्ज है जबकि मेरे पिता का नाम अनिल कुमार तिवारी है जो सही है भविष्य में भी पिता को इसी नाम से जाना व पहचाना जाय- **अमर तिवारी पुत्र अनिल कुमार तिवारी निवासी- ग्रा. अकरौरा, तहसील - पयागपुर, बहराइच**

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD NADEE AHMAD अंकित हो गया है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा वास्तविक नाम MOHD NADIM AHMED है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा वास्तविक नाम दर्ज किया जाय। **-मो0 नदीम अहमद, निवासी- ग्राम-भिटौरा, पो0-भिटौरा, थाना- रौनाही तहसील- सोहावल, जिला अयोध्या मोबाइल नं0--9198658643**

विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने क्राफ्ट के साथ उपस्थित सेंट जोसेफ स्कूल के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

प्लास्टिक मुक्त भविष्य देना हमारी जिम्मेदारी

अमृत विचार लखनऊ : हमारी आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ प्लास्टिक मुक्त भविष्य देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। अब समय आ गया है कि हम अपने गृह पृथ्वी की पुकार सुन लें। यह बाते विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों को संबोधित करते हुए सेंट जोसेफ कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने कही। पृथ्वी दिवस पर सभी को अपनी धरती को बचाने की जागरूकता के लिए सेंट जोसेफ कॉलेज समूह की राजाजीपुरम, सीतापुर रोड व रूचिखंड शाखाओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथीन का प्रयोग न करने के प्रति अन्य लोगों को जागरूक करने की शपथ ली।

कचरे से रच रहे कला का सुंदर संसार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिन घर के सामानों को बेकार समझकर आप कचरे में फेंक देते हैं, उन्हें अगर किसी ड्रांइग रूम में सजा हुआ देखें तो आश्चर्य नहीं होगा। दरअसल, इन कचरे के सामानों को शोपीस, गमले और सुंदर जूट बैग बनाकर लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र यह साबित कर रहे हैं कि वह अपने हुनर से बेकार चीजों को भी अनमोल बनाने की कला रखते हैं।

हैप्पी थिंकिंग लैब के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विवि से संबद्ध 50 से अधिक महाविद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने जूट बैग, गमले, शोपीस सहित अन्य सामान तैयार किए।

परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की निदेशक डॉ. वैशाली सक्सेना और हैप्पी थिंकिंग प्रयोगशाला की निदेशक प्रो. एम प्रियदर्शिनी के नेतृत्व में छात्रों के अलावा शिक्षक और गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

प्रतियोगिता में बेकार पड़ी सामग्रियों से तैयार की गई हस्तनिर्मित कृतियों के सहारे प्रदर्शनी भी लगाई गई। विभिन्न विभागों और कॉलेजों से 50 से अधिक प्रतिभागी छात्रों ने पर्यावरण चुनौतियों से निपटने के लिए समाधान भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डॉ. अर्चना तिवारी, डॉ. अंश, डॉ. विपिन पांडे, डॉ. तनुका चटर्जी और डॉ. उत्कर्ष मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

छात्रों द्वारा तैयार की गईं हस्तनिर्मित कृतियां। फोटो : अमृत विचार

- **50 से अधिक महाविद्यालयों के छात्रों ने किया प्रतिभाग**

प्रोत्साहन अलग-अलग स्कूलों में छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

सम्मान पाकर मेधावियों के खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावियों का सोमवार को सम्मान किया गया।

राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य (पीईएस) डॉ. आशुतोष कुमार ने बताया कि 12वीं परीक्षा में विज्ञान वर्ग के छात्र आशीष प्रजापति ने 93.8 % एवं कला वर्ग में नवनीत कुमार ने 90.6% अंक हासिल किए। वहीं हाईस्कूल में हिमांशु गौतम ने 89.5 प्रतिशत और ब्रहमानन्द पटेल ने 85.3 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं।

विद्यालय का परीक्षाफल बोर्ड के परीक्षाफल से बेहतर रहा है और 80 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी तथा ऑनर्स उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों द्वारा विज्ञान वर्ग के इंटरमीडिएट के टॉप तीन छात्रों को विद्यालय स्तर पर प्रतिवर्ष 25,000 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई।

संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार के साथ सम्मानित छात्र।

जेडी माध्यमिक ने किया मेधावियों का सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेज के 12 टॉपर्स को संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार ने सम्मानित किया। हाईस्कूल की मेरिट में बाल निकुंज इंटर कॉलेज के छह मेधावी, बाल निकुंज इग्लिश स्कूल के दो मेधावी, बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी के दो मेधावी और इंटरमीडिएट की जिला लखनऊ की मेरिट में बाल निकुंज इंटर कॉलेज के तीन मेधावी ने छठी और 10वीं रैंक हासिल कर माता-पिता, विद्यालय एवं जनपद का मान बढ़ाया।

सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

ट्रॉफी के साथ मेधावी छात्राएं।

10वीं में सुहानी तो 12वीं में शनि कॉलेज टॉपर

जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इंटरमीडिएट में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान शनि कुमार 85% जबकि दूसरा स्थान सियारानी ने 75.6%, तीसरा स्थान प्रियंका रावत ने 74.8% अंक हासिल किया। हाईस्कूल परीक्षा में में प्रथम स्थान सुहानी ने 94.5% अंक लाकर प्राप्त किया।

सौम्या और दिवाकर कॉलेज के टॉपर : द ऑफ पब्लिक इंटर कॉलेज फैजुल्लागंज के मेधावी छात्रा सौम्या वर्मा ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सौम्या ने प्रदेश में 9वी रैंक हासिल की है। इसके अलावा कक्षा 12 के दिवाकर कुमार, 93.8% ने मान बढ़ाया।

शिक्षिका के साथ आर्य कन्या कॉलेज की मेधावी छात्राएं। अमृत विचार

आर्य कन्या माध्यमिक इंटर कॉलेज : श्रेया व स्वाती टॉपर

आर्य कन्या माध्यमिक पाठशाला इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं श्रेया चौहान 88.3%, स्वाती 87%, शिवानी शुक्ला 87% तथा कोमल कश्यप 82.83% तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं में विज्ञान वर्ग की छात्रा भूमि अग्रवाल ने 88.2 % अंक हासिल किया।

मुस्कान रिमझिम वर्तिका सादिया

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल के बच्चों ने बढ़ाया मान

यूपी बोर्ड परीक्षाफल 2023-24 के परीक्षाफल में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्रों ने शहर का मान बढ़ाया। हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों में रिमझिम मौर्या 81%, इंटरमीडिएट की परीक्षा में वर्तिका श्रीवास्तव 80%, सादिया वसीम 80%, मुस्कान मिश्रा 91% के साथ परिणाम बेहतर रहा।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

ई-रिक्शा में कार ने मारी टक्कर चालक गम्भीर

अमृत विचार, बीकेटी : हिंदौरा थाना संदना सीतापुर निवासी आयुष ने बताया राम सिंह चालक के साथ ई-रिक्शा से कमलेश सहित तीन लोग मानपुर सब्जी मंडी आ रहे थे। तभी हाईवे पर पीछे से कार ने टक्कर मार दी। जिससे कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक राम सिंह तथा आयुष को भी चोटें आई। जिनको पुलिस ने सीएचसी इटौंजा इलाज के लिए भेज दिया ।जहां से कमलेश को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय यादव ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

डिवाइडर से टकराई पोल लदी डीसीएम

अमृत विचार, निगोहां : कस्बे में रविवार की रात एल्युमिनियम पोल लदी डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद हाइवे की एक पटरी पर पलट गयी। जिसके बाद डीसीएम में लदे सारे पोल हाईवे पर बिखर गये ओर लखनऊ से रायबरेली जाने वाली एक पटरी पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तिवारी के मुताबिक, कनकहा गांव निवासी चालक राहुल डीसीएम में फंसकर जख्मी हो गया था। घायल चालक को इलाज के लिये अस्पताल भेज दिया गया था।

दो नाबालिग लापता, तलाश में जुटी पुलिस

अमृत विचार, लखनऊ : पारा के नरपतखेड़ा निवासी अमित कुमार रस्तोगी बीते 20 अप्रैल को बेटे तनिष्क रस्तोगी (15) व बेटी अंशिका को कृष्णानगर के रामनगर स्थित सिंधी ब्वायज स्कूल छोड़ने गए थे। स्कूल से छुट्टी के बाद उनकी बेटी तो घर आ गई, लेकिन बेटा लौटकर नहीं आया। वहीं कृष्णानगर के पण्डित खेड़ा निवासी जाबिर ने बताया कि गत 20 अप्रैल को बेटी रोशनी (16) घर से कहीं चली गई ।काफी खोजने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नाबालिगों की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

सीटी स्कैन में देरी होने से नाराज तीमारदारों ने किया हंगामा

केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर का मामला, कर्मचारियों ने समझा-बुझाकर शांत कराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में सीटी स्कैन जांच में देरी होने से नाराज तीमारदारों ने हंगामा किया। तीमारदारों ने जांच की प्रक्रिया सुस्त होने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने किसी तरह से तीमारदारों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस दौरान काफी देर तक अव्यवस्था का माहौल रहा।

ट्रॉमा सेंटर में प्रतिदिन 200 से अधिक मरीज आ रहे हैं। 150 से अधिक सीटी स्कैन रोज हो रहे हैं। सिर में चोट लगे कई मरीजों का 24 से 72 घंटे में दो बार सीटी स्कैन जांच हो रही है। ट्रॉमा सेंटर में एक सीटी स्कैन मशीन लगी है। मरीजों का दबाव काफी है। हालात यह है कि गंभीर मरीजों को भी जांच के लिए दो से चार घंटे का इंतजार करना पड़ रहा है। सोमवार को

केजीएमयू में 150 से अधिक सीटी स्कैन रोज किए जा रहे हैं

सुबह करीब नौ बजे स्ट्रेचर पर लेटे मरीज की जांच 11 बजे तक नहीं हो पाई। वहीं, 10 बजे से जांच के इंतजार में लगे कई मरीजों की जांच एक बजे तक नहीं हो सकी। समय पर जांच न होने से मरीजों को दिक्कत हो रही है। जांच रिपोर्ट के इंतजार में मरीजों का सटीक इलाज शुरू करने में डॉक्टरों को दिक्कत आ रही है। नाराज तीमारदारों ने सिटी स्कैन कक्ष के सामने हंगामा किया। इसकी वजह से वहां अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह कर्मचारियों ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह बताया कि किस वजह से जांच हो रही है। इसकी जांच कराई जाएगी।

ट्रॉमा में वेंटिलेटर के लिए मशक्कत कर रहे तीमारदार

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में मरीजों के तीमारदारों को वेंटिलेटर बेड के लिए भूतल से लेकर पांचवें तल तक दौड़ लगानी पड़ रही है। तीमारदारों को ऑनलाइन बेड की जानकारी नहीं मिल पा रही है। भूतल पर लगे टीवी स्क्रीन पर पर भी रिक्त बेडों की संख्या अपडेट नहीं हो रही है। इससे गंभीर मरीजों को समय से इलाज मुहैया नहीं हो पा रहा है। नतीजतन तीमारदार अपनों की जान बचाने के लिए प्राइवेट अस्पताल की ओर रुख करने को मजबूर हो रहे हैं। ट्रॉमा सेंटर में करीब 400 बेड हैं। इसमें आईसीयू व वेंटिलेटर बेड शामिल है। क्रिटिकल केयर मेडिसिन, एनआईसीयू, पीआईसीयू, इमरजेंसी मेडिसिन समेत दूसरे विभागों में वेंटिलेटर का संचालन हो रहा है। रोजाना कैजुअल्टी में 30 से 40 मरीज वेंटिलेटर की जरूरत के आ रहे हैं। काफी मरीजों को वेंटिलेटर नहीं मिल पा रहा है। सबसे पहले मरीज कैजुअल्टी में आते हैं। यहां डॉक्टर मरीज की जरूरत के हिसाब से जांच कराते हैं। वेंटिलेटर की जरूरतमंद मरीज के तीमारदारों को बेड की जानकारी के लिए विभिन्न विभागों में भेजते हैं। तीमारदार भूतल से लेकर पांचवे तल तक वेंटिलेटर बेड का पता लगाने के लिए भटकते हैं। इसमें एक से डेढ़ घंटे का अहम समय गुजर रहा है। इस दौरान वेंटिलेटर के अभाव में मरीज को समुचित इलाज नहीं मिल पाता है। तीमारदारों का कहना है कि ऑनलाइन व्यवस्था के तहत विभागों में खाली बेड की जानकारी एक क्लिक पर मिल जानी चाहिए। इससे मरीजों का अहम समय बचाया जा सकता है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने समस्या ने समस्या कराने की बात कही है।

बलरामपुर में टीएमटी जांच सुविधा शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल में ट्रेडमिल टेस्ट (टीएमटी) की सुविधा शुरू हो गई है। अभी तक मशीन न होने से मरीजों को जांच के लिए दूसरे केंद्र या निजी केंद्र से जांच करानी पड़ रही थी। मरीजों की सुविधा के लिए नई मशीन लग गई है। अस्पताल निदेशक का कहना है मरीजों को अब टीएमटी जांच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

बलरामपुर अस्पताल में कार्डियक यूनिट का संचालन हो रहा है। ओपीडी में हर दिन करीब 100-150 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। अस्पताल में अभी तक ईसीजी जांच की सुविधा थी। टीएमटी जांच के लिए मरीजों को केजीएमयू या दूसरे सरकारी संस्थान रेफर किया जाता था। वहां पर मरीजों का लोड अधिक होने से मरीजों को इंतजार करना पड़ता था। निजी केंद्र पर यह जांच करीब 2200 रुपए की है। अस्पताल निदेशक डॉ.पवन कुमार अरुण ने बताया टीएमटी जांच की सुविधा शुरू हो गई है। डॉक्टर जरिए जांच लिखने पर ओपीडी मरीज भी जांच करा सकेंगे। चिकित्सालय में सबसे पहले ट्रेडमिल टेस्ट की शुरुआत चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी की जांच से की गई।

ऑपरेशन से मौत पर लगाया 22.20 लाख रुपये हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आगरा के रश्मि मेडीकेयर सेंटर में प्रसव में लापरवाही
- राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला, ब्याज भी लगाया

अमृत विचार : रश्मि मेडीकेयर सेंटर आगरा में एक महिला के प्रसव में लापरवाही बरती गई। ऑपरेशन से हालत खराब होने पर जयपुर में भर्ती कराया गया जहां, मौत हो गई। इस पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने रश्मि मेडीकेयर सेंटर पर 22.20 लाख रुपये हर्जाना ब्याज समेत लगाया है।

रामू (40) पुत्र गिरधारी लाल निवासी हेमराजपुर बरहान आगरा के मुताबिक पत्नी ऊषा देवी को रश्मि मेडिकेयर सेंटर कमला नगर आगरा में 2 मई 2018 को प्रसव के लिए भर्ती किया गया और 3 मई को ऑपरेशन से बेटा हुआ। लेकिन, लापरवाही से आपॅरेशन में अधिक खून बहने से हालत गंभीर हो गई। इस पर सिनर्जी प्लस हास्पिटल गुरू का ताल ले गए। वहां दोबारा आपरेशन कर पेट से बड़ा हेमोटोमा निकाला गया। डॉक्टरों ने पहले आपरेशन में तिल्ली हटाना बताया। और लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा। यहां भी सुधार नहीं हुआ तो जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी जगता ले गए। वहां 13 जून 2018 को मृत्यु हो गई। डॉक्टरों ने जांच कराई लेकिन ऑपरेशन करना नहीं बताया। स्टेट मेडिको लीगल एक्सपर्ट से संपर्क किया तो आपरेशन में लापरवाही बताई। राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति/अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। रश्मि मेडीकेयर को 10 लाख रुपये हर्जाना 9 प्रतिशत ब्याज के साथ मृत्यु की तिथि से 45 दिन में देना का आदेश दिया। साथ ही ऊषा के पांच बच्चे होने पर सभी की दो-दो लाख रुपये की एफडी कराने का आदेश दिया। इस राशि पर 9 प्रतिशत ब्याज पिता को दिया जाएगा। मानसिक, शारीरिक व आर्थिक प्रताड़ना के दो लाख रुपये, वाद व्यय 20 हजार रुपये भी 45 दिन में 9 प्रतिशत ब्याज के साथ और देय होगा। यदि निर्धारित तिथि पर रुपये न दिए तो 12 प्रतिशत ब्याज लगाया जाएगा।

एचटी लाइन की चपेट में आया कारोबारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छत पर सफाई करते हुए हाईटेंशन लाइन की जद में आया था
- मौके पर ही तोड़ दिया दम, परिजनों ने किया हंगामा

अमृत विचार: गोमतीनगर विस्तार थाना अंतर्गत छत पर सफाई करते हुए हाईटेंशन लाइन से झुलसे बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी संदीप यादव (35) की मौत हो गई। उसकी मौत के बाद परिजनों ने काफी हंगामा किया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर उन्हें शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि, इस हादसे के बाद लोग लेसाकर्मियों पर लापरवाही बतरने का आरोप लगा रहे हैं।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी के मुताबिक, मलेसेमऊ निवासी संदीप यादव सीमेंट, बालू व मौरंग की सप्लाई का काम करता था। चाचा मानसिंह ने बताया घर में संदीप की बहन स्नेहा की बुधवार को शादी है। इसके चलते संदीप सोमवार सुबह छत के छज्जे पर जाकर सफाई कर रहा था। इसी छत के करीब से गुजर रही हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। वह पहली मंजिल से नीचे फर्श पर जा गिरा। आनन-फानन परिजन संदीप को लेकर नजदीकी अस्पताल में पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कारोबारी की मौत के बाद परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि अगर बिजली विभाग कर्मी सप्लाई बंद कर देते तो शायद संदीप की जान बच सकती थी। फिलहाल, पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गोमती में उतराता मिला महिला का शव

अमृत विचार, काकोरी: दुबग्गा थाना अंतर्गत एमसी सक्सेना कॉलेज के पीछे गोमती नदी में सोमवार को एक महिला (47) का शव उतराता मिला। पुलिसकर्मियों ने शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की पर पहचान नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा ने बताया कि नदी किनारे महिला चप्पल भी पड़ी मिली है। आशंका है कि महिला ने नदी में कूदकर आत्महत्या की है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

जांची जाएगी अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आवंटित विद्युत भार की भी जांच करेंगे अधिकारी

अमृत विचार : ग्रीष्म ऋतु के दौरान सम्भावित अग्निकांड की दुर्घटना से बचाव को लेकर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने जिले के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था परखने के निर्देश जारी किये है। उन्होंने इस सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग, लेसा और अग्निशमन समेत अस्पतालों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को परखने और कमियों को दूर कराने को कहा है।

जिलाधिकारी की ओर से जारी पत्र के माध्यम से कहा गया है कि जिले के समस्त सरकारी तथा गैर सरकारी चिकित्सालयों व नगरीय एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अग्निकांड की दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षा हेतु आवश्यक उपकरण जैसे- फायर एक्स्टींग्यूशर, फायर अलार्म इत्यादि स्थापित हैं, अथवा नहीं इसका परीक्षण कराया जाए।

यदि किसी भी चिकित्सालय में अग्नि से सुरक्षा प्रदान करने वाले उपकरण उपलब्ध न हों अथवा खराब स्थिति में हों तो उनकी तत्काल मरम्मत अथवा नये उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए। साथ ही चिकित्सालयों में विद्युत भार का निरीक्षण कराया जाए।

यदि किसी भी चिकित्सालय में आवंटित विद्युत भार से अधिक विद्युत का व्यय किया जा रहा हो तो नियमानुसार उसका भार बढ़ाने की कार्यवाही की जाए। साथ ही विद्युत उपकरणों एवं स्विच बोर्ड के एम्पीयर (मानक के अनुसार) एवं तारों का भी निरीक्षण किया जाए। किसी भी चिकित्सालय में कटी, टूटी एवं खुली तारों के पाये जाने पर तत्काल उनकी मरम्मत कराना सुनिश्चित किया जाए।

चैत्र मास के सोमवार को जगन्नाथ की पूजा करती महिला। अमृत विचार

युवक की मौत के मामले में चार दोस्तों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- सेवानिवृत्त प्रभारी निरीक्षक के बेटे की मौत का मामला

अमृत विचार: आशियाना थाना अंतर्गत सालेहनगर में शनिवार को मरणासन्न हालत में मिले सेवानिवृत्त प्रभारी निरीक्षक के बेटे अजय प्रताप उर्फ राहुल सिंह की मौत के बाद उसके चार दोस्तों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई है। सोमवार को पुलिस ने उसके दोस्तों से पूछताछ की है।

पिता धर्मपाल सिंह का आरोप है कि बेटे अजय के दोस्त सालेहनगर निवासी सुरेश सिंह, हरिश्चंद्र तिवारी, शंभू कहार व नन्हा त्रिपाठी उसे घर से बुलाकर ले गए थे, जहां उनके बेटे को शराब पिलाई गई। इसके बाद नशे की हालत में अजय का मोबाइल, 25 हजार रुपये और सोने की अंगूठी लूट ली। इस दौरान विरोध करने पर पीटा, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं थी। आरोप है कि पुलिस हादसा बताने में जुटी है।

मुफ्त ऑक्सीजन के लिए पेड़ों का संरक्षण जरूरी

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को बलरामपुर चिकित्सालय की ओपीडी में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार ने जीवन में पेड़ों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ों से हमें मुफ्त ऑक्सीजन मिलती है, लिहाजा इनका संरक्षण होना जरूरी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एनबी सिंह और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में बलरामपुर नर्सिंग कॉलेज छात्रों-छात्राओं ने हिस्सा लिया एवं पोस्टर प्रतियोगिता के साथ अपने विचार व्यक्त किये।

जनता के लिए जल्द खुलेगा सीनियर सिटीजन पार्क

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण, दिए सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश

अमृत विचार : मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने सोमवार को अमीरुद्दौला पब्लिक लाइब्रेरी व राजाराम पार्क (सीनियर सिटीजन पार्क) का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि जनता के लिए पार्क जल्द खोला जाए। सिविल कार्य व उपकरण लगाने का कार्य पूरा हो जाने पर पार्क का नियमित संचालन किया जाए। साथ ही पार्क में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने लाइब्रेरी के निरीक्षण में अधिकारियों से कहा कि पेयजल के लिये वाटर कूलर की व्यवस्था के साथ शौचालय की नियमित सफाई करायी जाए। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी के कैंपस में बने कैफेटेरिया का संचालन करने के साथ बगल में बैठने की व्यवस्था की जाये। निरीक्षण में एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित स्मार्ट सिटी के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

काकोरी में तीन वारंटी गिरफ्तार

अमृत विचार, काकोरी : पारा पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़े गए राजेश (40) रामू (58) तथा अंगनू (62) समस्त निवासीगण सरोसा-भरोसा के खिलाफ पारा थाना में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिनको सोमवार को पारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद इन अभियुक्तगणों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

नर्स की बेटी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुंह बंद रखने की धमकी देकर मां-बेटी को धमकाया
- देर रात हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

अमृत विचार : हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक नर्स की बेटी (15) से पड़ोसी ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पड़ोसी ने छात्रा की पिटाई कर दी। छात्रा की मां ने आरोपी के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में तहरीर देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला एक अस्पताल में बतौर स्टाफ नर्स है। उसके पति की मौत हो चुकी है। उसकी नाबालिग बेटी 11वीं कक्षा में पढ़ती है। महिला का आरोप है कि पड़ोसी शहनवाज काफी वक्त से उसकी बेटी को परेशान कर रहा था। घर से स्कूल जाने के दौरान भी पीछा करता था। जिसकी शिकायत शाहनवाज की मां से की गई। लेकिन उन्होंने बेटे का पक्ष लेते हुए महिला को धमकाया था। जिसके चलते आरोपी को शह मिल गई। नर्स के मुताबिक अधिकतर उसकी नाइट शिफ्ट होती है। जिसके कारण छात्रा घर में अकेले रहती थी। इस दौरान ही आरोपी शाहनवाज ने घर में घुस कर कई बार किशोरी के साथ दुराचार किया था।

आरोप है कि शाहनवाज की यौन प्रताड़ना से उसकी बेटी गुमसुम रहने लगी। इस पर महिला ने बेटी से पूछताछ की तब उसने मां को आपबीती सुनाई। महिला ने आरोपी से पूछताछ की तब शहनवाज मां-बेटी को मुंह बंद रखने की धमकी देकर वहां से भाग निकला। आरोपी शाहनवाज को गिरफ्तार किया गया है।

मनमाफिक खम्भे से कनेक्शन न देने पर संविदाकर्मी को धमकाया

अमृत विचार, लखनऊ : मनमाफिक खम्भे से बिजली का कनेक्शन न देने पर दबंगों ने एफसीआई बिजली उपकेन्द्र में कार्यरत संविदाकर्मी को जान से मारने की धमकी दी है। संविदाकर्मी ने पारा थाने में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। राजाजीपुरम के पाल तिराहा निवासी राम सिंह काकोरी के एफसीआई उपखंड में टीजी टू के पद पर कार्यरत हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शनिवार शाम को वह एफसीआई उपखंड कार्यालय से शकुंतला मिश्रा उपकेन्द्र जा रहा था। तभी सुखपाल और नीरज ने अपने दो साथियों के साथ उन्हें रोक लिया। आरोपित उससे घर पर कनेक्शन देने का दबाव बनाने लगे। इनकार करने पर आरोपित उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे।

अब यूपीपीसीडीएफ पर खरीदें भारत आटा, दाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अब सस्ता भारत आटा, चावल व चना की दाल प्रादेशिक को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन (यूपीपीसीडीएफ) पर भी खरीद सकेंगे।

सोमवार को 29 पार्क रोड स्थित मुख्यालय पर प्रबंध निदेशक यूपीपीसीडीएफ आनंद कुमार सिंह ने रिटेल आउट-लेट संचालित कर आटा, चावल व दाल बिक्री की शुरुआत कराई। पहले दिन 230 किग्रा आटा, 80 किग्रा चावल व 69 किग्रा दाल लोगों ने खरीदा। प्रबंध निदेशक ने बताया कि इसी तरह अन्य विक्रय केंद्र खोले जाएंगे। इस मुहिम में भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) का सहयोग रहा। एनसीसीएफ के शाखा प्रबंधक एके सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा बराबर मोबाइल वैन से सस्ते दरों पर खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। अब यूपीपीसीडीएफ के केंद्रों से और राहत मिलेगी।

यूपीपीसीडीएफ रिटेल आउट लेट पर जानकारी करते प्रबंध निदेशक आनंद कुमार सिंह।

अजब मेधा...आवाज के सहारे साधते हैं लक्ष्य

ओलंपिक में अपना लोहा मनवाने के लिए तैयार हो रहे पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्र

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : इन्हें दिखता नहीं, लेकिन अनुभवों की उड़ान इन्हें ओलंपिक में मेडल पाने के लिए जोश भर रही है। पुनर्वास विश्वविद्यालय के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को तीन कैटेगरी में बांटकर अभ्यास कराया जा रहा है। विवि के कुलपति बताते हैं कि कुछ अनुभवी खिलाड़ी पहले भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल पा चुके हैं, और अब इनका लक्ष्य ओलंपिक में मेडल पाने का है।

स्थान - डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय।

समय - सुबह 6 बजे।

पाकिस्तान में भी लहरा चुके हैं तिरंगा

गत माह पूर्व हुई प्रतियोगिता में दिव्यांग छात्रों की टीम पाकिस्तान जा चुकी है। वहां विवि के छात्र शौकत अली, फैजल और चंदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तिरंगा लहराया था। क्रिकेट कोच बताते हैं कि पाकिस्तान के अलावा कई अन्य देशों में भी विवि की टीम जाकर बेहतर प्रदर्शन कर चुकी है।

पिच तैयार है, गेंदबाज के हाथ में गेंद है, सामने बल्लेबाज है। जैसे ही गेंद हाथ से छूटती है, खनकती हुई आवाज दिव्यांग खिलाड़ी के कानों तक पहुंचती है। समय गवांये बिना खिलाड़ी शॉट लगा देता है। गेंद सीमा रेखा पार कर जाती है। चौके के बाद खिलाड़ी रन भी लेता है। स्कोर के रूप में इन्हें दोगुने रन मिलते हैं।

तीन कैटेगरी में शामिल करते हुए दिव्यांगों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

टीम के कोच ओपी शर्मा बताते हैं कि टीम को दिव्यांगता के आधार पर तीन कैटेगरी ए, बी और सी में बांटा गया है। प्रशिक्षण सुबह और शाम कराया जा रहा है, ताकि टीम अंतराष्ट्रीय खेल के लिए तैयार की जा सके।

विवि के कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा बताते हैं कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल पा चुके अनुभवी खिलाड़ियों को टीम का हिस्सा बनाया गया है। इन्हें सभी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है।

समय-समय पर इन खिलाड़ियों की क्षमता को बढ़ाने के लिए खास तरीके के कोर्स भी कराए जाते हैं। इसके अलावा इनकी मेधा को निखारने के लिए कई प्रतियोगिताएं भी कराई जाती हैं।

खेलों के साथ मिले रोजगार

दिव्यांग छात्र क्रिकेट के अलावा जूडो और बैडमिंटन में भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मेडल पा चुके हैं। कुलपति बताते हैं कि दिव्यांग छात्र अजीत का रेलवे विभाग में चयनित हुए हैं। शौकत अली और कमल शर्मा बैंकिंग क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं जीशान सेंट्रल स्कूल में शिक्षक हैं। रवि प्रकाश को बिहार राज्य में बतौर शिक्षक नियुक्ति मिली है।

इसलिए पट्टी बांधकर दिखा रहे दम-खम

ओलंपिक के लिए तैयार हो रही दिव्यांगों की टीम में जिन्हें बिल्कुल नहीं दिखता, उन्हें ए श्रेणी में शामिल किया गया है। दूसरी कैटेगरी में ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जिनकी आंखों के सामने धुंधली तस्वीर आती है। तीसरी श्रेणी के खिलाड़ियों को 40 फीसद तक दिखता है। चूंकि कोई एक दूसरे के साथ चीटिंग न करे, इसलिए खिलाड़ियों को आंखों में पट्टी बांधकर अभ्यस्थ कराया जा रहा है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल थाना अंतर्गत भरावन रोड घटघटा बाबा तीर्थ स्थल के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार रणवीर (26) की मौत हो गई। जबकि बाइक में पीछे बहन सोनम व भतीजी नैना जख्मी हो गई। रविवार रात अतरौली थाना क्षेत्र के बस्तापुर गांव निवासी रणवीर शहर से एक शादी समारोह से अपनी बहन सोनम व भतीजी नैना के साथ बाइक से अपने घर जा रहे थे। माल भरावन रोड घटघटा बाबा तीर्थ स्थल के पास बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे छोटा हाथी (डाला) में जाकर भीड़ गया। बाइक चला रहे रणवीर,बहन सोनम व भतीजी नैना गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। रविवार देर रात रणवीर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

फिटनेस सेंटर पर भारी वाहनों की जांच फिर शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आपसी विवाद में परिवहन विभाग को तकरीबन दो लाख के राजस्व का नुकसान

अमृत विचार: ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय में फिटनेस सेंटर पर फिटनेस ट्रैक का जो उपकरण टूट गया था, उसे दो हजार रुपये खर्च कर ठीक कराया जा सकता था। लेकिन फर्म की लापरवाही के चलते फिटनेस सेंटर पर तीन दिन फिटनेस कार्य ठप रहा। फिलहाल यहां पर मरम्मत संबंधी कार्य पूरा कर लिया गया है और सोमवार से भारी वाहनों की फिटनेस का कार्य शुरू कर दिया गया है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार फिटनेस सेंटर पर मशीनों की मेटीनेंस काम रोज मार्टा कंपनी देख रही है जबकि फिटनेस का काम हरि फिलिंग सेंटर की देखरेख में किया जा रहा है। दोनों फर्मों की आपसी लड़ाई में तीन दिनों से फिटनेस सेंटर पर भारी वाहनों की फिटनेस का काम ठप हो गया। यहां फिटनेस मशीन का एक उपकरण टूट गया था, जिसे वेल्डिंग करा कर आसानी से तत्काल काम शुरू करवाया जा सकता था। लेकिन फर्मों की लड़ाई के तीन दिन कार्य नहीं किया जा सका। एआरटीओ प्रशासन अखिलेश कुमार द्विवेदी के अनुसार बाहर से सामान आना था, इसलिए देरी हुई है। सोमवार से फिटनेस का काम शुरू हो गया।

एक नजर

करोड़पति क्लब में शामिल हुए दो टिकट चेकिंग कर्मी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल में अनियमित एवं बिना टिकट यात्रियों के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में वित्तीय वर्ष 2023 -24 में 59 .31 करोड़ रुपये का राजस्व मिला। इसमें वाराणसी जं. (कैंट) पर तैनात दो टिकट चेकिंग कर्मियों महेश कुमार यादव सीटीआई वाराणसी ने 1,28,33,535 रुपये और श्याम बिहारी यादव एसटीई वाराणसी ने 1,13,01,300 रुपये की वसूली की। डीआरएम ने इस उपलब्धि के लिए मंडल की वाणिज्य शाखा के टिकट चेकिंग अनुभाग की प्रशंसा की है।

समिट बिल्डिंग के बार में छापेमारी

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आबकारी निरीक्षक अरविंद पाल के नेतृत्व में टीम ने रविवार को विभूतिखंड की समिट बिल्डिंग में स्थित बार के कई स्थानों पर छापेमारी की। टीम ने बार के स्टोर के मदिरा स्टॉक का रजिस्टरों से मिलान किया। रैंडम रूप से ग्राहकों की आयु को पहचान पत्र द्वारा वेरीफाई किया गया। जांच में बारों को नियमानुसार संचालित पाया गया। सभी बार संचालकों को लाइसेंस शर्तों के अनुसार बार चलाने, केवल अनुमन्य शराब की बिक्री करने तथा समय सीमा का ध्यान रखने की हिदायत दी गई। आबकारी टीम में सेक्टर-4 के एक्साइज कांस्टेबल अब्दुल कलाम और कांस्टेबल सुनील शामिल रहे।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : विकासनगर पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने के मामले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह ने बताया कि पुलिस ने कानपुर नगर के घाटमपुर निवासी आदर्श सचान को गिरफ्तार किया है। उसने दुष्कर्म के बाद युवती का आपत्तिजनक तस्वीरें उतार ली थीं। इसके आधार पर युवती को ब्लैकमेल करने लगा था।

दस चौराहों पर उल्टी दिशा में फर्राटा भरा तो पड़ेगी दोहरी मार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

▸▸ चालान के साथ गाड़ियों के टायर भी होंगे पंचर

अमृत विचार : शहर के व्यस्तम चौराहों पर उल्टी दिशा में फर्राटा भरने वाले वाहन चालकों को अब दोहरी मार पड़ने वाली है। पुलिस यातायात विभाग ने दस चौराहों पर टायर क्रशर की तैयारी कर ली है। यहां उल्टी दिशा में वाहन दौड़ने वाले चालकों को जुर्माना भी भरना पड़ेगा। साथ ही उनकी गाड़ियों के टायर भी पंचर होंगे।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल के मुताबिक, आलमबाग के बाराबिरवा बदनाम लड्डू के पास टायर क्रशर लगाने के बाद बैकुण्ठ धाम तिराह स्थित डॉ. भीमरॉव अम्बेडकर पार्क के गेट गोमती बैराज की तरफ टायर क्रशर लगाने का काम चल रहा है। इसके अलावा पुलिस यातायात विभाग ने शहर के 10 चौराहों को चिह्नित किया है, जहां कई बार वाहन चालकों को गलत दिशा में जाते देखा गया है। इनमें राजभवन चौराहे से सिविल अस्पताल की तरफ, पांच कालीदास आवास से कैंसर अस्पताल की तरफ, डालीगंज रेलवे अंडरपास, बैकुंठ धाम से निशातगंज पुल की तरफ, सिविल अस्पताल से अटल चौक यानि हजरतगंज चौराहा शामिल है।

टायर क्रशर लगा होने के बाद भी बाइक निकालते युवक। अमृत विचार

क्या होता है टायर क्रशर- संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि टायर क्रशर एक प्रकार का स्पीड ब्रेकर होता है, लेकिन वह एक साइड से नुकीला होता है, जहां आप सही दिशा में अगर आप ड्राइविंग करते हैं तो ये स्पीड ब्रेकर का काम करेगा, वहीं अगर आप उल्टी दिशा में गाड़ी लेकर चलते हैं, तो आपकी गाड़ी के टायर में लगी हुई लोहे नुकीले पत्ती टायर को पंचर कर सकती है या फिर टायर फट सकता है।

बाइक सवारों ने निकाला जुगाड़

बाराबिरवा बदनाम लड्डू के पास लगाए गए टायर क्रशर पर सोमवार को वाहन चालकों के ऊपर कोई असर नहीं दिखा। टायर क्रशर में मोटी लोहे की पत्ती है, उसका सिरा नुकीला है, जिसे देखकर चार पहिया वाहन चालकों ने तो उल्टी दिशा से निकलने के लिए बचते रहे, लेकिन दो पहिया और ई-रिक्शा चालक उल्टी दिशा से टायर क्रशर को पार करते रहे। कारण यह है कि लगे ट्रायर क्रशर के बीच बाइक के पहिया निकलने भर का गैप है। बाइक सवार इसका फायदा उठा रहे हैं। कुछ लोग टायर क्रशर की पत्ती को पैर से दबाकर बाइक निकाल रहे हैं। जेसीपी ने बताया कि अगर लोग ऐसा कर रहे हैं तो निर्माणाधीन कंपनी से बात कर इसका मॉडल बदलवाया जाएगा।

वर्ष 2023 में गलत दिशा की वजह से हुए थे हादसे

दिनांक	घटनास्थल	हादसा
3 अगस्त	इंदिरानहर	तेज रफ्तार कार ने युवती को उड़ाया
2 नवंबर	बुद्धेश्वर चौराहा	ट्रक ने बाइक सवार युवक
1 दिसंबर	अवध चौराहे	तेज रफ्तार कार ने पुलिसकर्मी को उड़ाया

नंबर कम आए तो खत्म कर ली जिंदगी

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

▸▸ हाईस्कूल की परीक्षा में उम्मीद से कम नंबर आने पर छात्रा ने उठाया आत्मघाती कदम

▸▸ परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमृत विचार : सरोजनीनगर थाना अंतर्गत शराफतनगर न्यू रहीमाबाद गांव में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में कम नंबर आने से परेशान छात्रा आकांक्षा ठाकुर (16) ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक शराफतनगर-न्यू रहीमाबाद के रमेश ठाकुर प्राइवेट नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि बेटी आकांक्षा ठाकुर हाईस्कूल की छात्रा थी। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक से पास होने के लिए बेटी ने कड़ी मेहनत की थी। रिजल्ट आने पर उसे 60 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे। उम्मीद से कम नंबर आने पर वह काफी परेशान थी। पिता रमेश ने बताया कि बेटी को परेशान होता देख मां अनीता ने उसे दिलासा देते हुए इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया था।

आकांक्षा ठाकुर (फाइल फोटो)

रविवार को अनीता बेटे अनमोल के लिए कॉपी-किताबें और बैग खरीदने के लिए बाजार गई थी। पिता काम पर गए थे। देर शाम मां अनीता खरीदारी कर घर वापस लौटी, तब दरवाजा भीतर से बंद था। काफी देर तक आवाज देने पर अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। पड़ोसियों की मदद से अनीता किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर कमरे में पहुंची। वहां का नजारा देखकर उसकी चीख निकल गई। बेटी का शव फंदे से लटक रहा था। आनन-फानन छात्रा को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बेटी की मौत के बाद मां-बाप गहरे सदमे में हैं। वह कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं।

जमीन देने से इनकार पर चाकू से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ महिला ने पति पर गुडम्बा थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

अमृत विचार : गुडम्बा थाना अंतर्गत जमीन देने से इंकार करने पर एक युवक ने बेटियों के संग मिलकर दूसरी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकाला। हालांकि, पुलिस आयुक्त के निर्देश पर गुडम्बा पुलिस ने महिला के पति और उसकी दो बेटियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक नितिश श्रीवास्तव के मुताबिक, जानकीपुरम विस्तार की रहने वाली महिला (38) के पहले पति की वर्ष 2012 में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। पहले पति से उसका एक बेटा भी है। वर्ष 2023 में घरवालों ने उसकी दूसरी शादी बुलंदशहर के खुर्जा नई बस्ती निवासी स्टेशनरी व्यापारी रविंद्र सिंह से करा दी थी। महिला ने बताया कि रविंद्र की पहली पत्नी की भी मौत हो चुकी थी। जिससे उसकी दो बेटियां नीति उर्फ निष्ठा और तनु उर्फ तानिसी है। महिला का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से पति रविंद्र दहेज में 15 लाख रुपये की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगा। गत 12 मार्च की रात रविंद्र ने उसके हिस्से की 10 बीघा जमीन उसके नाम करने की बात कही। विरोध पर वह मारपीट करने लगा। महिला का आरोप है कि जब वह जान बचाकर भागने लगी तब सौतेली बेटियों ने उसे पकड़ लिया। तभी रविंद्र ने पेट में चाकू मार दिया। इसके बाद आरोपी ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। 23 मार्च को रविंद्र जबरन उन्हें गुडम्बा में स्पोर्ट्स कॉलेज के पास छोड़कर भाग निकला। पीड़िता का अरोप है कि रविंद्र तीन बार उनका गर्भपात भी करा चुका है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वास्थ्य भवन चौराहे के पास सड़क धंसने के बाद मौरंग से पाटकर बैरिकेडिंग लगा दिया। अमृत विचार

रास्ते के विवाद में किया फायर, प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मामले की गहनता से जांच में जुटी बीबीडी पुलिस

अमृत विचार : बीबीडी थाना अंतर्गत रास्ते के विवाद में दबंगों ने एक दंपति से अभद्रता की, फायरिंग कर दहशत का माहौल कायम किया। हालांकि, कोर्ट के आदेश पर बीबीडी पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह के मुताबिक, मूलरूप से सुल्तानपुर जनपद के राजे चकमदरसा त्रिलोकपुर गांव निवासी दीपक यादव ने जमीन खरीदने के लिए महानगर सेक्टर-ए निवासी कल्पना अग्रवाल और उनके पति विनोद से सम्पर्क किया था। आरोप है कि इसके बाद दंपति ने बीबीडी के भैसोरा गांव में तीन हजार वर्ग फीट जमीन का सौदा करीब 15 लाख में तय हुआ था। रुपये लेते वक्त कल्पना और विनोद ने रास्ता बना कर देने की बात कही थी। लेकिन रास्ते का निर्माण नहीं किया। पूछताछ करने पर धमकाने लगे और हवाई फायरिंग कर दिया। पीड़ित दीपक ने बीबीडी थाने में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर बीबीडी पुलिस दंपति समेत पांच लोगों पर जानलेवा हमला करने और धोखाधड़ी की धारा में एफआईआर दर्ज कराया है।

प्रापर्टी डीलर पर दस लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : बंथरा थाने में एक युवक पर प्रॉपर्टी डीलर पर दस लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार राघव के मुताबिक, पहाड़पुर गांव निवासी चंदन सिंह ने अक्टूबर 2023 में प्लॉट खरीदने के लिए प्रापर्टी डीलर हरिओम मिश्रा से सम्पर्क किया था। जिसके जरिए किसान छोटेलाल से जमीन खरीदने के लिए 27 लाख रुपये सौदा तय हुआ था। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सौदा पक्का होने पर उसने प्रापर्टी डीलर के खाते में दस लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। बावजूद इसके रजिस्ट्री नहीं की। पूछताछ करने पर प्रॉपर्टी डीलर गोलमोल जबाव देने लगा। दबाव बनाने पर वह धमकाने लगा। मजबूरन पीड़ित ने एसीपी कृष्णानगर से शिकायत की। जिनके निर्देश पर बंथरा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

सार-संक्षेप

नहर में उतराता मिला बच्चे का शव

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत शनिवार को अपने दोस्त के साथ नहर में नहाने आये अली (5) का शव सोमवार को नहर में उतराता मिला। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र के मलेशेमऊ गांव निवासी मुबारक अली का बेटा अली अपने दोस्त असलम के साथ शनिवार की दोपहर खुर्दही स्थित इंदिरा नहर में नहाने आया था। नहर में तेज बहाव के चलते उसका संतुलन बिगड़ा और वह नहर में डूब गया था।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल में रविवार को तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार परशुराम को टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गयी। माल के रघुनाथपुर निवासी बब्लू ने बताया कि ड्डपता परशुराम माल स्थित गौशाला में नौकरी करते थे। रविवार शाम को पिता साइकिल से ड्यूटी कर घर लौट रहे थे। वह गांव के पास पहुंचे ही थे तभी पीछे से आए एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से उछलकर वह दूर जा गिरे। आनन- फानन में पिता परशुराम को अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

बंद मकान से लाखों की चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम थाना अंतर्गत अर्श विहार कालोनी निवासी दिव्या कौशल ने बताया कि रविवार रात चोरों ने उनके बंद मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, नगदी, सीसीटीवी डीवीआर और कागजात पार कर दिया है। घर में हुई चोरी की भनक लगते ही पीड़िता ने लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के तिर्वा गांव निवासी रामचंद्र कश्यप ने बताया कि पड़ोसी राकेश कश्यप व पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ उनके घर के समाने कूड़ा फेंकने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि जून 2022 को बेटे महेश ने पड़ोसियों को कूड़ा फेंकने से मना किया था। इसके बाद राकेश कश्यप ने पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर बेटे व उनकी पत्नी सरस्वती पर हमला कर दिया था। हालांकि, घटना के दो साल बाद बंथरा पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

फंदे से लटका मिला महिला का शव

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा थाना अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में पार्वती (39) का शव फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, कस्बे का रहने वाला टेंट मजदूर राजू की पत्नी पार्वती ने सोमवार सुबह घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। प्रथम दृष्टया में यह बात सामने आई कि रविवार रात दंपति के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसे आहत होकर महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

बाइक सवार की मौत पर चचेरे भाई पर हत्या का आरोप

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर थाना अंतर्गत नादरगंज- मौंदा रोड शुक्रवार रात डिवाइडर से बाइक टकराने से सचिन रावत (20) की मौत हो गई थी। मृतक के भाई राहुल ने चचेरे भाई पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घटना वाली शाम चचेरा भाई सचिन को घर से बुलाकर ले गया था। पूर्व में भी वह सचिन पर हमला कर चुका है। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी ने बताया कि मामला दुघर्टना का है, लेकिन अगर कोई तहरीर मिली तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भांजे ने मामा से साढ़े तीन लाख ऐंठे

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विनयखण्ड निवासी दीपक कुमार किराए पर गाड़ी चलवाने के इच्छुक थे। इस बात की जानकारी होने पर मड़ियांव निवासी गोविंद शुक्ला ने मामा दीपक से सौदा कराने की बात कही। कुछ वक्त बाद दीपक को हरिओम मिश्र की कार दिखाई गई। जिसका सौदा करीब साढ़े तीन लाख में तय हुआ था। दीपक ने भांजे के कहने पर रुपये दिए थे। लेकिन कार उनके नाम ट्रांसफर नहीं हुई। वहीं, गोविंद ही कार का इस्तेमाल करता रहा। गोविंद को न पैसे वापस मिले और न ही कार।

इंस्टाग्राम पर अपलोड की आपत्तिजनक फोटो

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम थाने में इंस्टाग्राम की फर्जी आईडी पर युवती की आपत्तिजनक फोटो अपलोड कर पांच लाख रुपये मांगे। इंकार करने पर युवती को धमकाया गया। जानकीपुरम निवासी युवती ने बताया कि करीब दो माह पहले इंद्रजीत तिवारी, अनूप तिवारी, बागी व कुल्दीप त्रिवेदी ने इंस्टाग्राम आईडी बंद करने की धमकी दी थी। इसके बाद उसकी व उसकी बेटी के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो व वीडियो पोस्ट कर दिए। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

दो मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग पुलिस ने दो मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की पहचान सुंदर कुमार महतो और देवराज कुमार के रूप में हुई है। दोनों ही झारखंड के रहने वाले है। वह बग्लाबाजार में किराए के मकान में रहते थे। दोनों भीड़-भाड़ वाले इलाकों से मोबाइल फोन लूटने का काम करते थे। फिलहाल, पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

सैन्यकर्मी के बंद मकान से 15 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अमृत विचार : बंथरा थाना अंतर्गत काका कॉलोनी में सैन्यकर्मी के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने 14.50 लाख की ज्वैलरी व 50 हजार की नकदी पार कर दी। घटना की जानकारी होने पर सैन्यकर्मी ने बंथरा थाने में लिखित शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार राघव के मुताबिक मूलरूप से मैनपुरी जनपद के नगलामऊ निवासी सैन्यकर्मी उपेंद्र कुमार बंथरा की काका कॉलोनी में सपरिवार रहते हैं। उनकी तैनाती मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन पर है। लिखित शिकायत में सैन्यकर्मी ने बताया कि गत 16 अप्रैल को वह सपरिवार पैतृक गांव गए थे। घर में ताला लगा था। 20 अप्रैल की रात चोरों ने रेकी कर मेनगेट का ताला तोड़ अलमारी में रखी 14.50 लाख के ज्वैलरी और पचास हजार की नकदी पार कर दी। रविवार को पड़ोसियों के माध्यम से उन्हें घर में हुई चोरी की सूचना मिली। इसके बाद सैन्यकर्मी ने कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

बेटे पर दुष्कर्म का आरोप, सदमे में बुजुर्ग की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस ने महिला पर एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार : गुडम्बा थाना अंतर्गत भाखामऊ गांव में बहू द्वारा बेटे पर दुष्कर्म के आरोप के सदमे से बुजुर्ग की रविवार को मौत हो गई। बहू के आरोप पर गुडम्बा पुलिस ने आरोपी देवर को पूछताछ के लिए बुलाया था। आरोपी अपने मां और पिता के साथ गढ़ी चौकी पहुंचा। मृतक के बेटे ने अपनी भाभी के खिलाफ झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

प्रभारी निरीक्षक नितिश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, भाखामऊ निवासी एक महिला ने अपने देवर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। महिला के पति का करीब पांच वर्ष पूर्व देहांत हो चुका है। एक वर्ष पूर्व भी महिला ने देवर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें आरोप पत्र भी लगाई गई थी। मृतक के बड़े बेटे का आरोप है कि नल के विवाद में दोबारा मेरे भाई के खिलाफ दुष्कर्म में फंसाने की धमकी देती रहती थी। धमकी के कारण 90 वर्षीय पिता काफी परेशान थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला ने दो दिन पूर्व दी गई तहरीर पर आरोपी देवर को रविवार को गढ़ी चौकी बुलाया गया था। जहां युवक अपने मां और पिता के साथ पहुंचा था। पिता और मां चौकी के पास स्थित एक सैलून पर रुक गए। कुर्सी पर बैठे पिता अचानक नीचे गिर गए। निजी अस्पताल ले जाते हुए उनकी रास्ते में मौत हो गई।

ट्रस्ट के अध्यक्ष पर लगा मंदिर की जमीन कब्जाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीड़ित पक्ष ने बाजारखाला थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

अमृत विचार : यज्ञसैनी वैश्य हलवाई सभा के मंत्री ने अध्यक्ष पर कूटरचित दस्तावेज के जरिये संस्था व मंदिर का नाम बदलने का आरोप लगाया है। अध्यक्ष पर मंदिर को हड़पने का भी आरोप है। आईजी के आदेश पर बाजारखाला पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या के मुताबिक, नौबस्ता निवासी नीरज गुप्ता पंजीकृत यज्ञ सैनी वैश्य हलवाई सभा के मंत्री हैं। उन्होंने बताया कि ऐशबाग स्थित यज्ञसेन मंदिर संस्था की संपत्ति है। इसकी देखरेख भी संस्था करती है। आरोप है कि संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता संस्था की आय-व्यय का ब्यौरा नहीं देते हैं। उनका कहना है कि अध्यक्ष ने संस्था का मंदिर कब्जाने की नियत से बिजली का कनेक्शन अपने नाम करा लिया। जांच कराए जाने पर पता चला कि ओमप्रकाश ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिये मंदिर का नाम बदल लिया। इतना ही नहीं, संस्था का नाम भी बदल कर श्री राम जानकी मंदिर समिति ऐशबाग रख लिया। उनका आरोप है कि ओमप्रकाश गुप्ता लोगों से धन उगाही कर रहा है।

सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी से उतरवाए आभूषण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चेकिंग के बहाने रोका फिर लूट की वारदात होने का डर दिखाकर धोखाधड़ी

▸▸ असली जेवर लेकर कागज की पोटली थमाई, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : पीजीआई थाना अंतर्गत वृंदावन कॉलोनी में बाइक सवार टप्पेबाजों ने पुलिसकर्मी बनकर सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी चंद्रशेखर मिश्र को चेकिंग का झांसा देकर रोक लिया। फिर लूट की वारदात होने का खौफ दिखाकर लुटेरों ने उनके आभूषण उतरवा कर पुड़िया में रखने को कहा। जिसमें बाद बातों में उलझाकर असली गहनों की जगह कागज की पुड़िया थमा वहां से रफूचक्कर हो गए। हालांकि, ठगे जाने पर सैन्य अधिकारी ने सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, वृंदावन सेक्टर-छह निवासी सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी चंद्रशेखर मिश्र गत 17 अप्रैल की दोपहर करीब 1.45 पर वह साउथ सिटी स्थित दक्षिणेश्वर मण्डपम पूजा कराने के लिए जा रहे थे। बी-ब्लॉक स्थित स्टेट बैंक के पास पहुंचने पर पर बाइक सवार दो लोग आ गए। जिन्होंने आवाज लगा कर चंद्रशेखर को रोक लिया।

पूछने पर पुलिस कर्मी के तौर पर परिचय देते हुए बताया कि कुछ देर पहले लूट की घटना हुई है। हमें चेकिंग के निर्देश मिले हैं। इस वजह से बिना वर्दी के चेकिंग कर रहे हैं। आप डिग्गी खोलिए हम देख लेंगे। लिखित शिकायत में पीड़ित सैन्यकर्मी ने बताया कि एक युवक उनसे लगातार बात करता रहा। वहीं, दूसरा डिग्गी चेक करने लगे। जिसके बाद युवकों ने चंद्रशेखर से चेन और अंगूठी उतार कर पुड़िया में रखने के लिए कहा। ठगों की बातों में उलझ कर चंद्रशेखर ने भी बिना कुछ सोचे जेवर उतार दिए। जिन्हें डिग्गी चेक कर रहे युवक ने लेकर कागज की पुड़िया में लपेटने का नाटक किया। फिर असली गहनों की जगह पुड़िया में पत्थर के टुकड़े रख कर चलते बने। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

ई-रिक्शा सवार युवक से मोबाइल लूटा

आलमबाग कोतवाली अंतर्गत में रविवार रात ई- रिक्शा पर सवार युवक से बाइक सवार लुटेरों ने मोबाइल लूट लिया। बाजारखाला मोहल्ला करेहटा निवासी आकाश कुमार के अनुसार वह अमीनाबाद में एक कास्मेटिक की दुकान पर काम करता है। रविवार रात वह चारबाग से ई- रिक्शा पर बैठ कर मवैया की तरह आ रहा था। उस दौरान पीछे से बिना नम्बर प्लेट लगी बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मार उसके हाथ से मोबाइल फोन लूट लिया और बाइक पर फरार्टा भरते फरार हो गए। आलमबाग प्रभारी निरीक्षक एसएस महादेवन ने बतायाकि बदमाशों की तलाश की जा रही है।

कारोबारी समेत चार लोगों से सात लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीड़ितों ने दर्ज कराई एफआईआर

अमृत विचार : जालसाजों ने मसाला कारोबारी समेत चार लोगों से सात लाख रुपये ऐंठ लिए है। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर कैंट, चिनहट, जानकारी और मड़ियांव कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैंट थाना अंतर्गत नीलमथा निवासी श्रेष्ठा की सब्जी मसालों की फर्म है। उनकी फर्म में सब्जी मसाले बनाए जाते हैं। लिखित शिकायत में फर्म संचालिका ने बताया कि मड़ियांव कोतवाली के नायक नगर निवासी नीरज गुप्ता ने उनसे 2.10 लाख रुपये मसाले खरीदे थे। इसके एवज में नीरज ने 25 हजार रुपये का भुगतान किया था। शेष रकम मांगने पर नीरज ने उसकी पिटाई कर दी। वहीं, मलिहाबाद कोतवाली के वाजिबनगर नवीपनाह रोड निवासी सद्दीक ने चिनहट थाने में डीलर नवेदा मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के विराज विक्रम सिंह, आयसर कंपनी फाइनेंस बैंक व कोटक महिंद्रा के कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2020 में उन्होंने ट्रैक्टर फाइनेंस कराया, जिसके लिए उन्होंने 1.55 लाख रुपये नकद दिए। वह लगातार त्रैमासिक किस्त भी देते रहे, लेकिन विजय ने ट्रैक्टर के कागजात उन्हें नहीं दिए। छानबीन करने पर पता चला कि आरोपी फर्जी कागजात बनाकर पुराने ट्रैक्टर बेचते हैं। उधर, जानकीपुरम के सेक्टर-छह निवासी अलर्क मिश्रा ने बताया कि टेलीग्राम ऐप जालसाजों ने उससे 99500 हजार रुपये ऐंठ लिए हैं। इसके अलावा मड़ियांव कोतवाली के अंबर विहार कालोनी निवासी कलीम अहमद से 2.75 लाख की ठगी हो गई। पुलिस के मुताबिक सभी मामलों की जांच की जा रही है।

एक नजर

लखनऊ की लड़कियों ने बिखेरा जलवा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ की जूनियर बालिका बास्केटबॉल टीम ने 34वीं उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में स्वर्णिम सफलता प्राप्त कर इतिहास रच दिया। बागपत में गत 16 से 22 अप्रैल तक आयोजित इस चैंपियनशिप में लखनऊ की जूनियर (अंडर-19) बालिकाओं ने फाइनल मेरठ को रोमांचक मुकाबले में 49-43 से हराकर पहली बार खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। इस चैंपियनशिप में लखनऊ की कप्तान राष्ट्रीय सीनियर खिलाड़ी समीहा यूसुफ रही, जिनके नेतृत्व में लखनऊ की खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत, अभ्यास और समन्वय के साथ खेल दिखाते हुए पहला स्थान हासिल किया। टीम में कप्तान समीहा यूसुफ, अनुष्का चौहान (सीनियर नेशनल खिलाड़ी), तेजस्विनी सिंह (जूनियर नेशनल खिलाड़ी), नव्या सिंह, रेशमा यादव, भाविका त्रिपाठी दिव्यांशी शर्मा, ज्योति यादव, काजल, दृष्टि गुप्ता, शिनाय ओबेरॉय, जान्हवी सिंह को शामिल किया गया है।

एसएस पब्लिक स्कूल में प्रिंस व अर्चित टॉपर

अमृत विचार, लखनऊ : एसएस पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल के छात्र प्रिंस वर्मा ने 93.33 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सौरभ यादव ने 89 प्रतिशत, अभय राजपूत ने 88 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं इंटरमीडियट की छात्रा अर्चिता गुप्ता ने 88.4 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी मेधावियों को सम्मानित किया गया।

इंडियन इलेवन की जीत में अजय कुमार ने जड़ा तूफानी अर्धशतक

सीएएल डेकाथलन टी-20 कप क्रिकेट टूर्नामेंट में आस्का को 8 विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अजय ने 42 गेंदों पर 6 चौकों व 7 छक्कों के बल पर 84 रन बनाए

अमृत विचार : धारदार गेंदबाजी के बाद मैन ऑफ द मैच अजय कुमार (नाबाद 84) के तूफानी अर्धशतक की बदौलत इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब ने सीएएल डेकाथलन टी-20 कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी (आस्का) को 8 विकेट से हरा दिया।

लार्ड बालाजी बी ग्राउंड पर आस्का ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट पर 118 रन का स्कोर बनाया। देवेंद्र (19) व कुणाल सिंह (38) ने पारी की शुरुआत की। इसके बाद टीम को इंडियन इलेवन के गेंदबाजों ने खासे झटके दिए।

इसके चलते अमित विश्वकर्मा (19) व संदीप पाण्डेय (15) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। इंडियन इलेवन से अनुज कुमार सिंह ने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट चटकाए। उनका साथ देते हुए सौरभ यादव ने 10 रन व सूर्यव्रत प्रसाद ने 21 रन देकर 2-2 विकेट झटके।

मोहम्मद हाशिम को एक विकेट मिला। जवाब में इंडियन इलेवन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 13.3 ओवर में 2 विकेट पर 119 रन बनाकर जीत अपने नाम कर ली। टीम को शुरू में ही तब झटका लगा जब सलामी बल्लेबाज मानस मात्र 6 रन बनाकर दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर पवेलियन लौट गए। उस समय टीम का स्कोर मात्र 22 रन था। इसके बाद स्कोर में महज एक रन का इजाफा और हुआ ही था कि सूर्यव्रत बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

हालांकि दूसरे सलामी बल्लेबाज अजय कुमार ने नाबाद 84 रन की आतिशी अर्धशतकीय पारी खेलते हुए टीम की झोली में जीत डाल दी। अजय कुमार ने 42 गेंदों की अपनी पारी में 6 चौके व 7 छक्के भी जड़े। शिवम यादव ने 32 गेंदों पर 3 चौको से नाबाद 25 रन का योगदान किया।

लखनऊ रिक्रिएशन क्लब जीता

इसी टूर्नामेंट के अन्य लीग मैच में लखनऊ रिक्रिएशन क्लब ने इकाना 56 रेंजर्स को हराया। लखनऊ रिक्रिएशन क्लब के 144 रनों के जवाब में इकाना रेंजर्स 88 रन ही बना सके। विजयी टीम की ओर से मैन ऑफ द मैच सैयद अलीम और मो. अर्शलान ने 4-4 विकेट लिए।

राज ने दिलाई मेगा ट्रेंड्स को 56 रनों से जीत

एक अन्य लीग मैच में मेगा ट्रेंड्स ने यूनिटी क्रिकेट अकादमी को 56 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेगा ट्रेंड्स ने 197 रन बनाए। जवाब में यूनिटी अकादमी की टीम 141 रन ही जोड़ सकी। विजयी टीम की ओर से मैन ऑफ द मैच राज नाविक ने 31 गेंदों में 6 चौके और 3 छक्के की सहायता से 57 रनों की पारी खेली।

शिवांश की गेंदबाजी से जीते द क्रिएटर्स

लीग के एक अन्य मैच में द क्रिएटर्स क्लब ने द्रोण क्रिकेट अकादमी को 10 विकेट से हराया। द्रोण अकादमी के 37 रनों के जवाब में द क्रिएटर्स ने बिना कोई विकेट खोए 37 रन बनाए और जीत दर्ज की। विजयी टीम के मैन ऑफ द मैच शिवांश त्रिपाठी ने 3 ओवर में दो मेडन और मात्र दो रन देकर दो विकेट लिए।

गुलमोहर की 89 रनों से हार, जीता राज गार्डन

लीग के एक अन्य मैच में राज गार्डन ने गुलमोहर क्रिकेट अकादमी को 89 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राज गार्डन ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 165 रनों को स्कोर बोर्ड पर टांगा। जवाब में गुलमोहर की टीम 76 रन ही बना सकी। विजयी टीम से वैभव यादव ने 36 रन की पारी खेली और विरोधी टीम के दो विकेट चटकाए। अन्य लीग मुकाबलों में एनडीबीजी क्रिकेट क्लब ने एसएआर क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से और आरईपीएल क्रूसेडर्स ने आरकेबी क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हरा दिया।

टूर्नामेंट में जीत हासिल करने वाले कैडी और गोल्फ क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

कैडी गोल्फ में सुभाष बने ओवरऑल विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 155 खिलाड़ियों को विभिन्न श्रेणियों में बांटकर आयोजित की गई स्पर्धाएं

अमृत विचार : जिनके कंधों पर गोल्फ किट रहती है और वह गोल्फ क्लब में आने वालों को गोल्फ खिलाकर अपना जीविकोपार्जन करते है, वहीं सोमवार को गोल्फ क्लब में जीत के लिए दो-दो हाथ करते दिखाई पड़े।

गोल्फ क्लब में कैडी गोल्फ टूर्नामेंट में कैडियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन करते हुए सुभाष रावत ने ओवरऑल खिताब अपने नाम किया। ए कैटेगिरी में सुभाष शीर्ष स्थान पर रहे और उन्होंने विजेता होने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता की ए कैटेगिरी में दूसरे स्थान पर दीपक रावत रहे। किशन को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। आयोजकों के अनुसार अधिकांश कैडी निकट ही मार्टिनपुरवां क्षेत्र के रहे।

प्रतियोगिता की बी-कैटेगिरी में अब्दुल्ला और सी-कैटेगिरी में सुमित यादव चैंपियन बने। स्पेशल कैटेगिरी में आशीष गुप्ता ने बाजी मारी। रोमांचक मुकाबले में उन्होंने ऋषि रावत को शिकस्त दी। लखनऊ गोल्फ क्लब के कप्तान आरएस नंदा ने बताया कि एक दिवसीय प्रतियोगिता कैडियों के लिए आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में 155 खिलाड़ियों को विभिन्न श्रेणियों में बांटकर स्पर्धाएं आयोजित की गई। विजेता खिलाड़ियों को तकरीबन दो लाख रुपये की धनराशि दी गई। समापन समारोह में लखनऊ गोल्फ क्लब के सचिन रजनीश सेठी, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, गुरमीत सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

पंजा कुश्ती की मेजबानी करेगा लखनऊ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन की सामान्य सभा की बैठक में लिया गया फैसला

अमृत विचार : परंपरागत व भूले बिसरे खेलों को नया प्लेटफार्म देने के लिए लगातार कार्य कर रहा उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन जुलाई में राज्य पंजा कुश्ती चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इसके साथ ही अन्य नॉन ओलंपिक खेलों के प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। यह फैसला उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन की सामान्य सभा की सोमवार को हुई बैठक में लिया गया। राज्य पंजा कुश्ती चैंपियनशिप जून में आयोजित की जाएगी।

उत्तर प्रदेश चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के इंदिरा नगर स्थित मुख्यालय में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय दीप सिंह (सेनि आईएएस) ने की। इस अवसर पर महासचिव एके सक्सेना ने बताया कि एसोसिएशन के 15वीं राज्य पंजा कुश्ती चैंपियनशिप लखनऊ के पुलिस लाइन में 13 से 16 जून तक आयोजित की जाएगी। इसके साथ परंपरागत व भूले बिसरे खेलों की प्रतियोगिता जुलाई में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कराई जायेगी। इस आयोजन में लगभग एक हजार बच्चे प्रतिभाग करेंगे।

इस बैठक में 17 खेल संघों के पदाधिकारीगण मौजूद रहे और अध्यक्ष अजय दीप सिंह ने सभी पदाधिकारियों को डिजिटल आई कार्ड पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हाल ही में ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के उपाध्यक्ष चुने गए एके रायजादा (उत्तर प्रदेश चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन) को सम्मानित किया गया। बैठक में रैकेटबाल एसोसिएशन के तारिक हसन नकवी व जय प्रकाश श्रीवास्तव, कैरम एसोसिएशन के अनिल अस्थाना व आरएनएल सोनकर, उत्तर प्रदेश चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अनिल कुमार रायजादा व आनंद सिंह, सिविल सर्विसेज के यादवेंद्र मिश्र, मलखम्ब एसोसिएशन के संजीव सरावगी, रवि परिहार व अनिल पटेल, गदाजोड़ी (मुग्दर) के एके सक्सेना, सहित कई लोग मौजूद रहे।

साईं दिव्योत्सव पर निकलेगी पालकी यात्रा

अमृत विचार, लखनऊ : मंगलवार को साईं स्थापना एवं दिव्योत्सव पर साईं पालकी एवं भजन संध्या के साथ भंडारे का आयोजन किया जायेगा। साईं पालकी आज सुबह 9 बजे 85, गौराबाग, कुर्सी रोड स्थित साईं हॉस्पिटल से निकाली जाएगी।

साईं पालकी कुर्सी रोड से टेढ़ी पुलिया चौराहा होते हुए वापस आएगी। शाम 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें साक्षी ग्रुप की साक्षी, जॉन अजमेरी, सुबोध अजमेरी, शेखर श्रीवास्तव और नंदनी गुप्ता द्वारा बाबा का गुणगान किया जाएगा। इस मौके पर अमर तिलकधारी ग्रुप द्वारा राधा कृष्ण की फूलों की होली खेली जाएगी।

रहस्यों को समझने में सहायक होंगे चित्र : डॉ. विद्या बिंदु

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संगीत की राग-रागनियों पर बनाये गए दर्शनीय चित्रों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी शुरू

अमृत विचार : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में सोमवार को रागमाला पर आधारित लघु चित्रों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी शुरू हुई। वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह और चित्रकार पद्मश्री विजय शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

इस प्रदर्शनी में पद्मश्री डॉ. विजय शर्मा और हिमाचल प्रदेश के चम्बा से आये उनके साथी कलाकारों के बनाये चित्रों को शामिल किया गया है। प्रदर्शनी में शामिल चित्रों के बारे में विजय शर्मा ने बताया कि राग माला चित्र राजस्थानी शैली के होते हैं, लेकिन यहां प्रदर्शित चित्र कांगड़ा शैली में बनाये गए हैं।

प्रदर्शनी में विजय शर्मा के अलावा अरविन्द कुमार, अंशु मोहन, सौरभ शर्मा, राजीव कुमार, भुवनेश्वर शर्मा, सारंग शर्मा, सुशील कुमार और भूपिंदर शर्मा की कृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इन कलाकारों ने अपनी कुल 16 कृतियों में चित्र बनाये हैं।

डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने यहां कहा कि ललित कलाएं आपस में जुड़ी हुई हैं। उनके बीच छिपे रहस्यों को जानने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी 10 दिनों के कड़े परिश्रम का नतीजा है। उन्होंने कहा कि राग रंग, चित्रांकन और नृत्य को विशेष दृष्टि से देखने में यह प्रदर्शनी सहायक सिद्ध होगी। प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन, गायन विभाग की अध्यक्ष डॉ. सृष्टि माथुर, नृत्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेंद्र वाजपेयी, पं. धर्मनाथ मिश्र, डॉ. रश्मि चौधरी, डॉ. अभिनव सिन्हा और विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

कैसरबाग स्थित भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में लघु चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं पद्मश्री विद्याविन्दु सिंह, कुलपति प्रो. मांडवी सिंह।

मेट्रो में चित्रों के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश देते बच्चे। अमृत विचार

मेट्रो में चित्रों के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण पर दिया गया संदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ मेट्रो में सोमवार को बच्चों ने विश्व पृथ्वी दिवस पर चित्रों के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश यात्रियों को दिया। 30 गरीब बच्चों ने मेट्रो की तरफ से प्राप्त कलरिंग शीट में रंग भर यात्रियों को पृथ्वी संरक्षण के प्रति जागरुक किया।

निशातगंज इलाके से आए इन बच्चों ने आईटी मेट्रो स्टेशन से अपनी पहली मेट्रो यात्रा शुरु कर रास्ते में पड़ने वाले खूबसूरत नजारों का खूब आनंद लिया। बच्चे आईटी से सीसीएस एयरपोर्ट तक यात्री की। इस यात्रा के दौरान वह खासे उत्साहित दिखे। उन्होंने चलती ट्रेन में कलरिंग शीट पर रंग भर खूबसूरत चित्रों को नया आकार दिया। लखनऊ मेट्रो ने बच्चों को पृथ्वी संरक्षण के प्रति जागरुक करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्हें कलरिंग शीट, पेंसिल एवं कलर देकर पुरस्कृत किया।

डीआरएम ने व्यापारियों को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे लखनऊ के मंडल कार्यालय मे सोमवार आयोजित बैठक में डीआरएम उत्तर रेलवे एसएम शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट राहुल एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के व्यापारी और प्रतिनिधि शामिल हुए। डीआरएम ने बैठक में व्यापारियों की रेलवे के साथ होने वाली व्यापारिक समस्याओं की जानकारी पर चर्चा हुई और उन्हें जल्द निस्तारित किए जाने का आश्वासन भी दिया गया।

बैठक में उपस्थित व्यापारियों को मंडल ने लदान (लोडिंग) में वित्तीय वर्ष 23-24 में निर्धारित 5.00 मिलियन टन लक्ष्य के मुकाबले, 5.18 मिलियन टन लोडिंग की उपलब्धि के बारे मे बताया गया। लखनऊ मंडल द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक लोडिंग के लिए उद्यमियों को शील्ड प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सिद्धार्थ वर्मा सहित वाणिज्य और परिचालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डांसिंग मॉम ऑफ लखनऊ में 50 प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 12 मई को आयोजित किया जायेगा फाइनल राउंड

अमृत विचार : गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में लखनऊ जंक्शन ने नृत्य प्रतियोगिता डांसिंग मॉम ऑफ लखनऊ के पहले राउंड का आयोजन किया।

कार्यक्रम के पहले चरण में 137 प्रतिभागियों में से 50 का ऑनलाइन चुनाव करने के बाद उन्हें सोमवार को ऑडीशन के लिए बौद्ध शोध संस्थान में बुलाया गया था। इनमें से 25 का चयन फाइनल राउंड के लिए कर लिया गया है। फाइनल राउंड 12 मई को आयोजित किया जायेगा।

इस प्रतियोगिता में डिड सुपर मॉम से चर्चित रिद्धि तिवारी और ग्लैडरैग्स मिसेज इंडिया से चर्चित गीतांजलि सिंह निर्णायक के तौर पर मौजूद रहीं। प्रतिभागियों ने फिल्मी और शास्त्रीय गानों पर अपने नृत्य का जलवा बिखेरा। आयोजक वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि आगे भी ऐसे आयोजन करते रहेंगे ताकि प्रतिभाओं को मंच मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागी। अमृत विचार

आईआईएम रोड स्थित हार्टफुलनेस सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

यूथ यूनाइट कार्यक्रम में सिखायी गईं उपयोगी तकनीक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आईआईएम रोड स्थित हार्टफुलनेस सेंटर पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार : विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास कर सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। इस उद्देश्य के साथ युवाओं को ध्यान के माध्यम से तनाव मुक्त माहौल के साथ जीवन में उच्चतर लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए यूथ यूनाइट कार्यक्रम में उपयोगी तकनीकें सिखायी गईं।

कार्यक्रम का आयोजन हार्टफुलनेस के आईआईएम रोड स्थित सेंटर में किया गया। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय, चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय व बाल निकुंज इंटर कॉलेज के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर रोहित ने बताया कि आज के युवा तमाम चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।प्रोफेशनल और सामाजिक जिम्मेदारियों का बोझ उन पर हावी है। यथ यूनाइट कार्यक्रम में युवाओं को मेडिटेशन, मस्तिष्क पर निपुणता पाने एवं जीवन मे उच्चतर लक्ष्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक विभिन्न तकनीकों को सिखाया जाता है।

सेंटर की जोन कोऑर्डिनेटर शालिनी मेहरोत्रा ने बताया कि हार्टफुलनेस संस्थान द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर से एक वर्ष का देशव्यापी यूथ यूनाइट कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस क्रम में लखनऊ में यह पहली फालोअप वर्कशॉप आयोजित की गयी।

जैन धर्म सनातन की ही एक शाखा है : जस्टिस देवेन्द्र अरोड़ा

आरएसएस ने महावीर जयंती पर किया संगोष्ठी सभा का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संघ व जैन समाज के लोग रहे मौजूद

अमृत विचार : गोमतीनगर स्थित जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महामहोत्सव पर संगोष्ठी सभा का आयोजन किया। इसमें सेवानिवृत्त जस्टिस देवेंद्र कुमार अरोड़ा ने कहा कि जैन धर्म सनातन धर्म की ही एक शाखा है। उन्होंने अहिंसा को अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि आज के समय में महावीर स्वामी के सभी संदेश प्रासंगिक हैं।

आरएसएस के प्रांत प्रचारक कौशल ने कहा कि किसी भी पंथ या धर्म के महापुरुष किसी समाज विशेष के नहीं होते, वे सबके लिए कल्याणकारी होते हैं। समाज के हर सदस्य को महापुरुषों के विचारों का अनुसरण करना चाहिये।

कार्यक्रम को दिये संबोधन में आरएसएस के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख अरुण जैन ने कहा कि वर्तमान में महावीर स्वामी की जयंती का वर्ष मनाया जा रहा है। अंग्रेजों की नीतियों के कारण जब हिन्दुओं को अपनी संस्कृति पर गर्व नहीं रह गया था तब स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में हुए धर्म सम्मेलनों में हिन्दू धर्म की उपयोगिता से दुनिया का परिचय कराया था।

प्रांत प्रचारक कौशल ने कहा कि महावीर स्वामी के पिता की मृत्यु के बाद 28 वर्ष की आयु में मन में वैराग्य के भाव जाग गए थे। बड़े भाई के समझाने पर वे दो साल तक सन्यास नहीं ले पाए। मगर 30 वर्ष की आयु पूर्ण होते ही उन्होंने अपने धन-सम्पदा को दान करने के बाद पूर्ण रूप से सन्यास ग्रहण कर लिया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही ने कहा कि आज का दिन महावीर स्वामी की जयंती के साथ ही विश्व पृथ्वी दिवस की भी है। महावीर के दर्शनों में भी पर्यावरण पर चिंतन किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ओएसडी सरवन सिंह बघेल ने कहा कि महावीर स्वामी ने भारत को विचार दिया। अहिंसा परमो धर्मः ने सम्पूर्ण संसार को एक दृष्टी दी है।

आरएसएस की ओर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं जैन समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन कुमार जैन ने की।

जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के सभागार में आयोजित भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महामहोत्सव में मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार अरोड़ा व अन्य अतिथियों के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार

पूर्व संध्या पर शुरू हुई राम हनुमान संकल्प यात्रा

अमृत विचार, लखनऊ : राम भक्त हनुमान के प्राकट्योत्सव की पूर्व संध्या पर सोमवार को हनुमत सेवा समिति की ओर से हुसैनगंज के हनुमान मंदिर से राम हनुमत संकल्प यात्रा शुरू हुई। इस यात्रा में शामिल होने वाले हनुमान भक्तों के बीच हनुमान चालीसा का वितरण किया गया।

हनुमत सेवा समिति के अध्यक्ष और यात्रा के संयोजक विवेक पाण्डेय ने बताया कि यह यात्रा हुसैनगंज स्थित प्रतिष्ठित राम हनुमान मंदिर से शुरू होकर 51 मंदिरों की यात्रा करते हुए हनुमान जन्मोत्सव के दिन मंगलवार को प्रयागराज स्थित प्रतिष्ठित लेटे हनुमान मंदिर परिसर में विराम लेगी।

एफडीपी के सहारे एकेटीयू बढ़ाएगा कक्षाओं की गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विषयों के लिए 21 फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का चयन

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने अपने संबद्ध संस्थानों में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम कराने का निर्णय लिया है। कुलपति ने बताया है कि स्क्रीनिंग के बाद इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग विषयों के 21 एफडीपी संबद्ध संस्थानों में आयोजित किये जाएंगे।

कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय ने एफडीपी कराने का निर्णय क्लासरूम में शैक्षणिक कार्यक्रमों की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लिया है। इससे शोध और नवाचार के अलावा एनईपी 2020 के क्रियान्वयन में भी मदद मिलेगी। एफडीपी में नई उभरती तकनीकी के साथ ही एनईपी, आर्किटेक्चर और प्लानिंग में नई शोध की संभावनाएं, उद्यमिता और नवाचार, सतत विकास के लिए हालिया सिद्धांत के अलावा नैक ग्रेडिंग आदि विषय को रखा गया है। इससे शिक्षकों को कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। संस्थानों को इन्हें 15 सितंबर के पहले कराना होगा। इसे आयोजित कराने के लिए विश्वविद्यालय आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराएगा।

एक नजर

करंट लगने से लाइनमैन की मौत

सरेनी, रायबरेली। रविवार की रात में लगभग 10 बजे मदाखेड़ा गांव के एक किसान की विद्युत लाइन की खराबी ठीक करने गये 55 वर्षीय लाइन मैन की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। सरेनी थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव निवासी मृतक राकेश सिंह पुत्र राम स्वरूप सरेनी विद्युत उपकेन्द्र के नीबी फीडर में बतौर संविदा लाइनमैन के तौर पर कार्य कर रहा था। वह रात में फसल की थ्रेसरिंग कर रहे मदाखेड़ा गांव के किसी किसान के बुलाने पर फाल्ट ठीक करने गया था। उसकी मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

पुलिस चौकी से चंद कदम दूर युवक पर चले लात-घूंसे

संवाददाता, रायबरेली। त्रिपुला पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी पर एक होटल में किसी बात को लेकर एक युवक ने दूसरे पर लात-घूसों से हमला कर दिया। इसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे पुलिस महकमे में खलबली मच गई। आनन-फानन में दोनों को पकड़ कर शांतिभंग में पुलिस ने चालान कर दिया। शहर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि पीड़ित अमित कुमार तिवारी निवासी धमसी राय का पुरवा से किसी को बात को लेकर गगन उर्फ मोहित निवासी किशुनदासपुर रामचंदपुर से विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

अज्ञात बुजुर्ग महिला का मिला शव, हड़कंप

सेमरी, रायबरेली। थाना क्षेत्र के बखतखेड़ा मजरे रमुवापुर दुबई में गंगा एक्सप्रेस-वे के पास सोमवार की सुबह खेतो में एक 70 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों का मजमा लग गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा महिला के शव की पहचान कराने के लिए आस पास लोगो से पूछताछ की गई लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। इस संबंध में खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त कराई जा रही है।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता ने अधीनस्थ पर चलाए लात-घूंसे

आधुनिक रेल कोच कारखाना की घटना, आक्रोशित कर्मचारियों ने किया कार्यालय का घेराव, कार्रवाई की मांग

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। रेल कोच कारखाने में उत्पादन के बजाय अब लात घूंसों की बौछार होने लगी है। सोमवार को आधुनिक रेल कोच कारखाने में एक प्रथम श्रेणी अधिकारी के द्वारा मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। आरोप है कि उपमुख्य यांत्रिक अभियंता आईटी ने अपने अधीनस्थ अधिकारी पर जमकर लात घूंसे चलाए। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया।

रेल कोच के आईटी विभाग के उप मुख्य यांत्रिक अभियंता अमित कुमार ने अपने अधीनस्थ वरिष्ठ अनुभाग अभियंता को उसके कार्यालय में जाकर लात घूसों से मारा-पीटा। साथ ही गालीगलौज भी किया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल वरिष्ठ अनुभाग अभियंता संतोष कुमार मौर्य ने बताया कि उनके उच्च अधिकारी अमित कुमार आए दिन कर्मचारियों का उत्पीड़न करते थे, जिसकी शिकायत एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने जीएम सहित उच्च अधिकारियों और यूनियन से की थी। इसी से नाराज होकर उप मुख्य यांत्रिक अभियंता अमित कुमार सोमवार को उनके कार्यालय मिनी एडमिन बिल्डिंग में आए और आते ही कहने लगे कि तुमने मेरी शिकायत की है। गाली गलौज करते हुए जमकर मारा पीटा।

संतोष मौर्य का कहना है कि मारपीट की घटना में उन्हें गंभीर चोटे आई हैं। डिप्टी सीएमई अमित ने उसे गिरा गिरा कर फर्श पर मारा पीटा। उसके मुंह नाक से खून आने लगा था।

मारपीट के बाद अमित गाली गलौज करते हुए निकल गया। उसे उसके साथी कर्मचारियों ने एंबुलेंस के द्वारा रेल कोच के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लालगंज सरकारी अस्पताल भेज दिया। सरकारी अस्पताल में मौजूद डॉ आरके तिवारी ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। वही संतोष मौर्य के द्वारा मामले की शिकायत लालगंज पुलिस से की गई है। पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। मारपीट की घटना को लेकर रेल कोच कारखाने के मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल और महामंत्री सुशील गुप्ता ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि इस तरह की घटनाओं से कर्मचारियों का मनोबल घट रहा है। इससे रेल कोच के उत्पादन में भी असर पड़ेगा। वही रेल कोच के यूनियन नेताओं ने घटना के बाबत एडमिन बिल्डिंग पहुंचकर रोष जताया है।

एडमिन बिल्डिंग में प्रदर्शन करते रेल कोच कर्मचारी। अमृत विचार

सरकारी अस्पताल में भर्ती संतोष मौर्य।

आग से कई किसानों की फसल जलकर राख

रायबरेली। खेतों में अचानक लगी आग से किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख में तब्दील हो गई। मामला बहाई ग्राम सभा के पुरवा चमनगंज का है। दोपहर को लगी आग ने किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जानकारी होते ही लोगो ने कड़ी मशक्कत करके किसी तरह से आग में काबू पा लिया, जिससे और फसल नुकसान होने से बच गई। जानकारी मिलते ही राजस्व निरीक्षक सत्यभवन शुक्ला अपने सहयोगी सहित फौरन मौके पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान का जायजा लिया। घटना की जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत से लगी आग से जनेश, रतीपाल ,राजबहादुर आदि किसानों की लगभग 16 बिस्वा भूमि में खड़ी गेहूं की फसल जल गई है, जिसकी जांच मैने कर ली है। सहायता राशि का अनुमोदन होते ही पीड़ित किसानों को दी धनराशि उपलब्ध करा दी जायेगी।

चिकित्सक के बिना ही किया ऑपरेशन, बच्चे की मौत, प्रसूता गंभीर

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। जिले में मानकविहीन नर्सिंग होम और निजी अस्पताल संचालित हैं। उन पर अंकुश लगाने के बजाये स्वास्थ्य विभाग खामियों को छिपाने में लगा हुआ है। इसके चलते आए दिन कहीं ना कहीं लापरवाही से लोगों को जान गंवाना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र में सामने आया है। यहां पर चिकित्सक के आए बगैर ही कर्मचारियों ने प्रसव पीड़ा होने पर आपरेशन कर दिया। इस दौरान लापरवाही से बच्चे की मौत हो गई। वहीं प्रसूता की हालत गंभीर बनी हुई है। मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए।

पीड़ित आनंद मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि पत्नी विशाखा श्रीवास्तव की डिलीवरी उपमा सुर्जरानी पॉलीक्लिनिक हरचंदपुर में होनी थी। प्रसूता को जब लेबर पेन उठा तो उसे लेकर नर्सिंग होम लाया गया। यहां के संचालक नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि प्रसूता का ऑपरेशन होगा, जिसके लिये सर्जन को बुलाया जाएगा। देर रात जब लेबर पेन अचानक बढ़ गया तो आनन-फानन में ही नीरज श्रीवास्तव व उनके सहकर्मियों द्वारा प्रसूता की डिलीवरी करने के लिए ऑपरेशन किया जाने लगा। नाल काटते समय बच्चे की मौत हो गई, जबकि प्रसूता की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित आनंद मोहन श्रीवास्तव का आरोप है कि नीरज श्रीवास्तव के पास कोई डिग्री नहीं है और सर्जन की गैर मौजूदगी में उन्होंने ऐसा किया। जिसके कारण यह घटना हो गई। उनका कहना है कि नीरज श्रीवास्तव सिर्फ एक लैब टेक्नीशियन है। बच्चे की मौत के बाद आनंद मोहन श्रीवास्तव ने 112 को कॉल किया और नर्सिंग होम के संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भी प्रयास किया जा रहा है ताकि नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके। उधर, सीएमओ डा. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच के लिए टीम भेजी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

▸▸ परिजन ने जमकर किया हंगामा उपमा सुर्जरानी पॉलीक्लिनिक का मामला

अस्पताल के बाहर खड़े परिजन। अमृत विचार

सैयद शाह बाबा का सालाना उर्स तीन मई से

बछरावां

रायबरेली बछरावां नगर में हिंदू मुस्लिम कौमी एकता का प्रतीक बछरावां का ऐतिहासिक सैयद शाह, मखदूम शाह व हाफिज रौनी रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स शरीफ मेला आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए प्रतिवर्ष उर्स कमेटी द्वारा आयोजित किया जाता है। बछरावां में प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग पर हजरत सैयद शाह, मखदूम शाह व हाफिज रौनी रहमतुल्ला अलैह के सालाना उर्स शरीफ का तीन मई से आगाज होगा। तीन मई को जुम्मा की नमाज के बाद कुरान ख्वानी बाद नमाज इशा जश्ने ईद मिलादुन्नबी से शुरू होगा। जिसमें मुल्क के तमाम मौलाना शिरकत करेंगे। 4 मई को महफिले शमा जवाबी उजाला परवीन कानपुर व शरीफ परवाज कानपुर के बीच आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही साथ उर्स के अंतिम दिन 5 मई को भी महफिलें शमा जवाबी सनम वारसी संभल मुरादाबाद व फैजान अजमेरी मैनपुरी एटा के बीच आयोजित किया जाएगा। इस उर्स का का आयोजन सेक्रेटरी निजामुद्दीन, खजांची शहाबुद्दीन, नायब सेक्रेटरी भैय्यन हुसैन, उर्स कमेटी के मीडिया प्रभारी अंकुर चौधरी, नायब खजांची रेशू मंसूरी, अनस मंसूरी, इमरान मंसूरी, प्रचारक तुषार मंसूरी, प्रचार मंत्री राजू मंसूरी व डॉक्टर सीएम त्रिपाठी की देखरेख में उर्स का आयोजन किया जाएगा।

सीएचसी में खड़ीं चार एंबुलेंस जली

एंबुलेंस में लगी आग को बुझाने का प्रयास करता कर्मचारी। अमृत विचार

सांडा, सीतापुर, अमृत विचार। सोमवार को सीएचसी सांडा में खड़ी चार अनुपयोगी एंबुलेंस में अज्ञात कारणों की वजह से आग लग गई। जिस वजह से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ददमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल कर्मचारियों ने सीएचसी कर्मचारियों के साथ मिलकर आग को बुझाया। सभी एबुलेंस आग से जलकर खाक हो गईं। सीएचसी अधीक्षक का कहना है कि एबुंलेंस काफी समय से प्रयोग में नहीं लाई जा रही थीं।

सोमवार सुबह आठ बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा के परिसर में खड़ी चार एंबुलेंस अचानक धू-धूकर जलने लगीं। ऐसे में सीएचसी सहित पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सीएचसी कर्मचारियों ने आग को बुझाने का प्रयास किया और दमकल विभाग को आग लगने की सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने आग को कड़ी मशक्कत के बाद बुझाया। बताया जा रहा है कि सीएचसी सांडा के परिसर में वर्षों से चार अनुपयोगी एंबुलेंस खड़ी थीं, जिनके आसपास काफी झाड़-झंकाड़ उग आए थे, जो तेज गर्मी में सूख गए थे। सोमवार को सूखी घास और झाड़ियां में आग लग जाने चार निष्प्रयोज्य एम्बुलेंस जलकर स्वाहा हो गईं। सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार सचान ने बताया कि निष्प्रयोज्य एंबुलेंसों में आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई थी। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी के साथ अस्पतालकर्मियों ने मिलकर आग बुझाई।

▸▸ दमकल कर्मचरियों ने सीएचसी कर्मियों के साथ मिलकर बुझाई आग

▸▸ कई वर्षों से खड़ी थीं एंबुलेंस

राम मंदिर में दर्शन के पश्चात सीढ़ियों पर बैठे प्रवासी रामभक्त। अमृत विचार

रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के भक्त, जय श्रीराम का किया उद्घोष

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राममंदिर में 30 देश के 90 प्रवासी भारतीय और दिल्ली से आए करीब 400 लोगों ने सोमवार को रामलला के दर्शन किए। मंदिर की भव्यता-दिव्यता को देखकर सभी भाव-विभोर हो उठे। इस प्रतिनिधिमंडल में भूटान एंबेसडर और तिब्बत के स्पीकर भी शामिल रहे। दिल्ली के स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष विजय जॉली के नेतृत्व में आया यह प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह जन्मभूमि पर स्थित राम मंदिर ट्रस्ट के यात्री सुविधा केंद्र पर पहुंचा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राम लाल जी, विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश कुनार ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद जत्थे में शामिल सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। समूह के सदस्यों का अलग-अलग भाषा शैली में जय श्रीराम का उद्घोष आकर्षण का केंद्र बन गया। यात्रा में प्रमुख रूप से भूटान राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग, चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल के साथ प्रवासी भारतीयों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भूटान, कनाडा, कोलंबिया, कंबोडिया, जॉर्जिया, गुयाना, केन्या, कजाकिस्तान, मलेशिया, मोजाम्बिक, मकाऊ, नाइजीरिया, नेपाल, नॉर्वे, रोमानिया, रवांडा, स्पेन, सिंगापुर, सिंट मार्टेन, चीन गणराज्य (ताईवान), तजाकिस्तान, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, तुवालु, तिब्बत, युगांडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, अमेरिका से आये भक्त शामिल रहे। भूटान के एंबेसडर नांबियार ने कहा कि हिंदुज्म और बुद्धिज्म एक-दूसरे के बेहद करीब हैं। तिब्बत पार्लियामेंट्री बोर्ड के स्पीकर कैंबीशन ने कहा कि मैं रामलला के दर्शन कर बहुत उत्साहित हूं। वैश्विक भारत ब्रांड एंबेसडर अध्यक्ष दिल्ली स्ट्डी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. विजय जौली ने बताया कि यह रामराज की परिकल्पना है।

वाराणसी-लखनऊ स्पेशल ट्रेन का संचालन अब 21 मई तक

अयोध्या, अमृत विचार : वाराणसी से लखनऊ के बीच चलने वाली ट्रेन को समर स्पेशल ट्रेन का दर्जा देते हुए इसके संचालन की अवधि बढ़ा दी गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रेन का संचालन 21 मई तक के लिए बढ़ाया गया है। यह दोनों तरफ से अयोध्या, रुदौली व दरियाबाद स्टेशन पर रुकेगी।

84 कोसी परिक्रमा के लिए आज रवाना होंगे साधु-संत

अयोध्या। अयोध्या की सांस्कृतिक सीमा 84 कोसी परिक्रमा के लिए मंगलवार को हजारों की संख्या में संतों का जत्था विश्व हिंदू परिषद मुख्यालय कारसेवकपुरम से मखौड़ा धाम के लिए रवाना होगा। 24 अप्रैल को सुबह चार बजे विधि विधान पूर्वक अनुष्ठान पूजन के बाद प्रारंभ होगा। वैशाख शुक्ल सप्तमी 14 मई को यह यात्रा अयोध्या में रामकोट की परिक्रमा के साथ समाप्त होगी। हनुमान मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे।

सपा और बसपा समाप्त, कांग्रेस मुक्त होगा देश-प्रदेशः केशव

सीतापुर व मोहनलालगंज सीट पर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में मतदान कराने का उप मुख्यमंत्री ने दिया मूल मंत्र

सीतापुर, अमृत विचार। 4 जून 4 बजे और भाजपा की 400 पार प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है। भाजपा जो गारंटी देती है उसे 2014 से चुनाव से लेकर 2024 के चुनाव तक सब आंकड़ों को पूरा करने का काम किया है। डिप्टी सीएम ने सीतापुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में जाने से पहले हेलिपैड पर मीडिया से बातचीत के दौरान कही। डिप्टी सीएम ने अखिलेश यादव के भाजपा का सफाया वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि सपा अब समाप्त, बसपा बिल्कुल समाप्त वादी पार्टी और कांग्रेस मुक्त प्रदेश और देश बनने जा रहा है। भाजपा का सूपड़ा साफ कराने वाले लगातार चार बार से चुनाव में हार की हैट्रिक लगा चुके हैं।

खैराबाद क्षेत्र स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित बूथ अध्यक्ष बैठक सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पहुंचकर सदर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का बूथ अध्यक्ष पार्टी का महत्वपूर्ण अंग है। अपने कुशल बूथ प्रबंधन से प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपने बूथ पर कम से कम पिछले चुनाव की तुलना में 370 वोट अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान कराना है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि हमारी केंद्र व प्रदेश सरकार की 300 से ज्यादा जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है। देश में ऐसा कोई नागरिक नहीं है जिसे किसी भी योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने का मौका न मिला हो ऐसे में पार्टी पदाधिकारियों को जन-जन में जागरण करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान कराने का मूल मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही सरकार के कारण संपूर्ण प्रदेश गुंडा मुक्त हो गया है जिससे व्यापारी वर्ग व आमजन काफी राहत महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि बस चुनाव की अंतिम बेला में बूथ अध्यक्षों को अपने दायित्वों का अनुशासनात्मक निर्वहन करना है। भारतीय जनता पार्टी एक सुनहरे भारत का निर्माण करने जा रही है जिसमें सभी पदाधिकारियों और बूथ अध्यक्षों का विशेष योगदान रहने वाला है।

बैठक में बोलते हुए सदर सांसद/सीतापुर सदर भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा ने कहा की संपूर्ण लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार हो चुका है, बस मतदान होने की देरी बची है और इस बार भाजपा के पक्ष में जितना मजबूत माहौल बना नजर आ रहा है इतना पूर्व में कभी नजर नहीं आया। राजेश वर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सीतापुर सदर लोकसभा में अब तक की सबसे बड़ी जीत 2024 के चुनाव में दर्ज करने जा रही है ऐसे में सभी पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षों को परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है और जन-जन से मतदान कराना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सदर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों को पार्टी के कई संघटनात्मक नियमों से अवगत कराया और मतदाता वोटर पर्ची वितरण पर बूथ अध्यक्षों के कर्तव्य के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष ने बताया की बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ है और हम सबके सर्वोच्च सम्मान का पात्र है। वह भारतीय जनता पार्टी को शिखर पर पहुंचने वाला कारक है उन्होंने बैठक में आए सभी बूथ अध्यक्षों का अभिनंदन किया। विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चैहान क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र नीरज वर्मा, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, भाजपा नेत्री गीता सिंह लोकसभा संयोजक अजय गुप्ता लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी जया सिंह नैमिष रतन तिवारी आदि ने भी अपने विचार रखें।

▸▸ 4 जून को भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाकर दिखाएगी, ये मोदी की गारंटी : मौर्य

बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के दौरान मंच पर डिप्टी सीएम के साथ मौजूद सांसद राजेश वर्मा, बीजेपी जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला।

प्रबुद्ध वर्ग समागम व कवि सम्मेलन का आयोजन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा में सोमवार को कानपुर रोड स्थित आजाद गेस्ट हाउस में प्रबुद्ध वर्ग समागम, सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद सांसद कौशल किशोर ने कहा कि देश और समाज के समुचित विकास में प्रबुद्ध वर्ग की बहुत बड़ी भूमिका है। विशिष्ट अतिथि विधायक राजेश्वर सिंह और यूपीसीएलडीएफ के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, राष्ट्रीयता की भावना में प्रगाढ़ता और समाज के समेकित विकास में प्रबुद्ध की उपयोगिता को रेखांकित किया। वहीं कवि सम्मेलन में सीतापुर के कवि रजनीश मिश्रा ने राम पहचान हमारी हैं, राम से शान हमारी है,, पंक्तियां पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रायबरेली के कवि डॉ. नीरज पांडेय ने रूप अद्भुत और अप्रतिम है अयोध्या धाम का, बन गया है भव्य मंदिर आज प्रभु श्री राम का,, कविता पढ़कर पूरे पंडाल को राम मय कर दिया। बहराइच की कवयित्री हेमा पांडेय ने धूप में धूप से सांवरी हो गई, वेदना से विविश बावरी हो गई,, कविता सुनाई। प्रयागराज के हास्य कवि धनंजय शाश्वत ने अवैध बम असलहे भेजते थे पाक वाले, अब तो अवैध लुगाई भेजने लगे,, कविता पढ़कर सभी को खूब गुदगुदाया। कवि अतुल बाजपेई के संचालन में आयोजित समारोह के दौरान रहीम नगर पड़ियाना की पूर्व प्रधान मंजू शुक्ला, औरावां के ज्योति स्वरूप वाजपेई बच्चा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विशाल तिवारी, माती के वीरेंद्र अवस्थी, बंथरा व्यापार मंडल के महामंत्री पिंटू तिवारी, पत्रकार राजन पांडेय, कौड़िया के पूर्व प्रधान देवेंद्र त्रिपाठी, राजा गुप्ता, मोनू पांडेय, पुरही प्रधान मुरलीधर दीक्षित, गुड्डन अवस्थी, विजय बाजपेई, गुड्डू तिवारी, अवधेश तिवारी और पार्षद प्रतिनिधि अतुल शुक्ला सहित तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर बैठे अतिथि, सम्बोधित करते वक्ता। अमृत विचार

एक नजर

पोल पर काम करते समय करंट से श्रमिक की मौत

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : हाईटेंशन लाइन पर काम कर रहे मजदूर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के कोटवाधाम में ठेकेदार द्वारा बनवाई गई एक नई लाइन को 11 केवी लाइन में बांधते समय मजदूर विनोद मौर्य (35) निवासी कीटोली मजरे पहरुपुर की अचानक करंट लगने से जलकर मौत हो गई। घटना की सूचना फैलते ही मौके पर पहुंची बदोसरांय पुलिस के साथ ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल कर मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना पाकर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मजदूर बिना आवश्यक सुरक्षा उपकरण के काम कर रहा था। अचानक लाइन चालू होने से वह करंट से जलने लगा।

बहनों को पीटने के बाद भाई ने फांसी लगा जान दी

बांदा, अमृत विचार : बिसंडा थाना क्षेत्र के मरौली गांव निवासी पंकज (20) पुत्र सूरजपाल रविवार की शाम नशे की हालत में घर आया और मां कुसमा से रुपये मांगने लगा। इनकार करने पर नाराज पंकज ने मां के साथ अभद्रता कर दी। बहन रानी और माया ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की। मां से रुपये मिलने के बाद वह साइकिल लेकर खेतों की तरफ चला गया। खेत में लगे पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मंगलवार की सुबह ग्रामीणो ने शव लटकता देखा तो परिजनो को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के मझले भाई सुरेश ने बताया कि बहन रानी की 26 अप्रैल को शादी है। सभी लोग शादी की तैयारी में जुटे है।

हाथों से लाचार शिवानी ने रच दिया प्रतिभा का इतिहास

भेलसर, अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : 'लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती'। हरिवंश राय बच्चन की इन पंक्तियों को सच साबित किया है रुदौली के बाल्मीकि वार्ड की बिटिया शिवानी कुमारी ने।

शिवानी जब ढाई साल की थी तो मशीन की चपेट में आने से उसके दोनों हाथ कट गए थे। दोनों हाथ नहीं होने पर भी भविष्य के सपनों की इबारत लिखना उसको को आता है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रुदौली की छात्रा शिवानी ने पैरों से लिखकर 67 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम श्रेणी में हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। दुर्घटना के दो वर्षों बाद ही उसने पैरों से लिखना और घर का सारा काम करना शुरू कर दिया था। शिवानी की माँ दसरथा देवी ने कहा कि शिवानी रोज स्कूल जाती है। सामान्य बच्चों की तरह बेंच पर बैठकर लिखती पढ़ती है। साथ ही पैरों से ही खाना खाने, झाड़ू लगाने, बर्तन मांजने और कपड़ा धोने तक का कार्य कर लेती है।

शिवानी ने बताया कि उसका सपना प्रशासनिक अधिकारी बनने का है इसके लिए वह दिन-रात मेहनत करेगी। पिता धर्मराज ने भावुक होकर कहा बिटिया जो करना चाहेगी उसे कराएंगे। सात भाई बहनों मे शिवानी छठे नंबर की संतान है। पिता धर्मराज अधिया पर किसानी करते है और मां दशरथा गृहिणी हैं।

पैरों से स्केच बनाती शिवानी।

जज्बा

- दिव्यांग ने हाईस्कूल की परीक्षा प्रथम श्रेणी में की उत्तीर्ण
- ढाई साल की उम्र में गवां दिए थे दोनों हाथ

मोबाइल चलाने एवं स्केच बनाने में भी माहिर है शिवानी

दिव्यांग शिवानी मोबाइल चलाने में भी माहिर है। उसकी हिन्दी-इंग्लिश की लिखावट भी काफी सुंदर है। पेन चलाना, कॉपी के पेज पलटना वो आसानी से करती हैं। साथ ही मोबाइल चलाने का काम भी आसानी से कर लेती है। वो अपने पैरों से बहुत ही सुंदर स्केच एवं पेंटिंग भी कर लेती है।

सम्मानित करेगा शिक्षा विभाग

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि दिव्यांग शिवानी को शीघ्र ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह बिटिया अपन आप में बालिका सशक्तिकरण की मिसाल है।

> शिवानी मेधावी छात्रा है। दोनों हाथ न होते हुए भी सकारात्मक सोच ही उसकी शक्ति है। विद्यालय में होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। मैं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। **-अफरीन फातिमा, प्रधानाचार्य, जीजीआईसी, रुदौली**

स्कूल वैन को डंपर ने मारी टक्कर, नौ घायल

संवाददाता, पसगवां

अमृत विचार: थाना पसगवां क्षेत्र में मोहम्मदी शाहजहांपुर मार्ग पर पीबी इंटर कालेज बरैंचा के छात्रों को ले जा रही क्वालिस गाड़ी को गांव खजुआ के निकट डंपर ने टक्कर मार दी। सात छात्रों सहित नौ घायल हो गए। घायलों में कार चालक और एक शिक्षिका भी शामिल है।

मोहम्मदी शाहजहांपुर मार्ग पर ग्राम खजुआ के पास छात्रों की गाडी को डम्फर ने पीछे से टक्कर मारी तो वह आगे जा रहे डंपर में टकरा गई। गाड़ी पर सवार छात्र छात्राओं में थाना क्षेत्र के ग्राम सुकुरूद्दीनपुर निवासी सोजल (7) पुत्री अंगद, सोनम (8) पुत्री संजीव सिंह, सूर्यांश (8)पुत्र राजेश कुमार, सुनैना (8) पुत्री राजेश, ग्राम कोटा मुगल निवासी समीर अली (8) पुत्र युनुस, इकराखां(8) पुत्री जीशान, आदर्श (8) पुत्र दाताराम, गाडी चालक रेहान (42)निवासी लखनपुर, शिक्षिका शुचि (17) पुत्री अरविंद यादव ग्राम बहेलिया खेड़ा थाना पसगवां घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्कूल प्रबंधन मौकै पर पहुंचा। घायलों को सीएचसी भावलखेड़ा भिजवाया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने आदर्श (9) पुत्र दयाराम, समीर (7) पुत्र की यूनुस निवासी कोटा मुगल थाना मोहम्मदी, ड्राइवर रेहान 30 और शिक्षिका को शाहजहांपुर रेफर कर दिया।

पत्नी की गोली मारकर हत्या

फर्रुखाबाद में हुई वारदात, मायके में थी पत्नी, तमंचे व बंदूक से चलाईं गोलियां

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र में मायके आई पत्नी को शराब के नशे में पति ने गोलियों से भून कर मौत के घाट उतार दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को दबोच कर शव को कब्जे में ले लिया। थाना मेरापुर के ग्राम नगला मगार निवासी 40 वर्षीय ममता अपने गांव की आशा थी। बीते 15 अप्रैल को वह अपनी पुत्री 13 वर्षीय नीरज के साथ मायके मोहम्मदाबाद के ग्राम रामदत्त नगर आई थी। बीती रात ममता के पिता महेश सिंह, मां राजेश कुमारी आदि परिजन खेत में गेहूं काटने चले गए। मायके में ममता और उसकी पुत्री नीरज एक चारपाई पर सो रहे थे। करीब 12 बजे ममता का पति सुखबीर उसके घर के आया। ममता की पुत्री नीरज ने बताया कि पिता ने आते ही डंडे से मां ममता पर हमला कर तमंचे और देसी बंदूक से गोली मार दी। जिससे ममता की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची और जांच की। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी को पुलिस ने उसके घर नगला मगार से दबोच लिया। मृतका की पुत्री नीरज ने बताया कि उसके पिता शराब पीने के आदी थे। वह उसकी बड़ी बहन रुचि का विवाह मैनपुरी के एक अधेड़ से कर रहे थे। ममता इसका विरोध कर रही थी। इसी बात से आए दिन पिता सुखवीर झगड़ा करते थे। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज भाटी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

ममता।

छह माह पहले भी किया था हमला

फर्रुखाबाद। ममता को 6 माह पहले भी कुल्हाड़ी मार कर उसका पति घायल कर चुका है। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। बीती रात उसने ममता को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। एएसपी ने बताया कि पत्नी के हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर ममता के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

पेशी पर नहीं पहुंचे राहुल गांधी

अदालत से

- गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में चल रहा केस

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: विधानसभा चुनाव के दौरान बैंगलोर में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में सोमवार को बचाव पक्ष के वकील काशी प्रसाद शुक्ल ने राहुल गांधी के अस्वस्थ होने का हवाला देते हुए मौके का प्रार्थना पत्र दिया वही परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट रिक्त होने के कारण सोमवार को सुनवाई टल गई। मामले में राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए दो मई की तारीख नियत की गई है। राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

सेशन कोर्ट में लोअर कोर्ट के आदेश को दी चुनौती

संवाददाता, सुलतानपुर : चार पहिया वाहन नहीं देने पर थाने में बुलाने और मुर्गा बनाकर प्रताड़ित करने के मामले में कूरेभार थानाध्यक्ष समेत आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग सीजेएम कोर्ट ने से खारिज होने पर पीड़ित ने सीजेएम के आदेश को सेशन कोर्ट में चुनौती दी है। जिला जज जयप्रकाश पांडेय ने मामले को एडमिट कर एसओ समेत अन्य को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए 21 मई की तारीख नियत की है। कूरेभार थाना क्षेत्र के ढेसरुआ गुप्तारगंज निवासी मिर्जा शोएब बेग ने गांव के एक व्यक्ति से सात साल पूर्व भूमि खरीदी थी। जिसमें हस्तक्षेप पर बीते साल एक मुकदमा कूरेभार थाने में दर्ज कराया था। मिर्जा शोएब बेग ने आरोप लगाया है कि थाने की पुलिस बार-बार उसे थाने पर बुलाती है और फ्री में चार पहिया वाहन की मांग करती है।

राम मंदिर में दर्शन के पश्चात सीढ़ियों पर बैठे प्रवासी रामभक्त। अमृत विचार

रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के भक्त, जय श्रीराम का किया उद्घोष

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राममंदिर में 30 देश के 90 प्रवासी भारतीय और दिल्ली से आए करीब 400 लोगों ने सोमवार को रामलला के दर्शन किए। मंदिर की भव्यता-दिव्यता को देखकर सभी भाव-विभोर हो उठे। इस प्रतिनिधिमंडल में भूटान एंबेसडर और तिब्बत के स्पीकर भी शामिल रहे। दिल्ली के स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष विजय जॉली के नेतृत्व में आया यह प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह जन्मभूमि पर स्थित राम मंदिर ट्रस्ट के यात्री सुविधा केंद्र पर पहुंचा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राम लाल जी, विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश कुनार ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद जत्थे में शामिल सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। समूह के सदस्यों का अलग-अलग भाषा शैली में जय श्रीराम का उद्घोष आकर्षण का केंद्र बन गया।

मुठभेड़ में एक तस्कर और पुलिस के तीन जवान घायल

हरदोई

अमृत विचार। गोवंशों से भरे कंटेनर को छोड़ कर फरार हुए गौ-तस्करों की पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक गौ-तस्कर और पुलिस के तीन जवान गोली लगने से ज़ख्मी हुए। मुठभेड़ के दौरान अतरौली, बेनीगंज पुलिस के साथ मोर्चा संभाले एसओजी,स्वाट/सर्विलांस टीम ने छह गौ-तस्करों को दबोच लिया। उनके कब्ज़े से पांच तमंचे, पांच कारतूस, छह खोखे और दो बाइक बरामद की गई।

अतरौली थाने के एरका निवासी दीपक त्रिपाठी पुत्र उत्तम त्रिपाठी ने 11 मार्च को पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि गौ-तस्कर गढ़ी नेवादा के जंगल में कंटेनर छोड़ भागे, कंटेनर में तकरीबन 40 गोवंश भरे हुए थे। अतरौली पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। सोमवार की सुबह एसएचओ अतरौली दिलेश कुमार सिंह और एसएचओ बेनीगंज संजय त्यागी की पुलिस टीम के साथ एसओजी,स्वाट/सर्विलांस टीम के साथ चेकिंग कर रही थी,उसी बीच मुखबिर से पता चला कि गौ-तस्कर भिरका गांव के पास बबूल के जंगल में छिपे हुए है। वहां पहुंची पुलिस टीम को देखते ही जंगल में छिपे लोगों ने फायरिंग शुरु कर दी,पुलिस टीम को भी अपने बचाव में फायरिंग करनी पड़ी।

सार-संक्षेप

सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

संवददाता, अमेठी, अमृत विचार : जिले में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पिता-पुत्र और एक युवक की मौत हो गई। अमेठी कोतवाली क्षेत्र में मुंशीगंज रोड पर बाईपास के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र घायल हो गए। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। वहीं मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू की है। घटना से मृतकों के घर में कोहराम मचा हुआ है। पहली घटना में रविवार की देर शाम मुंशीगंज बाजार में निवास करने वाले 52 वर्षीय अंबिका कनौजिया अपने पुत्र 21 वर्षीय लोकेश के साथ बाइक से अपने पैतृक गांव नरैनी गए थे। वहां से वे देर रात वापस लौट रहे थे। अमेठी कस्बे के मुंशीगंज रोड पर बाईपास के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को पुलिस एबुलेंस ने सीएचसी अमेठी ले गई। जहां डाक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुत्र लोकेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान लोकेश की भी मौत हो गई। पिता व पुत्र की मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बाइक फिसलने से युवक की मौत, पत्नी गंभीर

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-सुलतानपुर हाईवे पर चौबीसी के निकट असंतुलित होकर बाइक फिसल जाने से एक युवक की मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। युवक की शादी बीती तीन मार्च को हुई थी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना सुबेहा अंतर्गत पूरे रघुवर मजरे कोलवा गांव निवासी पिंटू पाल (22) सोमवार की देर शाम अपनी पत्नी ज्योति (19) के साथ बाइक से हैदरगढ़ से घर वापस आ रहा था। तभी चौबीसी गांव के निकट बाइक असंतुलित होकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय बाइक काफी रफ्तार में थी जिससे असंतुलित होकर सड़क पर गिरने के बाद दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची एनएचएआई की एंबुलेंस द्वारा दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर डॉक्टर ने पिंटू पाल को मृत घोषित कर दिया। उसकी पत्नी को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

डंपर की टक्कर से छात्र की मौत

संवाददाता, घाटमपुर अमृत विचार : कस्बे के मुख्य चौराहे के पास साइकिल सवार छात्र को डंपर ने रौंद दिया, जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। सांस की आस में उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छात्र को रौंदकर भाग रहे चालक व डंपर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घाटमपुर कस्बे के आक्षी मोहाल के रहने वाले रामविलास विश्वकर्मा का 12 वर्षीय पुत्र रौनक विश्वकर्मा सातवीं कक्षा का छात्र था। सोमवार की सुबह रौनक रोज की तरह घर से स्कूल जाने के लिए साइकिल से घर से निकला था। वह जैसे ही कस्बे के मुख्य चौराहे से थोड़ा पहले होटल के सामने पहुंचा, तभी तेज रफ्तार डंपर ने छात्र को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर परिवाले रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। इस बीच सूचना पर पहुंची पुलिस ने रौनक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि डंपर और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, जिसका मूसानगर घाट पर अंतिम संस्कार किया गया है।

बग्घी में आग लगने पर दूल्हे ने कूद बचाई जान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- पटाखों की चिंगारी बग्घी के छाते पर गिरी, लगी आग

अमृत विचार। राजधानी मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में रविवार देर रात कंचन नगर से आई बारात के दौरान आतिशबाजी हो रही थी, तभी पटाखों की चिंगारी दूल्हे की बग्घी के छाते में जा गिरी। जिससे आग लग गई। जिस पर दूल्हे ने कूदकर अपनी जान बचाई।

कंचन नगर निवासी अन्नू जायसवाल की रविवार रात राजधानी मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस से शादी थी। शादी में बाराती बैंड बाजा में थिरकते हुये गेस्ट हाउस की ओर जा रहे थे, इस दौरान जमकर आतिशबाजी हो रही थी। इसी बीच पटाखे की चिंगारी दूल्हे की बग्घी की छतरी में जा गिरी। जिससे बग्घी में आग लग गई। आग को देख बारात में शामिल लोगों ने शोर मचाया। जिस पर दूल्हे ने कूद कर अपनी जान बचाई। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल हो गया। आस पास के लोगों और बारातियों ने किसी तरक आग बुझाई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

कारोबारी को मारपीट कर 35 हजार रुपये लूटे

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र में पुराना रिक्शा सरेंडर करके नया लेने आए तीन लोगों ने ई-रिक्शा कारोबारी को मारपीट कर 35 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दिए हैं। गोविंद नगर निवासी राहुल धमीजा ने पुलिस को बताया कि उनकी पनकी साइट चार इंडस्ट्रियल एरिया में ई-रिक्शा बनाने की फैक्ट्री है। उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल को रात आठ बजे संजय आर्या, करन आर्या और एक अज्ञात महिला ऑफिस में आए। बताया कि पुराना ई रिक्शा जिसका केस एनपीए हो गया था, उसे सरेन्डर करके नया ई-रिक्शा लेने आए थे।

फेफड़े से निकाला दो लीटर पस

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: डॉक्टर को यूं ही धरती का भगवान नहीं कहा जानता है जब किसी को जीवन दान देते हैं तो लोग चिकित्सक को भगवान का दर्जा दे देते हैं। ऐसा ही कुछ एक मामला मेडिकल कॉलेज से जुड़ा है। मेडिकल कॉलेज में तैनात चिकित्सक डॉक्टर अखिलेश सिंह ने एक मरीज को नई जिंदगी दी जिससे मरीज के परिजन डॉक्टर अखिलेश को भगवान मानने लगे। बलरामपुर जिले के उतरौला त्रिलोकपुर, मुडिला गांव के रहने वाले राम निवास के बेटे तरुण कुमार की तबीयत0 काफी समय से खराब चल रही थी। तरुण को बुखार आ रहा था भूख नहीं लग रही थी। वजन भी धीरे-धीरे कम हो रहा था।

रामनिवास ने तरुण को कई अस्पताल में दिखया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बलरामपुर के डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज में दिखाने की राय दी जिस पर तरुण को लेकर उसके पिता मेडिकल कॉलेज आए। यहां पर उनको डॉक्टर अखिलेश मिले और दवा शुरू की गई। जांच पड़ताल में सामने आया कि तरुण को प्योथोरैक्स नाम की बीमारी है। इस बीमारी में मरीज के फेफड़ों में समस्या होती है। डॉ अखिलेश ने तत्काल ऑपरेशन की बात कही। लेकिन तरुण के परिजन इसको लेकर तैयार नहीं थे, देर करने पर फेफड़ा पूरी तरीके से खराब हो सकता था। ऐसे में डॉक्टर अखिलेश ने सुई के माध्यम से फेफड़ों में जमा मवाद निकलने की सोची। कड़ी मशक्कत के बाद डॉक्टर ने तरुण के फेफड़ों से दो लीटर से अधिक पस निकाला तब जाकर मरीज को दर्द से निजात मिल सका। तरुण के परिजनों के मुताबिक को आप बिल्कुल ठीक है धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

डॉक्टर अखिलेश सिंह बताते हैं कि यदि फेफड़े से पस बाहर नहीं निकाला जाता तो गंभीर स्थिति हो सकती थी, बाद में पूरे फेफड़ों को खोलकर ऑपरेशन करना होता जो गंभीर स्थिति होती है।

मरीज का हालचाल पूछते डॉक्टर।

कवायद फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम, बच्चों की भी होंगी प्रतियोगिताएं

अद्भुत अयोध्या अभियान चलाएगा जिला प्रशासन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिला प्रशासन फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अदभुद अयोध्या अभियान चलाएगा। इसमें अच्छा काम करने वाले प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच बीएलओ, एक सुपरवाइजर नायाब तहसीलदार, तहसीलदार व एसडीएम सम्मानित किए जाएंगे। लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों की निबंध प्रतियोगिता समेत अन्य प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार ने सोमवार को देते हुए बताया कि स्वीप के अंतर्गत ये मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वो लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गत चुनाव में जहां पर मतदान प्रतिशत कम था, उसका क्या कारण था इस पर भी विचार कर समाधान कराया जाएगा। बीएलओ भी डोर-टू-डोर सर्वे करेंगे। मतदाताओं के पास एपिक कार्ड है कि नहीं, नए मतदाताओं को एपिक कार्ड मिला है कि नहीं, इसका भी सर्वे होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी का कहना था कि अयोध्या अद्भुत है। यहां सब कुछ अद्भुत हो रहा है। इसलिए मतदान प्रतिशत भी अद्भुत होना चाहिए, ऐसा प्रयास रहेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए 54-फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति किये गए हैं। विश्वास सोपानराव मुंडे को व्यय प्रेक्षक बनाया गया हैं। इनके साथ लेखाधिकारी नगर निगम नरेन्द्र प्रताप सिंह को लाइजनिंग ऑफिसर बनाया गया है। आशुलिपिक गणेश शंकर व कम्प्यूटर सहायक संतोष कुमार मौर्य की ड्यूटी लगायी गयी है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि लाइजनिंग ऑफिसर व्यय प्रेक्षक के आगमन से लेकर प्रस्थान तक सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करेंगे।

कलक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार।

राजा रत्नाकर को नम आंखों से दी विदाई

रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार: जिले की रामनगर (धमेड़ी) स्टेट के राजा रत्नाकर सिंह का सोमवार को निधन हो गया। अपने बड़े दामाद के निधन की खबर मिलते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनाव प्रचार छोड़कर यहां आ गए। राजा रत्नाकर सिंह के पार्थिव शरीर का दाह संस्कार रामनगर में ही किया गया। उनके अंतिम दर्शन करने के लिए विभिन्न दलों के दिग्गज नेता व क्षेत्रीय लोग पहुंचे। सभी ने उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

राजा रत्नाकर सिंह के निधन की खबर मिलते ही जिले में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके अंतिम दर्शन के लिए रामनगर निवास पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार राजरानी रावत, गठबंधन उम्मीदवार तनुज पुनिया, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व भाजपा विधायक शरद अवस्थी, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह और रामनगर चेयरमैन रामशरण पाठक पहुंचे। इसके साथ ही आम जनमानस की भीड़ उमड़ी और सभी ने अपने प्रिय राजा को नम आंखों से विदाई दी। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि राजा रत्नाकर सिंह का सरल स्वभाव था। वह गरीबों की मदद के लिए हर समय तैयार रहते थे। रामनगर में दशहरे से लेकर अनेक कार्यक्रमों में भाग लेते थे। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश सचिव रहकर गांव से लेकर देशहित में उन्होंने अनेक कार्य किये जिनकी प्रशंसा आज भी लोग करते हैं। रामनगर स्टेट के राजघराने का परिवार नगर पंचायत के निवासियों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। इस परिवार ने क्षेत्र में कभी किसी का नुकसान नहीं होने दिया। आज भी इन्हीं के परिवार द्वारा त बड़ी बाजार लगवाई जाती है। इस बाजार में स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से भी काफी संख्या में लोग अपने सामान बेचने व खरीदारी करने आते हैं।

शोक की लहर

- बड़े दामाद के निधन की खबर पाकर चुनाव प्रचार छोड़ रामनगर पहुंचे कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

संपादकीय

मालदीव में मुइज्जू

हिंद महासागर में स्थित रणनीतिक रूप से अहम देश मालदीव के संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी की जीत को चीन समर्थक नेता के परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण करार दिया जा सकता है। चीन और भारत के साथ मालदीव का नाजुक संतुलन लंबे समय से इसकी राजनीति में एक केंद्रीय विषय रहा है। हिंद महासागर में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए चीन और भारत दोनों ने ही मालदीव में निवेश किया है। बीते साल राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। वह मालदीव के कई बड़े प्रोजेक्ट चीन की कंपनियों को दे चुके हैं। संसद में उनकी पार्टी गठबंधन में थी परंतु उनके पास बहुमत नहीं था। मालदीव की संसद मजलिस में एमडीपी का बहुमत होने की वजह से राष्ट्रपति मुइज्जू की कई नीतियां लागू नहीं हो सकी थीं। अब संसदीय चुनाव में बंपर जीत के बाद उनकी ये भी परेशानी दूर हो गई है। नतीजों से साफ है कि मुइज्जू की ताकत बढ़ेगी। सरकार में चीन का दबदबा बढ़ सकता है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि चीन मालदीव के साथ अपनी परंपरागत दोस्ती को बनाए रखने के लिए काम करने का इच्छुक है। वह मालदीव के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार का इच्छुक है तथा रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत करना चाहता है। समझा जा सकता है कि मालदीव में चीन की सक्रियता बढ़ना भारत के हित में नहीं है। यानी मोहम्मद मुइज्जू की जीत भारत के लिए चेतावनी है। 1965 में मालदीव एक स्वतंत्र देश बना।

भारत इस द्वीपीय राष्ट्र को मान्यता देने वाला पहला देश था। 1972 में भारत ने मालदीव में अपना पहला उच्चायोग स्थापित किया, जबकि 2004 में मालदीव ने नई दिल्ली में अपना पहला पूर्ण राजनयिक मिशन खोला था। ठीक से देखा जाए तो भारत ने दो दशकों में मालदीव से उतार-चढ़ाव वाले कूटनीतिक संबंध बनाए रखे। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चीन पर दोष मढ़ने की बजाय, भारत को अपने पड़ोसी देशों में चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखकर दूरगामी रणनीति बनाने की जरूरत थी। विशेषज्ञ भारत को मालदीव के साथ रिश्तों में बदलाव की नसीहत दे रहे हैं। बता दें कि भारत के साथ मालदीव के रिश्ते तब और तनावपूर्ण हो गए जब भारतीय सोशल मीडिया पर लोगों ने मालदीव पर्यटन का बहिष्कार अभियान शुरू किया था। यह मालदीव के तीन उपमंत्रियों द्वारा लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के विचार को उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपमानजनक बयान देने के खिलाफ था। कुल मिलाकर मोहम्मद मुइज्जू की जीत का असर भारत के साथ मालदीव के रिश्तों पर भी पड़ सकता है। आशंका है कि भारत और मालदीव के रिश्ते अभी और खराब हो सकते हैं।

धधकती आग से जंगल हो रहे खाक

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है।

वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी- बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है।

उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। इन दिनों पहाड़ के अनेक स्थानों में जंगल आग की चपेट में हैं। अप्रैल महीने के तीसरे सप्ताह तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की सैकड़ों घटनाएं घट चुकी हैं। बहुमूल्य वन संपदा इस आग की भेंट चढ़ गई है। गर्मी बढ़ने के साथ दावाग्नि का दायरा भी बढ़ता जा रहा है।

कुमाऊं मंडल के नैनीताल, अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों के अनेक जंगल आग में धधक रहे हैं। नैनीताल जिले के ओखलकांडा, बेतालघाट, भवाली और भीमताल आदि क्षेत्रों के जंगल दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। इस वर्ष अल्मोड़ा जिले के जंगलों में आग लगने की करीब दो दर्जन वारदातें हो चुकी हैं। पिथौरागढ़ जिले के अस्कोट क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। डीडीहाट के कई क्षेत्रों में हफ्ते भर से जंगल जल रहे हैं। चंपावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र में भी जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। टनकपुर क्षेत्र के जंगल भी आग की तपिश से महफ़ूज नहीं हैं। मीडिया में छपी खबरों के अनुसार पिछले साल नवंबर से इस वर्ष अप्रैल महीने के तीसरे हफ्ते तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की करीब पौने चार सौ घटनाएं घट चुकी हैं। जिसमें करीब सवा चार सौ हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र की वन संपदा को क्षति पहुंची है। इस अवधि में कुमाऊं मंडल के जंगलों में करीब पौने दो सौ आग लगने की वारदातें हो गई हैं। जिसमें करीब डेढ़ सौ हेक्टेयर वन क्षेत्र के प्रभावित होने का अनुमान है।

वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी-बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है। जंगल का बिछावन एकदम सूखा हुआ है। कभी-कभार तेज हवाएं चल रहीं हैं। इस वजह से आग का दायरा और मारक क्षमता बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। जंगल बारूद की ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं।

पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या है। जंगलों में हर साल आग लगती है। वनाग्नि में बेशकीमती वन संपदा स्वाहा हो जाती है। पेड़-पौधों, अनेक प्रजाति के जीव-जंतुओं और विभिन्न प्रजातियों की वनस्पति को अपूर्णीय क्षति पहुंचती है। वनों में शाखाओं, लताओं और झाड़ियों के जल जाने से पानी के प्राकृतिक जल स्रोतों के सूखने, भू-कटाव में बृद्धि और वृक्षों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जैव विविधता प्रभावित होती है। जंगल की अदृश्य दुनिया का वजूद ख़त्म हो जाता है, जिसे नुकसान में शामिल नहीं किया जाता है।

जंगल के सतह पर पत्तियों, टहनियों, गिरी हुई शाखाओं का बिछौना होता है। पहली नज़र में यह अकारण सड़ रहा मृतप्रायः ढ़ेर-सा लगता है। असल में यह जंगल की मिट्टी के भीतर अदृश्य दुनिया की छत के समान होता है। सबसे अधिक जीवन इन ढेरों के नीचे ही छिपा होता है। वनाग्नि में इन सूक्ष्म जीवों का विनाश हो जाता है।

उत्तराखंड के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का करीब सत्तर प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र है। प्रदेश के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा उत्तराखंड की वनोपज से आता है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि वनों की आमदनी का एक छोटा-सा हिस्सा ही वनों की सुरक्षा में खर्चा जाता है। वन महकमे के हिस्से में आने वाली रक़म का बड़ा हिस्सा विभाग के अफसरों और दूसरे कारिंदों की तनख्वाह वग़ैरह में खर्च हो जाता है। वनों की हिफाज़त और पौध रोपण के काम में नाममात्र की धनराशि खर्ची जाती है। हर साल पहाड़ के जंगलों में आग लगती है। पर जंगल की आग को आर्थिक और पारिस्थतिकी की दृष्टि से नहीं देखा जाता है।

वनों को आग से बचाने की बुनियादी जिम्मेदारी वन विभाग की है लेकिन जंगलात के पास वनाग्नि के प्रबंध की तकनीकी प्रशिक्षण की पुख़्ता व्यवस्था नहीं है। वन महकमा वनों को आग से महफ़ूज रखने के लिए पूर्व से बनी विभागीय कार्ययोजना की बात करने से कतराता रहा है। जंगलात महकमे की कार्ययोजना में वनाग्नि से निपटने के लिए सभी कारगर उपाय तय किए होते हैं। इस वास्ते प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व तय हैं। इसके लिए बाकायदा बजट का प्रावधान होता है लेकिन वन विभाग यथासमय कार्ययोजना पर अमल नहीं करता है।

उत्तराखंड के वन महकमे में आला अफसरों की भरमार है। अविभाजित उत्तर प्रदेश में जहां एक प्रमुख वन संरक्षक पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी संभालते थे। अलग राज्य बनने के बाद इस छोटे से प्रदेश में प्रमुख एवं मुख्य वन संरक्षक स्तर के करीब ढाई दर्जन आला अफसर तैनात हैं। इसके उलट जमीनी स्तर पर कर्मचारियों की कमी है। आला अफसरों के अनुपात में फील्ड स्टाफ में बढ़ोतरी नहीं हुई है। परिणामस्वरूप साल भर वन संपदा का अवैध दोहन होते रहता है। गर्मियों के मौसम में दावाग्नि अवैध दोहन के सबूत नष्ट कर देती है।

1985 में कुमाऊं मंडल में विदेशी आर्थिक सहायता से 'मॉर्डन फायर प्रोजेक्ट' शुरू हुआ था। करोड़ों रुपये की इस 'वन अग्नि शमन परियोजना' में रामनगर, नैनीताल, हल्द्वानी आदि सात डिविजन शामिल किए गए थे। परियोजना के अंतर्गत एक हेलीकॉप्टर, दर्जनों अग्नि शमन गाड़ियां, टैंकर आदि तमाम आधुनिक उपकरण खरीदे गए। वॉच टॉवर बने। वन विभाग के वन संरक्षक स्तर के एक अधिकारी को परियोजना निदेशक बनाया गया। डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर को अग्नि शमन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया था। कई वनाधिकारी जंगल की आग में काबू पाने के गुर सीखने अमेरिका भेजे गए। 56 लोगों का 'अग्नि संगठित दल' बनाया गया। इन्हें वनाग्नि से निपटने के लिए बाकायदा छह महीने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दरम्यान वनाधिकारियों ने जमकर हवाई उड़ानें भरी। खूब सेमिनार हुए। यह योजना दस साल में ही दम तोड़ गई। वन विभाग के अधिकारी वापस मूल विभाग में लौट गए। परियोजना से जुड़े दूसरे कर्मचारियों को भी वन विभाग में समायोजित कर लिया गया।

मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के जंगलों में ब्रिटिश राज में बने ज्यादातर वन मार्ग और वन सीमा स्तंभों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है। इस रिश्ते को बहाल करने के लिए सरकार और खुद वन महकमे को जंगलों के प्रति संवेदनशील दिखने और होने की आवश्यकता है। फिलवक्त इसके आसार नज़र नहीं आते हैं।

व्यंग्य

बच्चों के हक में हो शिक्षा

हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

दिखावे और चकाचौंध के मौजूदा दौर में पारिवारिक और सामाजिक सिद्धांतों के बोझ तले बच्चों के जीवन की स्वाभाविकता लुप्त हो रही है। उनके कोमल मस्तिष्क में गलत सिद्धांतों का जहर भरकर और उन्हें अंधविश्वास की राह दिखा कर हम उनकी सामाजिक प्रकृति को प्रदूषित कर रहे हैं। घर में ही नहीं बल्कि विद्यालयों में भी अक्सर बच्चों को धर्म, जाति और संप्रदाय की दूरियों का एहसास कराया जाता है। इस तरह हम उनकी समझ को तोड़ मरोड़ देते हैं।

हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है। शिक्षक को एक आदर्श स्थापित करना चाहिए क्योंकि छात्र और शिक्षक का संबंध पतंग और डोर की तरह होता है। यदि डोर कमजोर हो गई तो पतंग किन राहों में भटक जाएगी, कहना मुश्किल है।

हम आज भी यह मानते हैं कि प्रत्येक बच्चा एक प्रयोग है, पर बच्चा किसके लिए है? माता-पिता के लिए शिक्षक के लिए या अपने आप के लिए। इसी प्रश्न के उत्तर में शिक्षण की समस्या समाई हुई है। पहले यह माना जाता था कि बच्चा माता-पिता के लिए है लेकिन अब ऐसा नहीं है। समाजशास्त्री यह मानते हैं कि बच्चा अपने आप में एक पूर्ण व्यक्तित्व है। हालांकि संस्कार और परंपराओं में अटका एक तबका आज भी ऊहापोह की स्थिति में है। इस कारण सदैव खींचतान की स्थिति बनी रहती है और इसका शिकार होते हैं बच्चे। शिक्षण प्रक्रिया भी इससे प्रभावित होती है जिसके कारण ना उसकी सही दिशा बन पा रही है और ना ही पद्धति।

व्यापक रूप से बच्चा आज अपने अभिभावकों, शिक्षकों व समाज की शुभकामनाओं का पात्र बनकर रह गया है। चाहे परिवार हो या विद्यालय सभी जगह बड़ों का बच्चों के प्रति अधिकारवादी रुख रहता है। बच्चा हमारी मर्जी से चले, हम जो कहें या करें उसी का पालन करें, हमारी बात मानें। ऐसी सोच आज भी जिंदा है। शिक्षकों में भी बच्चों के प्रति मैं ही ठीक हूं तथा आदेश का व्यवहार अधिक हावी रहता है। यह अधिकार वाद का रुख बच्चों में दबाव की स्थिति पैदा कर उनमें कुंठा की भावना और उनके व्यक्तित्व को कमजोर कर देता है।

दरअसल आज भी हमारी शिक्षण व्यवस्था चंद नियमों के तहत चलती है जिसमें आदेश और उपदेश की प्रधानता है। कौशल और विवेक की शक्ति पर भरोसा कम है। भले ही नई तकनीक और बदलाव की बात बार-बार कही जाती है, पर असल में धरातल पुरानी परंपराओं का ही पोषक है। स्कूलों में पुस्तकों का बोझ है, परीक्षाएं हैं और देखा जाए तो शिक्षण मात्र नौकरी पाने की चाह है। हमारा शिक्षण चिंतन इसी में उलझ कर रह जाता है की कितनी कक्षाएं हो,कितने पीरियड हो, कौन सा विषय पढ़ाया जाए, कौन सी पुस्तक पढ़ी जाए और कब कब परीक्षाएं ली जाएं। परीक्षा में पास फेल का दबाव बच्चों पर बना हुआ है तात्पर्य है। ऐसी शिक्षण व्यवस्था किस काम की जो केवल पुस्तकीय ज्ञान तक ही सीमित हो।

पहले ज्ञान की परिधि का दायरा बहुत सीमित था, अनुभव भी सीमित था। लेकिन समय के साथ-साथ विज्ञान और टेक्नोलॉजी की प्रगति के कारण ज्ञान का जो विस्फोट हुआ है उसमें पहले का ज्ञान नई पीढ़ी के लिए काम का नहीं रह गया है। आज शिक्षक को भी ऑलराउंडर बनने की जरूरत है। विषय से इतर ज्ञान ही आपको एक सफल शिक्षक बन सकता है क्योंकि ज्ञान के पथ पर बैसाखी के सहारे नहीं चला जा सकता। जाहिर है रटने रटाने की प्रवृत्ति से हटकर परिवर्तन लाना होगा पर यह परिवर्तन बच्चों की इच्छानुसार ही होना चाहिए। साथ ही हमें उस पढाई का ढांचा भी बदलना होगा जहां भारी बस्ती का बोझ ढोते-ढोते बच्चों की कमर झुक गई है।

हमें यह समझ लेना होगा की हर बच्चे में एक विशिष्टता है, इसलिए प्रत्येक बच्चा महत्वपूर्ण है। शिक्षा बच्चों को दिशाहीन और दिग्भ्रमित करने वाली नहीं होनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत और सामाजिक संबंध जोड़ने की जो क्षमता बच्चों में होती है वह दूसरों में नहीं। इसमें शिक्षा और शिक्षक अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों की क्षमता को सही दिशा में बढ़ाएं और उनके जीवन में समृद्धि तथा इस स्थिरता लाए। हमें हमें यह भी समझना होगा की बच्चों की देखभाल करना विज्ञान ही नहीं कला भी है।

मतदान - महायज्ञ

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए?

आदिम काल में कोई देवी, देवता की परिकल्पना नहीं थी। मनुष्य प्रकृति के कौतुक से डर कर उन्हें देवता मान कर उनका आदर व पूजन किया करता था। जैसे प्रतिदिन सूर्य का ताप व प्रकाश देखकर उन्हें देव मान लिया गया। उसी तरह चंद्रमा, वायु, जल, अग्नि आदि से डर कर या उनकी आवश्यकता देख उन्हें देव माना गया। ज्यों-ज्यों मनुष्य विकास करता गया, अपनी आवश्यकताओं तथा कल्पनाओं से नए-नए देव को गढ़ता गया। वैदिक काल में देवों की बढ़ी संख्या को देखकर वैदिक ऋषियों को यज्ञ में हविष्यान्न देने में कठिनाई होने लगी और वे पूछने लगे कि किस देवता को हम हविष्यान्न प्रदान करें (कस्मै देवाय हविषा विधेयम)। समय के साथ देवताओं की संख्या कम होने लगी और बहुदेव वाद से चल कर हम एक देव वाद होते हुए अद्वैतवाद तक पहुंचे।

आज हम प्रजातंत्र के युग में जी रहे हैं और इसमें मतदान सबसे बड़ा यज्ञ है। लोक के मत से हम आधुनिक देवों का निर्माण करते हैं। लोकसभा महायज्ञ का चुनाव सन्निकट होने के कारण देव पद पर चयनित किए जाने हेतु बहुत लोग मैदान में ताल ठोंक रहे हैं तथा मतदाता दिग्भ्रमित है। धर्म, जाति, परिवार, बाहुबल, धनबल के तीर से सभी इस युद्ध में विजय का वरण करना चाहते हैं। राजनैतिक दल उक्त पैमाने पर टिकट बांट चुके हैं और उम्मीदवार जनता के दरवाजे पर सर झुकाए घड़ियाली आंसू बहा कर मत मांग रहा है और जनता को लुभाने के लिए बढ़ चढ़ कर वायदे कर आकाश कुसुम खिला रहा है।

राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए? एक संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने जिसे टिकट दिया वह कांग्रेस के पूर्व मंत्री रहे हैं और उन पर कुछ माह पूर्व भाजपा ही भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर ईडी, सीबीआई की जांच की मांग कर रही थी। अब वह भाजपा में सम्मिलित होकर निष्कलंक होकर पुराने भाजपाइयों को पीछे ढकेल कर टिकट लेने में सफल हो गए हैं। सपा ने बसपा सरकार में रहे एक ऐसे पूर्व मंत्री को मैदान में उतारा है जो दूसरे जिले के हैं तथा एनआरएचएम में हुए अरबों के महा घोटाले में अन्य कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लंबे समय तक जेल में निरुद्ध भी रहे हैं। बसपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष को मैदान में उतारा है जो स्वयं तो बेदाग हैं लेकिन उनके पति की गणना पूर्वांचल के बाहुबलियों में है और वर्तमान में एक मुकदमें में दोषसिद्धि के पश्चात जेल में है। अभी यहां नामांकन प्रारंभ नहीं हुआ है, देखते हैं अन्य छोटे दलों या निर्दल प्रत्याशियों में कौन महाबली,धनबली इस सीट पर ताल ठोकता है। प्रदेश की अन्य बहुत सी सीटों पर धोषित उम्मीदवारों की छवि कमोवेश ऐसी ही है। मतदाताओं को स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार को ढूढना कठिन हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में अभी पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ है। इस चरण में शांति व्यवस्था की कोई गंभीर समस्या तो नहीं आई लेकिन पहले चरण में देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीट पर हुए मतदान का प्रतिशत 62.37 रहा जो वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हुए 67.40 प्रतिशत तथा वर्ष 2014 के 66,44 प्रतिशत मतदान से कम है। चुनाव आयोग के अथक प्रयास,देश में बढ़ी साक्षरता एवं जागरूकता के बाद भी 37 प्रतिशत मतदाताओं का मतकेंद्र पर न आना गंभीर बात है। राजनैतिक दलों के खोखले आश्वासनों पर मतदाता का विश्वास घट रहा है। उम्मीदवारों का चाल, चरित्र, चेहरा मतदाता से छिपा नहीं है। चुनाव जीतने के बाद सांसद का मतदाताओं से किनारा कर लेने के कारण ' को नृप होइ हमहिं का हानी, वाले नजरिए से मतदाता मायूस और उदासीन होता जा रहा है। अच्छे उम्मीदवारों के अभाव में मतदाता के सामने पुनः वही प्रश्न उपस्थित है 'कस्मै उम्मीदवाराय मत विधेयम्'।

देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रैल-मई माह में होने वाली प्रचंड गर्मी और लू भी मतदाता को मतदान केंद्र से दूर रखती है। अभी हमारे आसपास के जनपदों में 43-44 डिग्री सेल्सियस की गर्मी पड़ रही है जो क्रमशः बढ़ती ही जाएगी। ऐसी प्रचंड गर्मी में मतदाता दोपहर को घर से बाहर निकलना नहीं चाहते। चुनाव यदि फरवरी से 15 मार्च तक समाप्त हो जाएं तो मतदाताओं को गर्मी से राहत रहेगी और मत प्रतिशत भी बढ़ेगा। 15 मार्च से हाई स्कूल, इंटर की परीक्षा भी हो सकती है।

सोशल फोरम

मर्यादावादी बनाम स्वच्छंदतावादी

राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है। मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

पूरी पृथ्वी पर और विशेषतः भारतीय परंपरा में प्रेम की दो धाराएं रही हैं- मर्यादावादी और स्वच्छंदतावादी। मर्यादावादी धारा का प्रतिनिधित्व राम करते हैं और स्वच्छंदतावादी का कृष्ण। भारत ने कृष्ण को राम से अधिक महत्व दिया है। कृष्ण को पूर्णावतार और राम को अंशावतार बताया है। कृष्ण बहुआयामी हैं। वे गीता का ज्ञान भी दे सकते हैं। युद्ध के मैदान में सुदर्शन चक्र भी धारण कर सकते हैं। बांसुरी बजा सकते हैं और गोपियों के साथ रास भी रचा सकते हैं। राम युद्ध तो कर सकते हैं, लेकिन न बांसुरी बजा सकते हैं और न रास रचा सकते हैं। इसलिए अधूरे हैं। राम और कृष्ण आपस में कभी लड़ नहीं सकते, क्योंकि वे दोनों किसी तरह के अभाव में नहीं हैं। अपने-अपने स्वभाव के अनुसार चल रहे हैं।

राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है। मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं, वे स्वच्छंदतावादी की निंदा अवश्य करेंगे, क्योंकि उसे भीतर ही भीतर यह सालता रहता है कि साला स्वच्छंदतावादी मौज कर रहा है और मैं वंचित हूं। अभाव, दुख और पीड़ा में जीने वाला हमलावर हो ही जाता है। स्वच्छंदतावादी अपने को बांधकर नहीं रखते, इसलिए उसके जीवन में अभाव नहीं के बराबर रहता है। जब अभाव नहीं, तो दुख भी नहीं और जब दुख नहीं, तो मर्यादावादी पर हमला करने की जरूरत भी नहीं। इसलिए आप देखेंगे स्वच्छंदतावादी कभी भी मर्यादावादी की आलोचना नहीं करते। उन्हें सुख भोगने से फुर्सत ही नहीं तो कौन, कब किस पर और क्यों हमला करे!

-फेसबुक वॉल से

प्रेम, परिवार और पितृसत्ता



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

प्रेम करो तो जरुरी नहीं है कि प्रेमिका या प्रेमी का प्रेम में पितृसत्तात्मक व्यवहार न हो। प्रेमी ने बहुत सोच-विचार और वैचारिक मंथन के बाद तय किया कि शादी करेंगे। सोचा नए क़िस्म का परिवार बनाएंगे। लेकिन यह सपना बहुत जल्द टूट गया। प्रेमिका शादी के बाद पुंसवादी तेवर के साथ आचरण करने लगी, उसे लगा कि घर के सारे कामकाज करना तो मर्द का काम है, उसका काम तो सिर्फ़ पढ़ना है। वह खाती और घूमती, प्रेमी जो अब पति बन चुका था वह मातहत की भूमिका निभाने लगा, समानता का नारा अचानक कहीं गुम हो गया। कुछ महीने बाद प्रेमिका के शहर में प्रेमी की नौकरी लगी, प्रेमी ने घर न मिलने तक ससुराल में रहने का फैसला किया, लेकिन उसके बाद वह सास-ससुर की क़ैद से निकल नहीं पाया। उस पर प्रेमिका दवाब बनाने लगी कि घर जमाई होकर रहो। सास-ससुर की सेवा करो, उनके सब खर्चे उठाओ और घर का भाड़ा भी दो। प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि हम दोनों ने स्वतंत्र होकर घर बसाने का निर्णय लेकर ही शादी की थी और तुमने सहमति भी दी थी फिर अचानक तुम पलट क्यों रही हो? उसने कहा मेरे साथ शादी की है तो घर जमाई होकर रहना होगा। इसके बाद प्रेमी के स्वतंत्र परिवार बनाने, गैर-पुंसवादी परिवार बनाने की हत्या हो गई। संक्षेप में यह कहानी है एक शिक्षित महिला की।

एक अन्य शिक्षित लड़की की राय जाने गैर शादी तय कर दी गई और सारे परिवार के कामकाज, देखभाल आदि का बोझा उसके ऊपर डाल दिया गया। वह पढ़ी लिखी होने के बावजूद अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पाई। तीसरे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित नहीं है लेकिन परिवार को सौंप दी गई हैं, उनकी शादी ऐसे परिवार में कर दी गई है जो खाते-पीते संपन्न परिवार हैं, इस तरह की लड़कियों के लिए परिवार ही धर्म है। चौथे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित हैं, पति भी शिक्षित है, और परिवार में वे पति की तरह ही कमाई करके लाती हैं, लेकिन मातहत की तरह रहती हैं। नौकरी करती हैं और घर के सभी दायित्व भी निभाती हैं। इन चारों क़िस्म की लड़कियों की धुरी है परिवार और सिर्फ़ परिवार। सवाल यह है क्या परिवार की संरचना में स्वतंत्रता, समानता और संप्रभु व्यक्तित्व के लिए कोई जगह है ? क्या परिवार का ढांचा व्यक्ति को स्वतंत्र यूनिट के रुप में देखता है ? क्या परिवार में लोकतंत्र, समानता और मित्रता के जीवन मूल्यों के लिए कोई नई जगह भारतीय समाज बना पाया है? हक़ीक़त यह है इन सभी सवालों के उत्तर हमारे पास नहीं हैं। क्योंकि परिवार को हम परम पवित्र मानकर चल रहे हैं। परिवार के बारे में सवाल खड़े करना गुनाह माना जाता है। अविवेकवाद के कारण ही परिवार के अंदर देखने, यथार्थ को देखने, स्त्री को देखने और सरकार को देखने के हमारे नज़रिए में विवेकवाद दाखिल नहीं होता। बिखरा और सड़ा परिवार हमारे राजनीतिक दलों के लिए भी समस्या नहीं है। स्त्री उत्पीड़न भी प्रमुख समस्या नहीं है, लोकतांत्रिक हक़ों पर हो रहे हमले भी समस्या नहीं हैं।

हमारे समाज की दो आंखें हैं पुंसवाद और अविवेकवाद। इन दोनों ने परिवार, समाज, लोकतंत्र और राजनीति को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लिया है। आज प्रेम के विकास में परिवार सबसे बड़ी बाधा है। जो खुलेआम परिवार के सड़े गले ढांचे को बनाए रखने की वकालत कर रहे हैं, ऐसी स्थिति में आने वाले समय में स्त्रियों पर हमले बढ़ेंगे, प्रेमी-प्रेमिकाओं पर हमले बढ़ेंगे। कुछ राज्यों और पूरे देश में बलात्कार की घटनाएं जिस तरह तरह बढ़ी हैं उससे सबक़ लें, जिस तरह एक दल के नेता खुलेआम बलात्कारियों का समर्थन कर रहे हैं उससे सबक लें वरना वह दिन दूर नहीं जब औरतों को अकल्पनीय कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

औद्योगिक प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

औद्योगिक प्रदूषण में वृद्धि के कारण हाल के वर्षों ग्लोबल वार्मिंग कि समस्या लगातार बढती जा रही है। रासायनिक अपशिष्टों, कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग, रेडियोधर्मी सामग्रियों के कारण औद्योगिक प्रदूषण पर्यावरण तथा इसके सभी घटकों को हानि पहुंचा रहा है। आज पानी भारी धातुओं, खतरनाक रसायनों, रेडियोंधर्मी कचरे और कार्बनिक कचरे के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है। मृदा प्रदूषण के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं तथा अन्य वनस्पतियों को भी हानि पहुंच रही है। वायु प्रदुषण के कारण हमें श्वांस के लिए भी साफ़ हवा नहीं मिल पा रही है और हम अनेक समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। जैव विविधता नष्ट होती जा रही है तथा ग्लोबल वार्मिंग की दर लगातार बढ़ रही है। कुल मिलाकर औद्योगिक प्रदूषण के कारण आज हम एक भयानक खतरे की दिशा में आगे बढ़ते जा रहे हैं। स्पष्ट है कि औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करना अति आवश्यक है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी इस दिशा में प्रयास कर रहा है। हाल ही में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदूषित उद्योगों को बंद करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संदर्भ में बोर्ड ने 'निरीक्षण, रिपोर्ट तैयार करने और कार्रवाई के लिए एक मानक प्रोटोकॉल' भी तैयार किया है। इस प्रोटोकॉल में निर्धारित दिशा निर्देशों के आधार पर उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। सामान्य तौर पर, मामूली नियम उल्लंघन के लिए, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप इकाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत बंद करने के निर्देश जारी करने से पहले इकाई को एक अवसर दिया जाता है। वास्तव में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण अति आवश्यक है तभी हम और हमारी भावी पीढ़ियां सुखी जीवन जी सकते हैं।

एक नजर

पूर्व सांसद के घर शोक जताने आज जाएंगे मुख्यमंत्री

अमृत विचार, ठाकुरद्वारा : पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के अंतिम संस्कार के दूसरे दिन भी घर पर उनके परिजनों को सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। सर्वेश सिंह का शनिवार की शाम दिल्ली में निधन हो गया था। रविवार को उनके पैतृक गांव रतुपुरा में अंतिम संस्कार किया गया। मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम भी जारी हो गया। मुख्यमंत्री मंगलवार को 1:30 बजे हेलीकॉप्टर से रतुपुरा पहुंचेंगे। इसके लिए सुखदेई स्मारक डिग्री कॉलेज परिसर में हेलीपैड बनाया गया है। जहां से मुख्यमंत्री कार से पूर्व सांसद के घर जाएंगे।

शिल्पगुरु बाबूराम यादव पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित

पद्मश्री अवार्ड मिलने पर परिजन में खुशी का माहौल, पीतल के बर्तनों पर करते हैं बेहतरीन नक्काशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पीतल नगरी के दस्तकारों की बेहतरीन नक्काशी की बदौलत पूरी दुनिया में मुरादाबाद का अलग रुतबा है। यहां के दस्तकार पीतल और अन्य धातु पर बेहतरीन नक्काशी उकेर कर उसे तराशते और संवारते हैं। जिसके बाद वह तैयार होकर विदेशों में निर्यात किए जाते हैं।

इसी नक्काशी की बदौलत मुरादाबाद के शिल्प गुरु दिलशाद हुसैन को भारत सरकार ने साल 2023 में पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया था। जिसके बाद एक बार फिर मुरादाबाद के रहने वाले बाबूराम यादव को पद्मश्री अवार्ड मिला है। महानगर के नागफनी इलाके की तंग गलियों में रहने वाले 74 वर्षीय बाबूराम यादव को ये एहसास भी न था कि उनका चयन पद्मश्री के लिए हो जाएगा। बाबूराम यादव साल 1962 से पीतल के बर्तनों पर बेहतरीन नक्काशी कर उसे तराशते रहे हैं। बाबूराम यादव का पद्मश्री अवार्ड के लिए चयन मरोड़ी आर्ट की वजह से हुआ है।

शिल्पगुरु बाबूराम यादव को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू।

स्टेट और नेशनल अवार्ड से हो चुके हैं सम्मानित

अमृत विचार : बाबूराम यादव बताते हैं कि सबसे पहले साल 1985 में उन्हें स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया गया। जबकि साल 1992 में नेशनल अवार्ड से सम्मानित होने के 22 साल बाद साल 2014 में शिल्पगुरु अवार्ड से सम्मानित किया गया।

बाबूराम यादव के परिवार में तीन बेटे हैं, जिनकी शादियां हो चुकी हैं। परिवार में उनकी 70 वर्षीय पत्नी मुन्नी यादव, बड़ा बेटा अशोक यादव, चंद्र प्रकाश यादव और हरिओम यादव हैं। जबकि दो पौत्र हिमाशु और गौरव यादव, तीन पौत्री प्रिया, हिमानी और सुनाक्षी हैं। बाबूराम यादव के पद्मश्री अवार्ड मिलने पर उनके घर में खुशी का माहौल है, साथ ही लोगों की बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है। परिवार में सब लोग बेहद खुश हैं और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाई दे रहे हैं।

शिल्पगुरु बाबूराम यादव को सोमवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया। अवार्ड मिलने के बाद उनके घर बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है।

40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा

गुकेश के मोहरों ने चली खिताबी चाल

टोरंटो, एजेंसी

● कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने

भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। विश्व चैंपियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से नौ अंक रहे। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे।

चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चुनौती दी थी। गुकेश ने जीत के बाद कहा बहुत राहत महसूस कर रहा हूं। मैं फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि के बीच मैच देख रहा था। इसके बाद टहलने चला गया जिससे मदद मिली। गुकेश को 88500 यूरो (78.5 लाख रूपये) ईनाम के तौर पर भी मिले। इस टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि पांच लाख यूरो है। वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए।

> डी गुकेश की यह उपलब्धि से लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा होगी। भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। - प्रधानमंत्री

आंदोलन की वजह से देरी से पहुंचीं ट्रेनें

पंजाब मेल, सियालदह, शहीद एक्सप्रेस समेत 15 ट्रेनों का संचालन प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान कर रहे हैं आंदोलन

अमृत विचार: पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन की वजह से पांचवें दिन बरेली जंक्शन पर कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। सियालदह, पंजाब मेल, शहीद और गंगा सतलज जैसी ट्रेनों के इंतजार में गर्मी में यात्री परेशान हो गए। सोमवार को 15 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ।

किसान आंदोलन के कारण सोमवार को 13006 पंजाब मेल चार घंटे 21 मिनट, 13152 सियालदह चार घंटे 19 मिनट, 13308 गंगा सतलुज 11 घंटे 48 मिनट, 12203 सहरसा अमृतसर गरीबरथ 12 घंटे, 12332 हिमगिरी आठ घंटे, 12358 दुर्गियाना पांच घंटे 12 मिनट, 12491 मोरध्वज एक्सप्रेस एक घंटा और 14674 शहीद एक्सप्रेस दो घंटे 35 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। इसके अलावा 15212 जननायक एक्सप्रेस शार्ट ओरिजनेट और 15211 शार्ट टर्मिनेट की गई। ट्रेनों के इंतजार से गुस्साए यात्रियों ने एक्स पर रेलवे अधिकारियों से शिकायतें कीं उन्हें पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन की जानकारी दी गई।

भीड़ की वजह से भी हो रही परेशानी

ट्रेनों में भीड़ की वजह से यात्रियों को परेशानी हो रही है। रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों का भी संचालन शुरू कर दिया है लेकिन इसके बावजूद यात्रियों को राहत नहीं मिल रही है। सोमवार को बरेली जंक्शन से जाने वाली त्रिवेणी एक्सप्रेस, सियालदह एक्सप्रेस, अवध असम एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के अंदर पैर तक रखने की जगह नहीं थी। ठसाठस भरी इन ट्रेनों में यात्रियों ने दरवाजे पर लटककर सफर किया।

पीलीभीत-मैलानी रूट पर 25 से शुरू होगा संचालन

अमृत विचार, बरेली : पीलीभीत से मैलानी के बीच आमान परिवर्तन के बाद रेल प्रशासन इस रूट पर लगातार ट्रेनें चलाने का निर्णय ले रहा है। इज्जतनगर रेल मंडल ने सोमवार को लालकुआं-वाराणसी के बीच ट्रेन चलाने का एलान किया। यह ट्रेन इज्जतनगर होते हुए मैलानी-लखीमपुर के रास्ते वाराणसी तक जाएगी। बरेली होते हुए तीसरी ट्रेन इस रूट पर चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले दो ट्रेनें चलाने का पहले ही निर्णय लिया जा चुका है। अभी तक इस रूट पर 4 अप्रैल को मालगाड़ी चली थी।

करीब आठ साल से बंद पड़े इस रूट पर गुरुवार से यात्री ट्रेनों का संचालन शुरू होगा। 05055 लालकुआं-वाराणसी सिटी स्पेशल ट्रेन 29 अप्रैल से 24 जून के बीच प्रत्येक सोमवार को लालकुआं से 15 :00 बजे चलकर इज्जतनगर से 16 .55 बजे, भोजीपुरा से 17 .57 बजे, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, लखीमपुर के रास्ते जाएगी। वापसी में 05056 वाराणसी सिटी-लालकुआं स्पेशल ट्रेन 30 अप्रैल से 25 जून के बीच प्रत्येक मंगलवार को वाराणसी सिटी से 14 :15 बजे चलकर लखीमपुर, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत के रास्ते भोजीपुरा से 04 :15 बजे, इज्जतनगर से 05 :05 बजे रवाना होगी। इससे पहले इस रूट पर रेल प्रशासन ने 05043/05044 रामनगर-लखनऊ-रामनगर इज्जतनगर के रास्ते और 05060/05059 लालकुआं-हावड़ा-लालकुआं एक्सप्रेस भोजीपुरा के रास्ते चलाने का एलान किया गया है।

बच्चे का गला रेतकर झाड़ियों में फेंका

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ युवक ने साथी के बच्चे पर किया जानलेवा हमला

▸▸ रोने की आवाज पर राहगीरों ने बच्चे को अस्पताल में कराया भर्ती

अमृत विचार : चैती मेले में जूस का स्टॉल लगाने वाले व्यक्ति के 13 महीने के बेटे का उसके साथ काम करने वाले युवक ने गला रेत दिया और उसे झाड़ियों में फेंक दिया। युवक बच्चे को घुमाने के बहाने अपने साथ लेकर गया था। गंभीर अवस्था में बच्चे को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सहारनपुर के बासठकुटा रोड राशिद गार्डन निवासी मोहम्मद नदीम ने 9 अप्रैल से चैती मेले में अपने 10-12 साथियों के साथ जूस के अलग-अलग स्टॉल लगा रखे हैं। चैती मेले में नदीम अपनी पत्नी जीनत और 13 महीने के बच्चे आहद के साथ आया हुआ है। स्टॉल पर उसके साथ उसके गांव का ही आशु निवासी रहमानी चौक, हबीब गढ़ रोड, सहारनपुर काम कर रहा था। रविवार को नदीम अपने स्टॉल पर व्यस्त था और जीनत सभी लोगों के लिए खाना बना रही थी। इस बीच रात करीब आठ बजे आरोपी आशु उनके बेटे आहद को घुमाने की बात कहकर अपने साथ ले गया। देर रात वह नशे की हाल में लौटा तो उसके साथ आहद नहीं था। इस पर परिजनों ने बच्चे के बारे में पूछा, तो आरोपी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। नदीम ने मामले की सूचना पुलिस को दी और बच्चे की तलाश शुरू कर दी। सुबह 6 बजे बच्चा बाजपुर रोड पर झाड़ियों में किसी को रोता हुआ पड़ा मिला। इस पर उसने बच्चे को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

खत्म होगा अंकों का सामान्यीकरण

एजेंसी

सीयूईटी-स्नातक नेट

नई दिल्ली : संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) और राष्ट्रीय अर्हता परीक्षा (नेट) में इस साल से अंकों का सामान्यीकरण समाप्त कर दिया जाएगा। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कुमार ने कहा कि इस साल अंकों के सामान्यीकरण की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि किसी विषय की दोनों परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। सामान्यीकरण एक छात्र के अंक को इस तरह से संशोधित करने की एक प्रक्रिया है कि वह दूसरे के अंक के साथ तुलनीय हो जाए। यह तब आवश्यक हो जाता है जब एक ही विषय की परीक्षा कई सत्रों में आयोजित की जाती है, प्रत्येक सत्र में अलग-अलग प्रश्नपत्र होते हैं। छात्र परीक्षा में उनके प्रदर्शन पर अनुचित रूप से प्रभाव डालने वाले अंकों के सामान्यीकरण के बारे में चिंता जता रहे थे।

केजरीवाल की जमानत के लिए पहुंचा विधि छात्र, हाईकोर्ट ने लगाया 75 हजार जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

● नाराज कोर्ट ने पूछा- क्या याचिकाकर्ता कॉलेज की कक्षा में जाता है

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए असाधारण अंतरिम जमानत का अनुरोध करने वाली एक विधि छात्र की जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता पर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। केजरीवाल आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। विवादों में घिरे आप नेता के वकील ने भी जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल खुद कानूनी उपाय करने में सक्षम हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने टिप्पणी की कि यह याचिका उचित विचार करके दायर नहीं की गई और अदालत उच्च पद पर आसीन किसी व्यक्ति को असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दे सकती। पीठ ने कहा क्या याचिकाकर्ता कॉलेज में कक्षा में जाता है? क्या याचिकाकर्ता की उपस्थिती अच्छी है? ऐसा लगता है कि वह कानून के सिद्धांतों का पालन नहीं कर रहा।

हत्याकांड में शामिल युवक का शव कार में मिला

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे पर गांव झलरा के पास स्थित एक चकरोड पर सोमवार सुबह कार में युवक का गोली लगा शव मिला। उसके पास पिस्टल और मोबाइल भी मिला। मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस आत्महत्या मान रही है। हत्याकांड में शामिल युवक पांच माह पहले ही जमानत पर जेल से छूट कर आया था।

शहर कोतवाली क्षेत्र के नजीबाबाद रोड स्थित झलरा के पास त्रिलोकपुरी के रहने वाले रोहन का शव खुद की कार में खून से लथपथ पड़ा मिला। रोहन देर शाम घर से निकला था और सुबह तक घर नहीं पहुंचा। परिवार वालों ने उसकी काफी तलाश की। बताया जा रहा है कि युवक का शव कार की ड्राइविंग सीट पर था। जबकि उसके बराबर की सीट पर मोबाइल रखा हुआ था। पास ही एक पिस्टल भी पड़ा हुआ था।

छह वर्षों से शवों का पोस्टमार्टम अकेले कर रहा पीआरडी जवान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : जिला मुख्यालय में स्वास्थ्य व्यवस्था इतनी चरमरा गई है। मुख्यालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस में पीआरडी का एक जवान पिछले छह सालों से अकेला शवों का पोस्टमार्टम कर रहा है, जबकि पोस्टमार्टम हाउस में तीन पोस्टमार्टम कर्मियों की आवश्यकता है। बावजूद इसके एक ही पीआरडी जवान पर शवों के पोस्टमार्टम का भार डाला हुआ है। चौबीस घंटे ड्यूटी करने के कारण पोस्टमार्टम हाउस की व्यवस्था चरमराने लगी है।

बताते चले कि जिला मुख्यालय स्थित पुराना जिला अस्पताल परिसर में मुख्यालय का पोस्टमार्टम हाउस बना हुआ है। जहां प्रतिमाह 30 से 35 शवों का पोस्टमार्टम किया जाता है। सुविधाओं व व्यवस्था के अभाव में चल रहे पोस्टमार्टम हाउस में पिछले छह साल से पीआरडी की ड्यूटी करने आए मनीष कुमार अब अपनी ड्यूटी भूलकर शवों के चीर फाड़ में लग गए है,जबकि नियमानुसार पीएम हाउस में तीन प्रशिक्षित पोस्टमार्टम हाउस कर्मी के पद रिक्त पड़े हुए है।

ग्लेशियर टूटने से 13 गांवों का संपर्क टूटा

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ मुनस्यारी मिलम मार्ग पर भारी मात्रा में बर्फ हुई एकत्र

अमृत विचार : प्रदेश के सीमांत जिले पिथौरागढ़ के मुनस्यारी में एक बार प्रकृति ने कहर बरपाया है। बीते शनिवार को मुनस्यारी के उच्च हिमालयी क्षेत्र मापांग के पास छिरकानी में विशालकाय ग्लेशियर टूट जाने से सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मुनस्यारी मिलम मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। जिस कारण जौहार घाटी के तेरह से अधिक गांवों के ग्रामीणों और चीन सीमा से सटे इलाकों में तैनात जवानों का देश दुनिया से संपर्क पूरी तरह भंग हो गया है।

बीते शनिवार को चीन सीमा को जोड़ने वाले छिरकानी नामक स्थान पर ग्लेशियर के टूटने की घटना सामने आई। जिस कारण मुनस्यारी मिलम मार्ग पर भारी मात्रा में बर्फ एकत्र हो गई है। मार्ग के बंद होने के कारण जौहार घाटी के बिल्जू, बुर्फू, खिलांच, टोला, गनघर, पांछू, मापा, मर्तोली, लास्पा, ल्वां, सुमतू, रिलकोट और रालम जैसे तेरह गांव पूरी तरह से देश दुनिया से कट गए हैं। इन गांवों में रहने वाले लोगों का मुख्य व्यवसाय भेड़ पालन है और माइग्रेशन का समय शुरू होने के कारण उन्हें निचले इलाकों की ओर जाना पड़ता है। लेकिन रास्ते बंद होने से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। बताया जा रहा है कि सीमा सड़क संगठन ने छिरकानी के पास ग्लेशियर से आई कुछ बर्फ को तो हटा लिया है, लेकिन नीचे की ओर अब भी बर्फ जमी होने के कारण इस मार्ग पर किसी भी तरह की आवाजाही संभव नहीं है।

वर्ग पहेली-48

बाएं से दाएं

2. एक प्रकार की बहुवर्षीय

4. 1. देहयष्टि, मानव शरीर 2. संख्या

5. 1. सेना, फ़ौज 2. युद्ध का मोर्चा, युद्ध का क्षेत्र

7. 1. इंद्र का हाथी, ऐरावत 2. उच्चै:श्रवा।

8. अयोध्या का प्राचीन नाम, उत्तर प्रदेश में सरयू नदी के किनारे स्थित एक हिंदू तीर्थ स्थान, अयोध्या।

9. 1. मनहूस होने की अवस्था या भाव, मनहूसी, मनहूसियत 2. उदासीनता।

ऊपर से नीचे

1. 1. जिससे पुराना परिचय हो, बहुत गहरी जान-पहचानवाला 2. जाना-पहचाना हुआ।

3. 1. चलन, रीति, रस्म, प्रथा 2. द्विरागमन, गौना।

6. 1. गांव का मुखिया 2. सरदार, महतो।

7. 1. यहूदियों का बादशाह 2. यहूदियों के राजा दाऊद का बेटा 3. यहूदियों का तीसरा बादशाह जिसने यरूशलम नगर का निर्माण कराया और वह पैगंबर माना जाता है 4. पश्चिमी पाकिस्तान में अवस्थित एक पर्वत।



वर्ग पहेली -47 का हल

1 पी	2 प	■	3 कु	■	4 खी	■
■	र	■	5 सु	म	र	नी
6 रो	क	था	म	■	■	■
■	ना	■	7 चा	8 ल	बा	ज़ी
9 न	■	10 चौ	प	दा	■	■
जू	■	■	■	ई	■	■
11 म	ख़	लू	क	■	12 खो	या

सुडोकू -127

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		7		4		5		
	5			6	1			
		9			3			
	6	3		7		2		
	8		3		9		4	
		2			6	8	9	
			8			3		
4			2	3				
		5		9		1		

सुडोकू -126 का हल

2	8	1	9	3	7	6	5	4
4	6	7	1	8	5	2	3	9
5	3	9	6	4	2	1	8	7
1	4	3	5	6	8	7	9	2
7	2	5	3	9	1	4	6	8
6	9	8	2	7	4	5	1	3
8	5	2	4	1	3	9	7	6
9	7	4	8	5	6	3	2	1
3	1	6	7	2	9	8	4	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 05 .18 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 22 .32 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज आपकी कार्यशैली में काफी बदलाव आयेगा। घर और कार्यक्षेत्र में खुशियों का माहौल रहने वाला है। आपकी दिनचर्या काफी सन्तुलित रहेगी। संतान को लेकर परेशानी दूर होगी। बड़े-बुजुर्ग आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

वृष — आज मनमौजी स्वभाव के लोगों से थोड़ी दूरी बनाकर रखें। लोगों की आर्थिक मदद के लिए आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ सकती है। यदि आपने किसी से उधार लिया है तो उसे आज चुका दें। व्यस्तता के बावजूद घर को पर्याप्त समय देंगे।

मिथुन — आज प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। विशिष्ट और रचनात्मक प्रकृति की विधाओं में आप रुचि लेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में आपका मान बढ़ेगा। आज संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। गुप्त शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने की चेष्टा कर सकते हैं।

कर्क — आज आप अपने काम के बजाय दूसरों पर ज्यादा ध्यान दे सकते हैं। हालांकि, इससे आपकी कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अपनी जिम्मेदारियों को समझें और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। माता की सलाह लेना हितकर होगा।

सिंह — आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। भाग्य पूरी तरह से आपके पक्ष में रहेगा। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी आपकी मदद करेंगे। नई जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन बहुत ही खुशहाल रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

कन्या — आज महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। धन की कमी दूर होगी। कुटुम्ब जनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। घर में बच्चों के साथ मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। सरकारी कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी के प्रति व्यवहार अच्छा रखें।

तुला — आज अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र की बाधा दूर होगी। प्रेम विवाह को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। विरोधी आपके सामने काफी कमजोर होते प्रतीत हो रहे हैं। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक — आज आपका पूरा दिन कल्पनाओं में बर्बाद हो सकता है। काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। परिवार में थोड़ी खींचतान हो सकती है। अपने जल्दबाजी वाले स्वभाव पर नियंत्रण लाएं। वरना व्यवसाय में बड़ा नुकसान हो सकता है।

धनु — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णय सटीक सिद्ध होंगे। किसी महत्वपूर्ण योजना को बनाने के लिए आज का दिन बेहद शुभ है। गृह कलह से छुटकारा मिलेगा। जीवनसाथी के साथ सुकून भरा समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशन्सा होगी।

मकर — आज प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। आपको अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में कठिनाई महसूस होगी। परिवार में सब आपकी प्रशन्सा करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित होना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है।

कुंभ — आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कई दिनों से काम का तनाव आज दूर होगा। आप लोगों को अपने अनुकूल करने में सफल रहेंगे। लेकिन किसी भी स्थिति में अपने सिद्धान्तों से समझौता न करें। आज आपको नई जानकारियां मिलेंगी।

मीन — आज का दिन बिल्कुल भी सही नहीं है। लोग आपको सही सलाह भी नहीं दे रहे हैं। इसीलिए इस समय शान्त होकर परिस्थितियों का स्वत: मूल्याङ्कन करना चाहिए। परिवार के विवाह योग्य सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
गंगा तेरे देश में — सुबह : 08 .15
शादी में जरूर आना — शाम : 06 .16

&pictures
हाथी मेरा साथी — सुबह : 08 .17
बंगाल टाइगर — शाम : 05 .23

SONY PIX
पैसिफ़िक रिम — सुबह : 08 .20
द डार्क नाईट राइसेस — रात : 06 .41

ZEE CINEMA
ये तो कमाल हो गया — सुबह : 09 .00
मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी — रात : 08 .40

colors CINEPLEX
टार्जन — सुबह : 10 .34
और प्यार हो गया — रात : 08 .49

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात :08 .40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शादी की 10वीं सालगिरह पर पत्नी पति के सीने से लग के बोली
सुनिए जी, अगर मुझे कोई भगा के ले जाए तो आप क्या करेंगे?
पति- हट पगली, कैसे सवाल पूछती है?
पत्नी- बताओ ना जानू...
पति- मैं बोलूंगा भाई भगा के क्यों ले जा रहे हो, आराम से ले जाओ,
मैं रोक थोड़ी रहा हूं! फिर पति देव की हुई जोरदार कुटाई...

कोयल ने कौवे से पूछा - तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला - बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

इलेक्शन बायस्कोप

लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों के प्रत्याशी मैदान में संघर्षरत हैं। प्रचार के लिए हर जोड़-तोड़ भी कर रहे हैं, लेकिन चुनाव का प्रमुख हिस्सा प्रचार सामग्री की बिक्री इस बार ज्यादा नहीं हो रही। ऐसे में दुकानदारों में मायूसी है। इसी क्रम में राजधानी के त्रिलोकी नाथ रोड स्थित चुनाव प्रचार सामग्री की दुकानों पर पसरा सन्नाटा। -अमृत विचार

कौशल किशोर भी 29 को भरेंगे पर्चा

अमृत विचार, लखनऊ: मोहनलालगंज से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ ही किशोर भी पर्चा भरने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भी दोनों एक साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे थे और नामांकन किया था। जानकारी के अनुसार किशोर प्रदेश पार्टी मुख्यालय पहुंचेंगे और वहां से कलेक्ट्रेट जाएंगे। कौशल के नामांकन के लिए तैयारियां जारों पर है,जिससे कोई खामी न रह जाए।

पीडीए फैक्टर के साथ बूथ स्तर तक पकड़ बनाने में जुटी कांग्रेस

17 सीटों पर जीत के संघर्ष के लिए जुटे है कांग्रेस कार्यकर्ता

राहुल और प्रियंका गांधी के प्रदेश की अन्य सीटों पर भी जनसभा कराने की चल रही तैयारी

रमेश चन्द्र, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के तहत मिली 17 सीटों पर प्रदेश कांग्रेस जीत के संघर्ष में जुटी है। पहले चरण की सहारनपुर सीट पर मतदान के बाद अब कांग्रेस ने बाकी चरणों की सीटों पर ताकत झोक दी है। पार्टी प्रत्याशियों को जिताने के लिए पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक फैक्टर के साथ बूथ स्तर पर बैठकें कर मतदाताओं पर पैठ बनाने पर खासा जोर दिया जा रहा है। कांग्रेस ने रणनीति को धार देने के लिए 25 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बैठक बुलाई गई है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी पहले चरण की सहारनपुर सीट पर इमरान मसूद के पक्ष में जनसभा कर चुकी हैं। यहां मतदान होने के बाद अमरोहा में राहुल गांधी की जनसभा हो चुकी है। राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के प्रदेश की अन्य सीटों पर भी जनसभा कराने की तैयारी चल रही है। अमेठी व रायबरेली सीटों पर प्रत्याशी अभी घोषित नहीं है, पर इन सीटों से राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।

पहले चरण के चुनाव में कांग्रेस के पास केवल एक सहारनपुर सीट थी, पर दूसरे चरण में चार सीटों अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर व मथुरा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अमरोहा सीट से दानिश अली, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, बुलंदशहर सीट से शिवराम वाल्मीकि व मथुरा से मुकेश धनगर शामिल हैं। इसके अलावा तीसरे चरण में फतेहपुर सीकरी सीट पर कांग्रेस के राम नाथ सिकरवार अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। अमरोहा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का मुकाबला भाजपा के कंवर सिंह तंवर व बसपा के मुजाहिद हुसैन से है। गाजियाबाद में कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के सामने भाजपा ने अतुल गर्ग व बसपा ने बसपा नन्द किशोर पुण्डीर को चुनाव मैदान में उतारा है। बुलंदशहर सीट पर भाजपा के डॉ भोला सिंह व बसपा के गिरीश चन्द्र चुनाव मैदान में हैं, मथुरा सीट पर भाजपा से सिने अभिनेत्री हेमामालिनी व बसपा से सुरेश सिंह हैं।



तीसरे चरण की फतेहपुर सीकरी सीट पर कांग्रेस ने राम नाथ सिकरवार को उतारा है, तो भाजपा ने राजकुमार चाहर व बसपा ने राम निवास को चुनाव मैदान में उतारा है। चौथे चरण की सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। दूसरे, तीसरे व चौथे चरण के लिए कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोक दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत अन्य नेता अपनी रणनीति के तहत चुनाव प्रचार में जुटे हैं। लोकसभा स्तर पर बने प्रभारी व समन्वयक जिला व शहर पदाधिकारियों के जरिये आम लोगों तक अपनी पहुंच बनाए हुए है। दूसरे, तीसरे व चौथे चरण के बाद कांग्रेस बाकी चरण के चुनाव में जुटने की तैयारी कर रही है।

दूसरे चरण की सीटें

अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा

तीसरे चरण की सीटें

सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ऑवला व बरेली।

चौथे चरण की सीटें

शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच

चुनावी चक्कर

- **यह कैसी चुनौती है नेता जी?:** मथुरा में लोकसभा चुनाव का संघर्ष चरम पर है। पार्टी प्रत्याशियों एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तीखा होता जा रहा है। ऐसे में प्रतिक्रियाओं की गंभीरता पर सवाल उठ जाते हैं। इसी क्रम में मथुरा की मांट विधानसभा से आठ बार के विधायक व मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे श्याम सुंदर शर्मा ने भाजपा की प्रत्याशी हेमा मालिनी को अजीब सी चुनौती दे डाली। कहा कि हेमा मांट तहसील के टैंटीगांव करबा का नाम बोलकर दिखा दें। अगर, नाम बोल लिया तो एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। श्याम सुंदर शर्मा का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। श्याम सुंदर शर्मा बसपा के नेता हैं और आजकल पार्टी के प्रत्याशी सुरेश सिंह के लिए प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

- **करोड़पति उम्मीदवारों में निर्दलीय आगे:** लोस चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। रोचक यह है कि दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश में करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक है। पार्टी-वार बात करें तो, करोड़पति उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा संख्या निर्दलीयों की है। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस का नंबर आता है। अगर, सिर्फ उत्तर प्रदेश पर नजर डालें तो, यहां 8 सीटों पर चुनाव होने वाले हैं। जिसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा शामिल हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस फेज में उप्र. से चुनावी रण में 91 उम्मीदवार रेस में हैं। जिसमें करीब 42 उम्मीदवार करोड़पति हैं, जो अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

- **गर्मी से बेहाल हैं माननीय:** गर्मी के सख्त होते मिजाज के साथ-साथ लोकसभा चुनाव का संघर्ष भी अपने चरम पहुंच रहा है। इस बीच सबसे ज्यादा दिक्कत में वे माननीय है जो बहुत कम ही अपने एयरकंडीशन कमरों से निकल कर जनता से मुखातिब होते थे। अब उन्हें दिन पर धूप में मतदाताओं को रिझाने के लिए कार्यक्रमों में शामिल होना पड़ रहा है। कहीं पंखे की तो कहीं कूलर की और कहीं उन्हें किसी यंत्र की हवा तक नसीब हो रही। हां एक बात दिलचस्प यह है कि, इन नेताओं की अगर फोटो या वीडियो कही छप जाए-चल जाए तो गर्मी दूर हो जाती है।

जनसंघ, कांग्रेस की धरती पर सपा व बसपा चख चुकी हैं जीत का स्वाद

इस बार भाजपा व इंडी गठबंधन के बीच सीधी टक्कर के आसार

लाल जी सिंह, बलरामपुर

अमृत विचार: श्रावस्ती जो कि पूर्व में बलरामपुर लोकसभा सीट थी, एक समय जनसंघ और कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। 80 के दशक के बाद इस सीट पर सपा और बसपा का भी जनाधार बढ़ा। मौजूदा चुनाव में नामांकन शुरू होने में एक सप्ताह से कम का समय बचा है। इस बार के चुनाव में भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के बीच फिलहाल सीधी टक्कर होने के आसार जा रही हैं। ऐसा इसलिए है कि अभी तक बसपा ने श्रावस्ती लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

भाजपा ने सबसे पहले यहां से साकेत मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। निवर्तमान सांसद बसपा के थे जो कि अब हाथी से उतरकर साइकिल पर सवार हो चुके हैं। पार्टी ने उन्हें गठबंधन के तहत यहां से प्रत्याशी भी बनाया है। बताते चलें कि बलरामपुर लोकसभा सीट का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। इस सीट से पहली बार 1957 में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जनसंघ के टिकट पर सदन में पहुंचे थे। साल 1962 के चुनाव में उनको कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने करीब 2000 मतों से हरा दिया था। साल 1967 में अटल बिहारी वाजपेई फिर से सांसद बने। साल 1971 के चुनाव में इस सीट पर फिर एक बार कांग्रेस के चंद्रभाल मणि तिवारी ने कब्जा किया। साल 1977 के चुनाव में नानाजी देशमुख ने जनता पार्टी के टिकट पर यह सीट जीत ली।

साल 1980 में एक बार फिर यह सीट कांग्रेस की झोली में आई और चंद्रभाल मणि तिवारी दोबारा सांसद बने। साल 1984 में भी इस सीट पर कांग्रेस के ही महंत दीप नारायण वन चुनाव जीते। साल 1989 में इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां ने कब्जा किया। फिर साल 1991 तथा 1996 में यह सीट भाजपा के खाते में रही। दोनों बार यहां से सत्यदेव सिंह सांसद बने। साल 1998 तथा 1999 के चुनाव में अपने बढ़ते जनाधार के बल पर सपा के रिजवान जहीर बलरामपुर सीट से सांसद बने। हालांकि साल 2004 के चुनाव में भाजपा के बृजभूषण शरण सिंह ने रिजवान जहीर को मात देकर यह सीट बीजेपी की झोली में डाल दी।

साल 2009 में नई संसदीय सीट श्रावस्ती का सृजन हुआ। इस सीट पर पहली बार कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडे ने जीत हासिल की। 2014 के चुनाव में सपा के बाहुबली अतीक अहमद को हराकर भाजपा के दद्दन मिश्रा ने इस सीट पर कब्जा किया। साल 2019 के चुनाव में यह सीट सपा बसपा के गठबंधन की वजह से बसपा के खाते में गई और बसपा के राम शिरोमणि वर्मा ने मात्र 5320 मतों से भाजपा के दद्दन मिश्रा को हराकर इस सीट पर बसपा का परचम लहराया। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राम जन्मभूमि तीर्थ निर्माण परिषद के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा के बेटे साकेत मिश्रा को अपना प्रत्याशी बनाया है। तो वहीं दूसरी तरफ राम शिरोमणि वर्मा बसपा से निकलकर सपा में शामिल हो गए और सपा ने इंडिया गठबंधन के तहत उन्हें श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर मैदान में उतारा है।

अटकलें लगाई जा रही है कि कांग्रेस से चुनाव लड़ने का सपना देख रहे पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह आगामी दिनों में धमाका कर सकते हैं। यदि वह चुनाव मैदान में उतरते हैं तो यहां पर एक बार बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा गर्म हो सकता है। क्योंकि भाजपा के साकेत मिश्रा मूलतः देवरिया जनपद के निवासी हैं। वहीं सपा के राम शिरोमणि वर्मा अंबेडकर नगर के मूल निवासी हैं।

राम शिरोमणि वर्मा।


साकेत मिश्रा।

बलरामपुर से श्रावस्ती लोक सभा सीट

चुनाव आयोग ने वर्ष 2008 में देश मे लोकसभा तथा विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन कराया था। नये परिसीमन में बलरामपुर संसदीय सीट का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया गया। श्रावस्ती के नाम से नई संसदीय सीट का गठन किया गया। श्रावस्ती संसदीय सीट में श्रावस्ती जनपद की भिनगा तथा श्रावस्ती विधानसभा और बलरामपुर जनपद की सदर, तुलसीपुर तथा गैंसड़ी विधानसभा को शामिल किया गया है। इसी परिसीमन में बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा सीट को गोंडा संसदीय सीट में भी शामिल कर दिया गया।

इस बार के चुनाव में नहीं दिखेगा रिजवान जहीर का जोर

लगभग तीन दशक से बलरामपुर तथा श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में अपना प्रभुत्व रखने वाले रिजवान जहीर वर्ष 2024 के चुनाव में खामोश दिखाई दे रहे हैं। रिजवान जहीर इस समय नगर पंचायत तुलसीपुर के पूर्व अध्यक्ष फिरोज अहमद और पप्पू के हत्या की साजिश के आरोप में जेल में बंद है। पिछले चुनाव में उन्होंने सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा को जिताने में अपना पूरा जोर लगाया था। ऐसा माना जाता है की बलरामपुर तथा श्रावस्ती जिले में उनके काफी समर्थक हैं। जो कि उनके एक इशारे पर चुनाव का समीकरण बदल सकते हैं। उनके नेपथ्य में रहने से इस बार के चुनाव में क्या असर पड़ेगा यह अभी भविष्य के गर्भ में है।

आईना : श्रावस्ती लोकसभा सीट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	दद्दन मिश्र	3,45,964
सपा	अतीक अहमद	2,60,051
बसपा	लाल जी वर्मा	1,94,890
कांग्रेस	विनय कुमार पांडे	20,006



2014 नोटा 1 | 2019 नोटा 17,108

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1957	अटल बिहारी वाजपेयी	भारतीय जनसंघ
1962	सुभद्रा जोशी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	अटल बिहारी वाजपेयी	भारतीय जनसंघ
1971	चन्द्र भाल मणि तिवारी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	नानाजी देशमुख	जनता पार्टी
1980	चन्द्र भाल मणि तिवारी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	महंत दीप नारायण वन	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	फसी-उर-रहमान मुन्नन खान	स्वतंत्र
1991 व 96	सत्यदेव सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1998 व 99	रिज़वान ज़हीर	समाजवादी पार्टी
2004	बृजभूषण शरण सिंह	भारतीय जनता पार्टी
2009	विनय कुमार पांडे	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014	दद्दन मिश्र	भारतीय जनता पार्टी
2019	राम शिरोमणि वर्मा	बहुजन समाज पार्टी

श्रावस्ती

2024

कुल मतदाता	- 1972930
पुरुष	- 1054398
महिला	- 918480
अन्य	- 52

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	विनय कुमार पांडे	2,01,556
बसपा	रिज़वान ज़हीर	1,59,527
सपा	रुबाब सईदा	1,11,247
भाजपा	सत्यदेव सिंह	47,943



अपनी डपली अपना राग

भाजपा देश पर अंग्रेजों की तरह शासन करना चाहती है। इनके पास देश की जनता को बताने के लिए कुछ नहीं बचा है।
-अखिलेश यादव

आपके वोट की ही ताकत थी कि पाकिस्तान को कुछ घंटों में अभिनंदन को सकुशल व वीआईपी ट्रीटमेंट देकर वापस लौटाना पड़ा था।
- ब्रजेश पाठक

कांग्रेस, सपा व बसपा देश के 80 करोड़ लोगो तक पहुंचने वाले राशन को कमीशनखोरी की भेंट चढ़ाकर खुद हजम करना चाहते हैं।।
-धर्मपाल सिंह

भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्म का सहारा लेती है। वे भोली-भाली जनता को छलते हैं।
- अजय राय

10 साल का शासन तो केवल ट्रेलर मात्र है पिक्चर अभी बाकी है। यह चार जून को चार बजे जब 400 पार होगा तो रिलीज होगी।
-केशव मौर्य।

इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने मथुरा, फतेहपुर सीकरी, आगरा और फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र का दौरा किया और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगें। इस दौरान उन्होंने समन्वयक बैठकों को भी संबोधित किया।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ. मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि प्रदेश प्रभारी ने गठबंधन के सभी घटक दलों कांग्रेस, सपा, लोकदल व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच आपसी सहयोग व समन्वय विकसित करने पर जोर दिया, ताकि इसका असर बूथ स्तर तक दिखे। प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस का गारंटी कार्ड घर-घर तक पहुंचाने व उसमें लिखित संकल्प को उनसे परिचित कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को हराने के लिए गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की जरूरत है।

महाराजा सुहेलदेव के 'तेज' से अपनी धार मजबूत कर रही भाजपा

भाजपा ने महाराजा सुहेलदेव स्मारक को पुनर्स्थापित कर हिंदू समाज को राजनैतिक रूप से एकजुट किया

देवीपाटन मंडल के जिलों में शौर्य के अनुपम उदाहरण के रूप में पेश किए जाते हैं महाराजा

आक्रांता महमूद गजनवी के भतीजे सैयद सालार मसूद गाजी के आतंक से क्षेत्र को किया था मुक्त

विनय सिंह, लखनऊ

- **कई जातियों द्वारा अपने-अपने समाज को जोड़े जाने के बावजूद हिंदू एकता के प्रतीक के रूप में स्थापित हैं महाराजा**

अमृत विचार। तुमने दिया देश को जीवन, देश तुम्हें क्या देगा। अपनी आग तेज करने को नाम तुम्हारा लेगा। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर द्वारा लिखित यह पंक्ति वर्तमान समय में श्रावस्ती-बहराइच के महाराजा सुहेलदेव स्मारक से एक संदेश के रूप प्रतिध्वनित होती है।

यह संदेश देवीपाटन मंडल के हिंदू समाज में 'हम की भावना' के रूप में अनुभव किया जा सकता है। स्मारक परिसर में पहुंचने पर हर व्यक्ति एक ऐसे गौरव की अनुभूति करता है, जिससे वह अभी तक अनजान था। अनजान इसलिए भी क्योंकि हर किसी को महराजा सुहेलदेव के बारे में उतना नहीं पता था, जितना कि अब बताया जाने लगा।

2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद जब राष्ट्रवादी विचारधारा को एक एजेंडे के रूप में प्राथमिकता दी जाने लगी तो स्थानीय बुद्धिजीवियों ने महाराजा सुहेलदेव का जिक्र करना शुरू कर दिया। बाद में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने महाराजा सुहेलदेव के इतिहास को आज के परिवेश में धार देना शुरू कर दिया। भाजपा ने महाराजा सुहेलदेव के राष्ट्रवाद के अपने राष्ट्रवाद से जोड़ दिया। इसी का परिणाम था कि 2019 के चुनावों में देवीपाटन मंडल की सभी लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में गिरी। 2017 में उप्र. में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराजा सुहेलदेव के व्यक्तित्व और कृतित्व में व्यक्तिगत रूप से भी रुचि लेने लगे। आलम यह था कि योगी की रुचि को भांपते हुए पर्यटन विभाग के अधिकारी लगातार निर्माणाधीन स्मारक पर ही मुस्तैद रहने लगे। महाराजा सुहेलदेव भारतीय इतिहास के उन महान व्यक्तित्वों में एक हैं, जिन्हें हिंदू समाज की सभी जातियां गर्व पूर्वक स्वीकार करती हैं। ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य व दलित समाज हो अथवा इनकी उपजातियां, सभी महराजा को सम्मान की दृष्टि से देखती हैं। इस स्वीकार्यता का पूरा फायदा भाजपा ने देवीपाटन मंडल में उठाया। भाजपा का मानना है कि महाराजा सुहेलदेव एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जो लोकसभा की चार सीटों और विधानसभा की 11 सीटों पर सीधे असर डालते हैं।

अन्य पार्टियां अपने धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के कारण महाराजा सुहेलदेव को कभी स्वीकार नहीं कर पाईं।

पराक्रम से लवरेज है महाराजा का इतिहास

11वीं शताब्दी में महमूद गजनवी के भतीजे सैयद सालार मसूद गाजी ने 16 वर्ष की उम्र में सिंधु नदी पार कर भारत में आक्रमण किया था। गाजी ने अपने अभियान में मुल्तान, दिल्ली, मेरठ और अंत में सतरिख पर विजय पाई। सतरिख में उसने अपने मुख्यालय की स्थापना की थी और स्थानीय राजाओं को हराने के लिए सेनाओं को भेज दिया था। इसी के तहत सैयद सैफुद्दीन और मिया राजब को बहराइच भेजा गया था। बहराइच के स्थानीय राजाओं ने एक संघ का गठन किया था, लेकिन गाजी की सेना ने उन्हें हरा दिया। 1033 में गाजी मसूद स्वयं बहराइच में अपने अभियानों की प्रगति देखने पहुंचा था। सुहेलदेव के आगमन तक मसूद ने हजारों की संख्या में हिंदुओं की हत्या कराई। 1034 में महाराजा सुहेलदेव ने युद्ध की कमान स्वयं संभाली और उन्होंने न सिर्फ गाजी की सेना को हराया बल्कि गाजी का ही वध कर दिया।

राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों से जिताना है: अनिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: एनडीए प्रत्याशियों की विजय के लिए रालोद प्रमुख ने पश्चिमी उप्र. में प्रचार अभियान में जुटे हैं, वहीं राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को भारी बहुमत से जिताने के लिए बैठकों का दौर जारी है।

हजरतगंज स्थित पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे सोमवार को पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विधानसभा वार कमेटियां गठित की जा रही हैं। कमेटी सदस्य क्षेत्रीय स्तर पर बैठकें कर मतदाताओं से संवाद करेंगे।

लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि अधिक से अधिक मतदान को प्रेरित करते हुए एनडीए प्रत्याशी राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों से विजयी बनाना है। उन्होंने बताया कि जिलों में भी मै और अन्य पदाधिकारी पहुंचकर, एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं जिससे कि उन्हें रिकार्ड मतो से जीत दिलाई जा सके।

भाजपा ने 17 में से नौ लोकसभा सीटों पर टीआरएस से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा, कांग्रेस ने भी कई सीटों पर टीआरएस के नेताओं पर दांव लगाया

कांग्रेस- भाजपा की सीधी टक्कर में ठिकाने लगी टीआरएस

चुनाव डेस्क

अलग राज्य की मांग को लेकर चले लंबे आंदोलन के बाद देश के 29वें राज्य के रूप में तेलंगाना का गठन हुआ और यह राज्य दो जून, 2014 को अस्तित्व में आया। इस बार 18वीं लोकसभा के लिए तेलंगाना में चुनाव चौथे चरण में होगा। राज्य की 17 सीटों के लिए 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) जिसका नाम अब भारत राष्ट्र समिति हो चुका है, का आधार और प्रभाव विधानसभा चुनाव में हार के एक धक्के से इतनी जल्दी सिमटने लगेगा, किसी ने भी नहीं सोचा था, लेकिन तेलंगाना की हकीकत यही है। पार्टी को सत्ता से बाहर होने के बाद लगातार झटकों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में उसके सांसद, विधायक और नेता भाजपा या कांग्रेस में चले गए हैं। इसके चलते लोकसभा चुनाव में राज्य की अधिकतर सीटों पर मुकाबला कांग्रेस बनाम भाजपा की लड़ाई बदल गया है। इन हालात में टीआरएस प्रमुख केसीआर की कोशिश चुनावी संघर्ष को त्रिकोणात्मक बनाकर अपनी पार्टी के लिए कुछ सीटों पर रास्ता बनाने तक सीमित नजर आ रहा है।

2019 तेलंगाना में दलीय जनादेश

पार्टी	सीट	वोट	वोट %
टीआरएस	09	7696848	41.4
भाजपा	04	3626173	19.6
कांग्रेस	03	5496686	29.7
एआईएमआईएम	01	517471	2.8

2014 में प्रमुख दलों का वोट शेयर

टीआरएस	11	34.9 प्रतिशत
भाजपा	01	10.5 प्रतिशत
कांग्रेस	02	24.7 प्रतिशत
टीडीपी	01	12.3 प्रतिशत

दल- बदलुओं के सहारे भाजपा की बैटिंग

- तेलंगाना में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरे आधे से अधिक भाजपा उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि टीआरएस से जुड़ी है। प्रदेश की कुल 17 में से नौ सीटों पर भाजपा ने टीआरएस से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाया है। इनमें से अधिकतर बीते तीन माह के भीतर ही टीआरएस को छोड़कर भाजपा में आए हैं, और भाजपा ने उन्हें टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। दरअसल, विधानसभा चुनाव में आठ सीटें पाने वाली भाजपा को राज्य में अपनी जड़ें मजबूत करने के लिए टीआरएस के कंधे का इस्तेमाल करना आसान तरीका नजर आ रहा है। यही वजह है कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व दल-बदल के खेल में आगे बढ़कर बैटिंग करने में यकीन कर रहा है। टीआरएस के नेताओं को टिकट देकर भाजपा तेलंगाना में कांग्रेस की चुनौती से निपटने के लिए अपनी नई जमीन तैयार कर रही है। टीआरएस नेताओं को शामिल करने में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी, कांग्रेस भी पीछे नहीं है। टीआरएस के कई सांसदों और विधायकों को कांग्रेस ने हाल ही में अपने पाले में किया है। पार्टी नेताओं ने भागने के वजह से टीआरएस यहां कमजोर सी हो गई है। हालांकि पार्टी नेता लगातार यहां प्रचार कर माहौल बनाने में जुटे हैं।

2019 में टीआरएस के खाते में आईं थीं नौ लोकसभा सीटें

- टीआरएस ने 2019 के चुनाव में नौ लोकसभा सीटें जीती थीं। लेकिन पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने के बाद पार्टी के पांच सांसदों ने हाल ही में पार्टी छोड़ दी थी और भाजपा या कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। इसमें टीआरएस के लिए सबसे बड़ा झटका चेवेल्ला से उसके सांसद रंजीत रेड्डी का दलबदल था। वह अब इसी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार बन चुके हैं। इसी तरह हैदराबाद की खैरताबाद विधानसभा सीट से टीआरएस विधायक दानम नागेंद्र भी अब कांग्रेस से टिकट पाकर लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। विधायक दानम नागेंद्र को कांग्रेस ने सिकंदराबाद लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी जी किशन रेड्डी के सामने उतार दिया है। उधर, विकाराबाद जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष और पूर्व बीआरएस नेता सुनीता महेंद्र रेड्डी दलबदल करने के बाद मल्काजगिरी सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। टीआरएस के पेद्दापल्ली से मौजूदा सांसद वेंकटेश भी कांग्रेस में चले गए हैं। वारंगल के सांसद पसुनुरी दयाकर भी लोकसभा के टिकट से इनकार किए जाने के बाद टीआरएस छोड़ चुके हैं।

17 दिन सड़क पर रहेंगे केसीआर, हर सीट पर करेंगे रोड शो

- कांग्रेस और भाजपा द्वारा टीआरएस में की गई तोड़फोड़ से केसीआर के सामने दोतरफा चुनौती खड़ी हो गई है। छह माह पहले तक राज्य में टीआरएस अजेय भूमिका में थी। केसीआर को अपने ऊपर इतना भरोसा था कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से ज्यादा राष्ट्रीय राजनीति पर फोकस कर रखा था। इंडिया गठबंधन से अलग एक नया गठबंधन खड़ा करने की संभावनाओं पर काम करने के साथ राज्य से बाहर राष्ट्रीय स्तर पर अपने लिए नई भूमिका तलाश रहे थे। लेकिन विधानसभा चुनाव में जमीन क्या खिसकी उनके तमाम साथी, सांसद और विधायक ही साथ छोड़ गए। केसीआर को इस सदमे से उबरने और पार्टी को संभालने में थोड़ा वक्त लगा, लेकिन माना जा रहा है कि अब वह लोकसभा चुनाव को अपने और पार्टी के अस्तित्व से जुड़ी चुनौती मानकर नए सिरे से तैयारी करने में जुटे हैं। केसीआर ने सड़क पर निकल कर लोगों के बीच जाने का फैसला किया है। लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत केसीआर ने 24 अप्रैल से अगले 17 दिनों तक राज्य की सभी 17 लोकसभा सीटों पर रोड शो करने का फैसला लिया है। केसीआर का रोड शो 24 अप्रैल को मिर्यालगुडा में शुरू होकर 10 मई को सिद्दिपेट जिला मुख्यालय पर समाप्त होगा।

हैदराबाद सीट पर 40 साल से ओवैसी परिवार काबिज



हैदराबाद लोकसभा सीट पर पिछले 40 सालों से ओवैसी परिवार का दबदबा है। इसे उनकी परंपरागत सीट माना जाता है। इसकी एक वजह करीब 20 लाख मतदताओं वाली इस सीट पर मुस्लिम मतदाता 11 लाख से अधिक होना है। हैदराबाद से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी पिछले चार बार से सांसद चुने जा रहे हैं। उनके पिता सलाहुद्दीन ओवैसी ने इस सीट पर आधा दर्जन बार जीत हासिल की थी। इस बार एक बार फिर हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी मैदान में हैं। उनके खिलाफ भाजपा ने तेजतर्रार और हिंदुत्व की प्रबल समर्थक माधवी लता को उम्मीदवार बनाया है, जो ओवैसी को कड़ी टक्कर दे रही हैं। माधवी लता सिर्फ ओवैसी ही नहीं, बल्कि उनके भाई अकबरुद्दीन के साथ कांग्रेस पर भी हमलावर हैं। वह पसमांदा मुस्लिम महिलाओं के बीच काम करती रही हैं। सोशल वर्कर हैं और एक हास्पिटल चलाती हैं। उनका कहना है कि मुस्लिम महिलाएं गरीबी और डर में जी रही हैं। वो 10 बच्चों को जन्म दे रही है। लेकिन ऐसे बच्चों का क्या फायदा। जब उन्हें अच्छे से पढ़ा नहीं पा रहे, ठीक खाना और सेहत नहीं दे पा रहे हो। टीआरएस ने ओवैसी और माधवी लता के मुकाबले में गद्दाम श्रीनिवास यादव को मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा के उम्मीदवार भगवंत राव को 2 लाख 82 हजार 186 वोटों से हराया था। ओवैसी को 5 लाख 17 हजार 471 वोट मिले थे, जबकि भगवंत राव ने 2 लाख 35 हजार 285 वोट पाए थे। टीआरएस उम्मीदवार पुस्ते श्रीकंड को 63 हजार 239 और कांग्रेस के फिरोज खान को 49 हजार 944 वोट हासिल हुए थे। हैदराबाद लोकसभा सीट के तहत 7 विधानसभा सीटें आती हैं. इसमें से 6 विधानसभा सीटों पर एआईएमआईएम का कब्जा है. जबकि एक सीट गोशमहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टी राजा सिंह विधायक हैं।

5.41 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए मृत्यु, पलायन और फर्जी निकला कारण

- चुनाव आयोग ने हैदराबाद जिले की मतदाता सूची से 5.41 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं। 15 विधानसभा क्षेत्रों के इन मतदाताओं के नाम इसलिए हटाए गए हैं, क्योंकि इनमें से ज्यादातर की मौत हो गई है, या वह दूसरी जगह चले गए हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में फर्जी वोटरों के नाम भी हटाए गए हैं। भाजपा उम्मीदवार माधवी लता ने हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र में छह लाख से अधिक फर्जी वोट होने का दावा करते हुए शिकायत की थी। उनका आरोप था कि असदुद्दीन ओवैसी फर्जी वोटों से चुनाव जीतते हैं।

हाथ से तीर के इशारे पर रिपोर्ट दर्ज, ओवैसी ने इबातदगाहों की सुरक्षा को बनाया मुद्दा

- हैदराबाद में इस बार ओवैसी और भाजपा के बीच तीखा वार-पलटवार चल रहा है। माधवी लता के एक वीडियो पर खूब सियासत तेज हो रही है। इसमें माधवी लता एक जुलूस के दौरान हाथ से काल्पनिक तीर छोड़ने का इशारा कर रही हैं। आरोप है कि उनका इशारा एक धर्म स्थल की तरफ है। इस मामले में पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। माधवी लता की कड़ी चुनौती में फंसे असुदद्दीन ओवैसी ने ध्रुवीकरणके लिए इस मुद्दे को लपक कर धर्म और वोट से जोड़ दिया है। अभी तक वह अपने भाषणों में जहां मुख्तार अंसारी की मौत से लेकर सीएए और एनआरसी के मुद्दे उठा रहे थे, अब इबातदगाहों की सुरक्षा को मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है।

दिल्ली में दो प्रत्याशियों को लेकर कांग्रेस में रार

ब्यूरो, नई दिल्ली।
अमृत विचार। दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच हुए सीटों के बंटवारे के बाद कांग्रेस के दो उम्मीदवारों को लेकर पार्टी में अंतरकलह अब चरम पर पहुंच गई है। कन्हैया कुमार और उदित राज की उम्मीदवारी के विरोध में पार्टी कार्यालय के बाहर उस समय जमकर नारेबाजी हुई जब अंदर प्रेस वार्ता चल रही थी।

कांग्रेस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का टिकट काटकर जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम सीट पर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए पूर्व सांसद उदित राज को मैदान में उतारा है। इन दोनों उम्मीदवारों के विरोध को सुलझाने के लिए दिल्ली के प्रभारी दीपक बाबरिया के घर में बैठक बुलाई गई थी। वहां पर भी पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक जय किशन व सुरेंद्र कुमार आदि ने जमकर हंगामा किया था।

दिल्ली के नेताओं का आरोप है कि

उदित राज एवं कन्हैया कुमार दिल्ली के नहीं है। जबकि स्थानीय नेताओं की मांग यहां पर ज्यादा है। इसलिए यह दोनों उम्मीदवार बदले जाएं। दोनों उम्मीदवारों को लेकर चल रहे बवाल पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता बुलाई थी। जैसे ही इसकी जानकारी विरोध कर रहे दावेदारों एवं कार्यकर्ताओं को लगी, उन्होंने नारेबाजी की।

पार्टी नेताओं का कहना है कि जिस तरह से चांदनी चौक में पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल को टिकट दिया गया है। ठीक उसी प्रकार उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित और उत्तर पश्चिम दिल्ली से स्थानीय नेताओं को टिकट दिया जाए।

मांगा समर्थन

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को जम्मू में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में लोगों को बताया और कहा कि इस बार चार सौ पार का जो नारा है वह मतदाताओं के दम पर पूरा होगा। केंद्रीय मंत्री ने पार्टी उम्मीदवार की जीत के लिए अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद घाटी में आए परिवर्तन और विकास पर भी चर्चा की। जम्मू- कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों को भी गिनाया। विरोधी दलों की नीतियों को देश विरोधी बताया।

'अब मथुरा की बारी' से साध रहे यादव बिरादरी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्य प्रदेश में भाजपा के क्लीन स्वीप की कमान तो संभाल ही रखी है, इसके साथ ही यूपी और बिहार में यादव बाहुल्य लोकसभा सीटों पर भी भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार में जा रहे हैं।

लेकिन इस प्रचार में एक बात हर जगह देखी जा रही है, मुख्यमंत्री मोहन यादव लगभग हर जगह यादव बिरादरी की अस्मिता का सवाल उठाने के साथ 'अब मथुरा की बारी है' का नारा जरुर दे रहे हैं। यादव बहुल सीटों पर रणनीतिक रूप से भाजपा की तरफ से मोहन यादव को यादव मतदाताओं को कमल निशान की तरफ मोड़ने के लिए उतारा गया है।

इसके लिए मोहन यादव के यादव बहुल क्षेत्रों में दौरे और सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यूपी में आकर मथुरा, आगरा, अलीगढ़ और ब्रज क्षेत्र के साथ-साथ देश-विदेश के कृष्ण भक्तों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए कृष्ण जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण की मांग की थी और इसे यादव समाज के सम्मान के साथ जोड़ा था। मध्य प्रदेश के छतरपुर में तो मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि पार्टी अब मथुरा की तैयारी कर रही है। इसके लिए भाजपा को वोट देना पड़ेगा।

मजदूरों के घोषणापत्र में मोदी को हटाने की भरी गई हुंकार

शिमला। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के हिमाचल प्रदेश के सोलन में हुए अधिवेशन में लोकसभा चुनाव में 'मोदी हटाओ देश बचाओ' अभियान मजबूत करने के लिए मजदूरों का घोषणा पत्र जारी किया गया।

अधिवेशन में मजदूरों से मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने व भाजपा को हराने का आह्वान किया गया। नेताओं ने कहा कि पिछले दस साल से मोदी सरकार लगातार मजदूरों के अधिकारों पर हमले कर रही है। मोदी सरकार ने मजदूरों के लंबे संघर्ष और कुर्बानियों के बाद हासिल किए गए 44 श्रम कानूनों को समाप्त करके इन्हें मजदूर विरोधी व पूंजीपति परस्त चार लेबर कोडों में बदल दिया है। ये लेबर कोड कॉरपोरेट जगत व उद्योगपतियों को ही फायदा पहुंचाते हैं। इन्हें मजदूरों की जिंदगी को बंधुआ मजदूरी की तरफ ले जाने के लिए तैयार किया गया है। मोदी सरकार की कारगुजारियों के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और मंहगाई आसमान छू रही है। अग्निवीर योजना लाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश के प्राकृतिक व सार्वजनिक संसाधनों को मोदी सरकार अपने चंद कॉरपोरेट मित्रों के हवाले करने में लगी है। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक मुद्दों पर देश का विभाजन करने की नापाक कोशिश की जा रही है।

- सीटू ने सोलन के अधिवेशन में दस साल के कामकाज को कोसा
- अग्निवीर योजना और महंगाई पर सरकार को घेरने की कोशिश

कांग्रेस खाता खोलने तो भाजपा जीत का अंतर बढ़ाने में जुटी

भोपाल। मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में पहले चरण की छह सीटों पर मतदान के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के बीच घमासान दूसरे चरण की छह सीटों पर बढ़ गया है। दूसरे चरण में खजुराहो, दमोह, टीकमगढ़, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। इन सीटों पर 75 पुरुष, चार महिलाएं और एक थर्ड जेंडर समेत 80 प्रत्याशी मैदान में हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना में हैं। दमोह, खजुराहो और रीवा में 14-14 और होशंगाबाद में 12 तथा टीकमगढ़ में सात प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है।

टीकमगढ़ : जातीय गोलबंदी व बाहरी के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री को घेरने की कोशिश

- भाजपा से सात बार के सांसद केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक के सामने कांग्रेस ने नए चेहरे के रूप में पंकज अहिरवार को उतारा है। उनकी इलाके में ज्यादा पहचान नहीं है। इसे देखते हुए कांग्रेस यहां स्थानीय बनाम बाहरी को मुद्दा बना रही है। भाजपा सांसद के खिलाफ थोड़ी नाराजगी की बात कही जा रही है, लेकिन मोदी के नाम पर लोग भाजपा के समर्थन में हैं। इस सीट पर अहिरवार मतदाताओं की संख्या करीब पांच लाख है। कांग्रेस की कोशिश इन्हें लामबंद करने की है।

होशंगाबाद: भाजपा के मजबूत गढ़ में कांग्रेस कर रही सेंध लगाने का प्रयास

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा के दर्शन सिंह का सामना कांग्रेस के दो बार के विधायक संजय शर्मा कर रहे हैं। वह पहले भाजपा में रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने प्रभाव से चुनाव अभियान चला रहे हैं, लेकिन यह क्षेत्र भाजपा का गढ़ है। मोदी के चेहरे का लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा है। इस क्षेत्र से प्रहलाद पटेल, राव उदय प्रताप सिंह और नरेंद्र शिवाजी पटेल तीन मंत्री आते हैं। भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है।

खजुराहो में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को वॉक ओवर, गठबंधन से प्रत्याशी नहीं

- इस सीट पर 1989 से भाजपा का दबदबा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा एक बार फिर मैदान में हैं। कांग्रेस ने यादव वोटों की बहुलता देखते हुए यह सीट गठबंधन के सहयोगी दल सपा को दी थी, लेकिन उसकी प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद हो जाने से अब इंडी गठबंधन को फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी आरबी प्रजापति को समर्थन देना पड़ा है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा को वॉक ओवर मिल गया है। जानकार यहां चुनाव एकतरफा मान रहे हैं।

सतना : रोचक त्रिकोणीय मुकाबला बढ़ा रहा भाजपा सांसद की मुश्किल

- यहां मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। भाजपा सांसद गणेश सिंह के सामने कांग्रेस ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को उतारा है। बसपा से पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव में सिद्धार्थ कुशवाहा ने गणेश सिंह को हराया था। अब फिर दोनों आमने-सामने हैं। बसपा प्रत्याशी कैडर और ब्राह्मण वोटों के सहारे हैं। कुर्मी वोट गणेश सिंह और कुशवाहा वोट सिद्धार्थ में बंट सकते हैं, जिनकी हिस्सेदारी लगभग बराबर है। ऐसे में 22 फीसदी ब्राह्मण वोट निर्णायक होंगे।

दमोह: लोधी बनाम लोधी की रोचक लड़ाई

यहां दो पूर्व विधायकों के बीच जंग है। भाजपा ने हाल ही में कांग्रेस छोड़कर आए पूर्व विधायक राहुल लोधी पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस ने पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी को मुकाबले में उतारा है। इस सीट पर लोधी वोटर निर्णायक माना जाता है। ऐसे में लोधी बनाम लोधी की टक्कर दिलचस्प हो गई है।

विधानसभा चुनाव मंन भाजपा ने जिले में बढ़िया प्रदर्शन किया था। भाजपा मोदी का चेहरे और गारंटी पर वोट मांग रही है। पार्टी के जयंत मलैया और प्रहलाद पटेल गुट एकजुट होकर बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा उछाल रहे हैं, जवाब में कांग्रेस बिकाऊ के मुकाबले टिकाऊ का नारा देकर चुनाव लड़ रही है।

रीवा: कांटे की टक्कर में ब्राह्मण वोटों को लेकर भाजपा और कांग्रेस में मचा है घमासान

यहां जनार्दन मिश्रा भाजपा के टिकट पर तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने विधायक अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को मुकाबले में उतारा है। जानकार दोनों के बीच कांटे की टक्कर मान रहे हैं। इस सीट पर जीत के लिए भाजपा ने पूरा अभियान मोदी के चेहरे पर केंद्रित कर रखा है, जबकि कांग्रेस स्थानीय मुद्दों को उठा रही है। यहां ब्राह्मण वोटों पर घमासान मचा है।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक--985 फ्लैग-1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1160

लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, दाल उड़द- 115, साबुत मसूर दाल- 105, मसूर दाल- 80-105, उड़द साबुत- 125-140, काबुली चना- 115-130 अरहर दाल- 170 लोबिया/करमानी- 125 सोयाबीन- 72 मूंगफली- 70 मटर (सूखी)- 55-64 मक्का- 22

खाद्य नियामक देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता की करेगा जांच

एमडीएच, एवरेस्ट मसाला विवाद: पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के ले रहे नमूने

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने जांच के मकसद से देश भर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने लेना शुरू कर दिया है। सिंगापुर और हांगकांग में इन दोनों कंपनियों के कुछ उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है।

सूत्र ने कहा कि एफएसएसएआई बाजार से एमडीएच और एवरेस्ट समेत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने ले रहा है ताकि यह जांचा जा सके कि वे तय मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि एफएसएसएआई निर्यात किये जाने वाले मसालों की गुणवत्ता का नियमन नहीं करता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत

● सिंगापुर- हांगकांग में इन कंपनियों के उत्पादों की गुणवत्ता पर चिंता जताने के बाद उठाया गया कदम

आने वाला एफएसएसएआई घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले उत्पाद की गुणवत्ता की जांच करने के लिए नियमित रूप से बाजार से मसालों के नमूने लेता है।

इस बीच, भारतीय मसाला बोर्ड भारतीय ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर हांगकांग और सिंगापुर में लगाए गए प्रतिबंध पर गौर कर रहा है। इन मसालों में कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' पाये जाने की बात कही गयी है। इस संबंध में बोर्ड की निदेशक एबी रेमा श्री ने कहा कि हम इस मामले को देख रहे हैं। हम इस पर कायम हैं। इस बारे में कंपनियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने और व्यापारियों से नहीं बेचने को कहा है, जबकि सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने ऐसे मसालों को वापस लेने का निर्देश दिया है। इन उत्पादों में, एमडीएच के मद्रास करी पाउडर (मद्रास करी के लिए मसाला मिश्रण), एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिश्रित मसाला पाउडर और एमडीएच करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर शामिल हैं।

जोमैटो ने मंच शुल्क बढ़ाकर प्रति ऑर्डर पांच रुपये किया

नई दिल्ली। होटल से खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाला ऑनलाइन मंच जोमैटो ने चुनिंदा बाजारों में अपने शुल्क को 25 प्रतिशत बढ़ाकर चार से पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। कंपनी के ऐप के मुताबिक उसने अपनी अंतर-शहरी फूड डिलिवरी सर्विस इंटरसिटी लीजेंड्स को भी रोक दिया है। जोमैटो के प्रवक्ता ने कहा कि यह कारोबारी कदम है जिन्हें हम समय-समय पर विभिन्न कारकों के आधार पर लेते हैं। सूत्रों के मुताबिक मंच शुल्क में बढ़ोतरी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में लागू होगी। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में प्रति ऑर्डर मंच शुल्क पिछले अगस्त से लेना शुरू किया था। उस समय यह दो रुपये प्रति ऑर्डर था। इससे धीरे-धीरे बढ़ाकर अब पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया गया है।

सौर क्षेत्र में वित्तपोषण 4% घटकर 8.1 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक रहा

ऊंची लागत और आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े मसले के कारण जनवरी-मार्च अवधि में वैश्विक स्तर पर सौर क्षेत्र में कंपनियों का वित्तपोषण चार प्रतिशत घटकर 8.1 अरब डॉलर रह गया।

अमेरिकी शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल ने सोमवार को रिपोर्ट में कहा कि सौर क्षेत्र में पिछले साल की समान तिमाही में 8.4 अरब डॉलर का निवेश आया था। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में मार्च तिमाही में वित्तपोषण 47 प्रतिशत अधिक रहा। मेरकॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राज प्रभु ने कहा कि सौर क्षेत्र अनिश्चितता और चुनौतीपूर्ण निवेश का सामना कर रहा है। यह क्षेत्र कई बाधाओं से जूझ रहा है, जिसमें लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की आशंका, मुद्रास्फीति से निर्माण एवं श्रम की लागत बढ़ने और व्यापार विवादों एवं सीमा शुल्क के साथ आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे भी शामिल हैं। भारत में इकोफी ने 1.08 करोड़ डॉलर का निवेश पाया, इनसोलार ने 80 लाख डॉलर जुटाए, और मेटाफिन ने उद्यम पूंजी (वीसी) वित्तपोषण से 50 लाख डॉलर की इक्विटी वित्त जुटाया। घरेलू ऋण वित्तपोषण खंड में रिन्यू ने 28.83 करोड़ डॉलर मूल्य के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर का पुनर्वित्तपोषण किया। एम्पइन एनर्जी ट्रांजिशन ने 2.69 करोड़ डॉलर का निवेश जुटाया जबकि हस्क पावर सिस्टम्स को दो करोड़ डॉलर मिले।

एचएएल, एनएएल ने प्रौद्योगिकी समझौते पर किए हस्ताक्षर

बेंगलुरु। सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने हल्के लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए के श्रृंखला उत्पादन के लिए बिस्मलीमाइड इंजन बे डोर के विनिर्माण के लिए राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशालाओं के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके1ए भारतीय वायुसेना के लिए एक स्वदेशी 4.5 जनरेशन, हर मौसम में काम करने वाला तथा बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है। संयुक्त बयान में कहा गया, बिस्मलीमाइड (बीएमआई) इंजन बे डोर के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	84300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55900-56100
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	75,550
सोना रवा	75,400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	83,700
चांदी (999)	83,600
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	75300
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74300
सिल्वर (पक्की)	825 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	75,400
चांदी आभूषण	83,300

आवासीय परियोजनाओं में 1500 करोड़ निवेश करेगी एक्सपीरियन

नई दिल्ली। आवासीय संपत्तियों की मांग में तेज वृद्धि के बीच रियल एस्टेट कंपनी एक्सपीरियन डेवलपर्स अपनी विस्तार योजनाओं के तहत नोएडा में लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

गुरुग्राम स्थित एक्सपीरियन डेवलपर्स ने अपनी नई परियोजना 'एक्सपीरियन एलिमेंट्स' को रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण रेरा के साथ पंजीकृत किया है। यह एक्सपीरियन होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (सिंगापुर) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। एक्सपीरियन डेवलपर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नागराजू राउथू ने कहा कि कंपनी नोएडा में प्रवेश कर रही है, जो दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में महत्वपूर्ण रियल एस्टेट बाजार है। कंपनी ने आवासीय परियोजना को विकसित करने के लिए नीलामी प्रक्रिया के जरिए राज्य सरकार से जमीन खरीदी है। निवेश के बारे में पूछे जाने पर राउथू ने कहा कि यह करीब 1500 करोड़ है। इस परियोजना में 3बीएचके अपार्टमेंट की शुरुआती कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है।

सेंसेक्स ने 560 अंकों की लगाई छलांग निफ्टी भी 22,300 के हुआ पार

मुंबई, एजेंसी

● एशियाई-यूरोपीय बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी से घरेलू सूचकांक में आई तेजी

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी आने से सोमवार को घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक उछलकर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 560.29 अंक यानी 0.77 प्रतिशत चढ़कर 73,648.62 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में यह 679.47 अंक बढ़कर 73,767.80 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 189.40 अंक यानी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स समूह में शामिल लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.26 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.93 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊ उपभोक्ता खंड में सर्वाधिक 2.53 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पाद खंड में 1.93 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.65 प्रतिशत की बढ़त रही।

टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को सीईओ किया नियुक्त

नई दिल्ली। टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि काले ने 19 अप्रैल को सीईओ का पद संभाल लिया था। टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि मैं गजानन का टाटा पावर-डीडीएल के नए सीईओ के तौर पर स्वागत करता हूं। बिजली वितरण के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले काले निश्चित तौर पर टाटा पावर-डीडीएल को कामयाबी की नई बुलंदियों पर ले जाएंगे।

टाटा पावर के अध्यक्ष (टी एंड डी) संजय बांगा ने कहा कि गजानन वितरण क्षेत्र के अनुभवी पेशेवर हैं मुझे पूरा यकीन है कि उनके नेतृत्व में टाटा पावर-डीडीएल उद्योग जगत में नई उपलब्धियां हासिल करेगी। बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का संयुक्त उद्यम है।

राष्ट्रीय

एक नजर

उत्तरी दिल्ली में गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में चार हमलावरों ने सोमवार को गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि नरेन्द्र मलिक को छह से सात गोलियां लगीं और एसआरएचसी अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा कि यह गैंग वार का मामला है क्योंकि नरेन्द्र गोगी गिरोह का था। दोपहर दो बजे मलिक तरुण और अमित के साथ दयाल मार्केट में टाटा एस वाहन में बैठा था, तभी चार लोग बाइक से आए और उन्होंने मलिक पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अमित वहां से भाग निकला जबकि तरुण के पैर में चोट लगी है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। डीसीपी ने कहा कि मलिक 2017 में हुई लूट और 2019 में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले में शामिल था। हमने जांच के लिए छह टीम गठित की हैं। तरुण के पुलिस रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। हमें महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। हम घटना की सीसीटीवी फुटेज हासिल कर रहे हैं और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामले में श्रीनगर में नौ स्थानों पर की छापेमारी

श्रीनगर। एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामले में सोमवार को श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए अधिकारियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर कार्रवाई की। एजेंसी 2022 में दर्ज किए गए मामले के तहत आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों से संबंधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, मामले में संदिग्ध लोग द रेसिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े हैं, जो लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की शाखा है। लश्कर और टीआरएफ दो प्रतिबंधित संगठन हैं और ये संगठन कश्मीरी युवाओं को आतंकी संगठनों में शामिल होने के लिए लगातार उकसाने में शामिल रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों संगठन युवाओं को बहला-फुसला कर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए तैयार करते हैं और ये संगठन ट्विटर, टेलीग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय हैं।

छत्तीसगढ़ में आईईडी की चपेट में आने से युवक की मौत

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से गड़िया (18) की मौत हो गई। पटेलपारा मुतवेंडी गांव का रहने वाला गड़िया 20 अप्रैल को मुतवेंडी गांव से तीन किमी दूर किसी काम से गया था कि तभी वह नक्सलियों द्वारा लगाए आईईडी के संपर्क में आ गया, जिससे विस्फोट हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पिछले दिनों नैमेड थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से एक अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया था। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सली जंगल के रास्तों में आईईडी लगा देते हैं, जिसमें ग्रामीण भी हताहत होते हैं।

पंजाब पुलिस ने तस्कर को किया गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार बरामद

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने गमदूर सिंह उर्फ विक्की के साथ अंतर्राज्यीय हथियार कार्टेल चलाने वाले मलकीत सिंह उर्फ नवाब को गिरफ्तार किया और उनके पास से छह पिस्तौल, 10 कारतूस और 10 मैगजीन बरामद कीं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को कहा कि आरोपी मलकीत सिंह उर्फ नवाब गोपी घनशामपुरिया और हैरी चट्ठा गिरोह का सहयोगी और सदस्य है। नवाब के खिलाफ पहले से ही लगभग 30 आपराधिक मामले दर्ज हैं, और गिरोह से अब तक लगभग 100 अवैध हथियार बरामद किये गये हैं।

कांग्रेस पर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी को लेकर एकजुट हुईं विपक्षी पार्टियां

घोषणापत्र पर दिए बयान पर किया प्रदर्शन, पार्टी का आरोप- हार के डर से मोदी ने कही ये बात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय युवा कांग्रेस ने सोमवार को पार्टी के घोषणापत्र पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मोदी ने हार के डर से यह बयान दिया है।

भारतीय युवा कांग्रेस के प्रमुख श्रीनिवास बीवी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री लोकसभा चुनाव में हार के डर से घबराहट में खुलेआम नफरत के बीज बो रहे हैं। श्रीनिवास ने कहा कि देश के 140 करोड़ लोग अब इस झूठ के झांसे में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा घोषणापत्र हर भारतीय के लिए है। यह सभी के लिए समानता, सभी के लिए न्याय की बात करता है। भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री को कांग्रेस के 'न्याय पत्र' (घोषणापत्र) की एक प्रति भी भेजी। प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लोगों की मेहनत की कमाई और संपत्ति 'घुसपैठियों' और 'जिनके अधिक बच्चे हैं' उन्हें देने की योजना बनाई है।

समुदाय विशेष का नाम लेकर गलत बातें कहना उस समुदाय का अपमान है : अखिलेश

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि समुदाय विशेष का नाम लेकर उसके बारे में गलत बातें कहना उस समुदाय का अपमान है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में, अखिलेश यादव ने कहा कि एक समुदाय विशेष के बारे में नाम लेकर गलत बात कहना पूरी दुनिया में फैले उस समुदाय का अपमान है। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक पहचान को बहुत ठेस पहुंची है। यह आपत्तिजनक बयान है, जिसकी कोई माफ़ी तक नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च पदों पर बैठे भाजपा के लोग चुनावी रैली में अनर्गल बातें कहकर कांग्रेस के लिए जो झूठ फैला रहे हैं, उससे भाजपा का झूठ बाहर आ रहा है।

मुसलमानों की रूढ़िवादी छवि को लेकर ओवैसी ने जताई कड़ी आपत्ति

पूर्णिया (बिहार)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री मोदी के दिए भाषण में मुसलमानों की 'रूढ़िवादी छवि' (स्टीरियोटाइप) पेश किये जाने को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। बिहार में चुनावी रैली को में उन्होंने कहा कि वह राजस्थान में मोदी के भाषण की जांच कराना चाहेंगे। मोदी ने कहा कि मुसलमानों के ज्यादा बच्चे हैं। यह झूठ है। समुदाय में प्रजनन दर में गिरावट आई है और आंकड़ों के मुताबिक यह 2.36 प्रतिशत है। हालांकि, माना जाता है कि हमारे हिंदू भाइयों के बीच प्रजनन दर कम है।

माकपा ने मोदी के भाषण को लेकर दिल्ली पुलिस से की शिकायत

नई दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने सोमवार को कहा कि उसने 'संपत्ति के बंटवारे' को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजस्थान में दिए बयान के संबंध में दिल्ली पुलिस आयुक्त को शिकायत भेजी है। पार्टी के मुताबिक उसने यह कदम राष्ट्रीय राजधानी के एक थाने के शिकायत दर्ज करने से मना करने के बाद उठाया है। माकपा ने कहा कि पार्टी नेता वृंदा करात और पुष्पिंदर सिंह ग्रेवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए मंदिर मार्ग थाना प्रभारी से संपर्क किया। पार्टी ने कहा कि चूंकि मंदिर मार्ग थाने ने शिकायत स्वीकार करने से इनकार कर दिया, इसलिए इसे दिल्ली के पुलिस आयुक्त को भेज दिया गया है।

15 घंटे बाद भी उठ रहा है धुआ लोगों को सांस लेने में दिक्कत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के गाजीपुर 'लैंडफिल' (कचरा एकत्र करने की जगह) में लगी आग से निकलने वाले धुएं से लोगों ने सांस लेने में दिक्कत की शिकायत की। आग लगने के बाद सोमवार को धुआ उठ रहा है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, कचरे के पहाड़ से उत्पन्न गैस से रविवार शाम 'लैंडफिल' में आग लग गई। दमकल सेवा के महानिदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। कूड़े के ढेर का एक हिस्सा टूटने से टिन पैनल से बनी दीवार भी गिर गई। पोल्ट्री मार्केट की तरफ कई मीटर लंबी दीवार खड़ी की गई थी। घड़ोली के ग्रामीणों ने बताया कि घटना को 15 घंटे हो गए हैं। यह धुआं बहुत जहरीला है। हम जलन से आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। धुएं से वे बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। वहीं पुलिस ने घटना के कुछ घंटों बाद गाजीपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लैंडफिल में आग

पर्यावरण विभाग से रिपोर्ट मांगी

आग की वजहों और गर्मियों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए पर्यावरण विभाग को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने पर्यावरण व वन विभाग के प्रधान सचिव को 48 घंटे में रिपोर्ट देने को कहा है।

घटना की जांच होगी: आतिशी

आतिशी ने कहा कि आग के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी। कल उप महापौर आले मोहम्मद इकबाल ने दौरा किया था। आज महापौर शैली ओबेरॉय स्थिति का जायजा लेने मौके पर जाएंगी।

कोर्ट ने वीसी से डॉक्टर परामर्श की केजरीवाल की याचिका रद की

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की अदालत ने सोमवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल की रक्त शर्करा के स्तर में उतार-चढ़ाव के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से रोज 15 मिनट के लिए डॉक्टर से परामर्श लेने की याचिका रद कर दी। केजरीवाल ने अपनी पत्नी को भी वीसी में शामिल होने की अनुमति देने की मांग की थी।

राउज एवेन्यू अदालत की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की याचिका रद करते हुए कहा कि तिहाड़ जेल उनके चिकित्सा मुद्दों की देखभाल के लिए सुसज्जित है। कोर्ट ने जेल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि यदि केजरीवाल को विशेषज्ञ परामर्श की जरूरत होती है, तो उन्हें आवश्यक चिकित्सा उपचार दिया जाए। कोर्ट ने तिहाड़ अधिकारियों को केजरीवाल के शर्करा स्तर की निगरानी के लिए एम्स के निदेशक की मदद से मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल बोर्ड केजरीवाल को इंसुलिन देने के बारे में फैसला करेगा और आहार और व्यायाम योजना तय करेगा। केजरीवाल से अन्य कैदियों से अलग व्यवहार

● कोर्ट ने कहा- निजी उपचार की अनुमति तभी दे सकते हैं जब जेल अधिकारी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने में असमर्थ हों

नहीं हो सकता। कोर्ट ने कहा कि निजी उपचार के अनुरोध की अनुमति केवल तभी दी जा सकती है जब जेल अधिकारी आवेदक को अपेक्षित चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने में असमर्थ हों। अदालत ने केजरीवाल को घर का बना खाना खाने की अनुमति दी, जो मेडिकल बोर्ड द्वारा तय आहार के अनुसार होगा। ईडी ने आरोप लगाया था कि केजरीवाल जमानत को शुगर लेवल बढ़ाने के लिए जेल में आम, मिठाई और चीनी वाली चाय ले रहे हैं। केजरीवाल ने आरोपों पर कहा कि घर के 48 भोजन में से केवल तीन बार आम भेजे गए। तिहाड़ अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि डॉक्टर 24 घंटे जेल में तैनात हैं और केजरीवाल के शर्करा को दिन में दो बार मापा जा रहा है।

मणिपुर के 11 केंद्रों पर पुनर्मतदान में हुए 81.76 प्रतिशत मतदान

इंफाल। इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 केंद्रों पर सोमवार को हुए पुनर्मतदान में 81.6 प्रतिशत मत पड़े। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि किसी भी केंद्र से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। हालांकि कि कांग्रेस से शिकायत मिली है जिसमें दावा किया गया है कि एक अज्ञात ने फोन पर कांग्रेस के पोलिंग एजेंट को मोइरंगकम्पु साजेब में मतदान केंद्र खाली करने की धमकी दी है। आयोग ने 19 अप्रैल को इन केंद्रों पर हुई वोटिंग को अमान्य घोषित किया था, जिसके बाद सोमवार को पुनर्मतदान हुआ। संघर्ष प्रभावित मणिपुर में शुक्रवार को इनर मणिपुर और आउटर मणिपुर लोकसभा सीट पर 72 प्रतिशत मतदान हुआ था।

हुबली हत्याकांड: सीएम ने मामला सीआईडी को सौंपा, विशेष अदालत का होगा गठन

शिवमोगा (कर्नाटक), एजेसी

कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि हुबली में हुई छात्रा की हत्या के मामले को सीआईडी को सौंपा गया है। साथ ही एक विशेष अदालत का गठन होगा। हुबली-धारवाड़ नगर निगम पार्षद और कांग्रेस नेता निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ की 18 अप्रैल को धारवाड़ के बीवीबी कॉलेज परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी फयाज खोंडुनाइक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

मुस्लिमों का फैयाज के खिलाफ प्रदर्शन

धारवाड़। नेहा हिरेमथ की हत्या के मामले में सोमवार को मुस्लिम पुरुष और महिलाएं सामने आईं और हिंदू छात्रा के परिवार का समर्थन करते हुए फैयाज खोंडुनाईक के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस कृत्य की निंदा करने के लिए मुस्लिमों ने दुकानें आधे दिन के लिए बंद रहीं। दुकानदारों ने पोस्टर लगाया जिस पर लिखा था, नेहा को न्याय दो। अंजुमन-ए-इस्लाम की धारवाड़ इकाई के नेतृत्व में छात्रों ने मार्च निकाला। वहीं भाजपा भी शहर में प्रदर्शन कर रही है इसलिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

महिला पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव के आरोप में 7 पर केस

बेलगावी, एजेंसी

● कर्नाटक में मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने पीड़िता से किया दुष्कर्म, लीं तस्वीरें

कर्नाटक में मुस्लिम दंपति सहित सात लोगों पर विवाहित महिला को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया गया है। आरोपियों ने महिला को धमकी दी कि यदि उसने उनकी बात नहीं मानीं, तो वे उसकी तस्वीरें वायरल कर देंगे। पीड़िता की शिकायत पर सौंदत्ती में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

पीड़िता के अनुसार जो हिन्दू और विवाहित है, मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उनसे दुष्कर्म किया। आरोपी ने महिला से यौन संबंध बनाए और तस्वीरें लीं, जिनका इस्तेमाल कर उसे धर्म परिवर्तन के लिए ब्लैकमेल किया गया। रफीक ने उस पर अपने पति से तलाक लेने, धर्म बदलने के लिए राजी नहीं होने पर तस्वीरों को वायरल करने, मारने की धमकी दी। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेदा ने कहा कि दंपति ने बुर्का पहनाया और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। संदिग्धों ने महिला को बेलगावी में रहने और आदेशों का पालन करने के लिए मजबूर किया था।

कर्नाटक पुलिस को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग ने कर्नाटक में महिला से दुष्कर्म और धर्मांतरण पर राज्य पुलिस को नोटिस भेजकर तीन दिन में जवाब देने को कहा है। आयोग ने बताया कि कर्नाटक में 28 वर्षीया महिला से दुष्कर्म और बलपूर्वक धर्मांतरण की खबरें मीडिया में हैं जो चिंताजनक और निंदनीय हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मामले को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है और तीन दिन में कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने को कहा है। आयोग ने कहा है कि कर्नाटक में महिलाओं के बलपूर्वक धर्मांतरण के मामले बढ़ रहे है।

आज का मुकाबला

चेन्नई बनाम लखनऊ

समय : शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	06	324
रियान पराग (राजस्थान)	07	318

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

हार से ऊर्जा और खिताब पाने की मिली प्रेरणा : गुकेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- कैंडिडेट्स शतरंज प्रतियोगिता के सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद चेन्नई के 17 वर्षीय युवा ने रचा इतिहास

अधिकांश खिलाड़ियों के लिये जीत सबसे बड़ी प्रेरणा होती है लेकिन इतिहास रचने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश उनमें से नहीं हैं। उनका कहना है कि सातवें दौर में फिरोजा अलीरजा से हारने के बाद उन्हें सबसे युवा कैंडिडेट्स शतरंज चैंपियन बनने की प्रेरणा मिली।

चेन्नई के 17 वर्ष के गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन और मां माइक्रो बायोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने चौदहवें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने। वह इस साल के आखिर में चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। गुकेश ने टोरंटो से कहा कि मैं शुरू ही से अच्छा महसूस कर रहा था लेकिन सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद मैं निराश था। अगले दिन विश्राम का था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। इस तरह की हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है।

गुकेश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स खिताब जीतने वाले दूसरे ही भारतीय हैं। उन्होंने गैरी कास्पोरोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जो 1984 में 22 वर्ष की उम्र में सबसे युवा चैलेंजर बने थे। दुनिया के तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर ने कहा शुरू ही से फोकस प्रक्रिया पर भरोसा करने पर, सही मानसिकता के साथ अच्छी शतरंज खेलने पर था। पूरे टूर्नामेंट में मैने अच्छा खेला और मैं खुशकिस्मत था कि नतीजे पक्ष में रहे।

खुश हूं, इत्मीनान है कि आखिरकार जीत गया

यह पूछने पर कि खिताब जीतकर कैसा लग रहा है, गुकेश ने कहा यह खूबसूरत पल था। मैं बहुत खुश था और इत्मीनान है कि आखिर जीत गया। गुकेश को जीत के लिये ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा। दूसरी ओर फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाशिच की बाजी भी ड्रॉ रही। अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता। गुकेश ने कहा मैं टाइब्रेकर की तैयारी कर रहा था। मैं अपने ट्रेनर से बात कर रहा था लेकिन जैसे ही बातचीत शुरू की, हमें पता चला कि अब इसकी जरूरत नहीं है।

अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी : नकवी

कराची, एजेंसी

- भारत के साथ द्विपक्षीय शृंखला खेलने को लेकर बोले पीसीबी अध्यक्ष

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय शृंखला खेलने के तैयार है।

लाहौर में नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट शृंखला खेलना शानदार होगा। नकवी ने कहा देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है।

खेल डायरी

सिटसिपास को हराकर रूड ने जीता बार्सीलोना ओपन

बार्सीलोना। नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7-5, 6-3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कैरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

भारत को अमेरिकी पिकलबॉल प्रतियोगिता में 10 पदक

मुंबई। स्ताव्य भसीन, धीरेन पटेल और हेमल जैन ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत अमेरिकी ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में 10 पदक जीतने में सफल रहा। भारत ने फ्लोरिडा में 14 से 20 अप्रैल तक हुई इस प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते। भसीन ने जूनियर एकल में स्वर्ण पदक जीता जबकि पटेल पुरुष एकल 5.0 में शीर्ष पर रहे। हेमल ने पुरुष एकल 3.5 में शीर्ष स्थान हासिल किया। भसीन ने पुरुष युगल 5.0 में रजत और जूनियर पुरुष युगल तथा जूनियर मिश्रित युगल में कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीते। रोनव मोटवानी ने पुरुष युगल 5.0 और जूनियर एकल में दो रजत पदक जीतने के अलावा जूनियर पुरुष युगल में कांस्य पदक जीता। पुरुष एकल 5.0 में हिमांशु देवास्कर ने कांस्य पदक के साथ भारत के पदकों की संख्या को दोहरे अंक तक पहुंचाया।

ओलंपिक फाइनल में जगह बनाने वाली धावक पर लगा प्रतिबंध

मोनाको। तोक्यो ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाली इथोपिया की धावक जेरफे वोंडेमेगेन को दो प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वोंडेमेगेन पिछले साल मामूली अंतर से विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से चूक गईं थी। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने कहा कि वोंडेमेगेन के नमूनों में टेस्टोस्टोरोन और ईपीओ के अंश मिले हैं जो रक्त को अधिक ऑक्सीजन ले जाने में मदद करते हैं। वोंडेमेगेन ने डोपिंग रोधी नियमों को तोड़ने की बात स्वीकार कर ली है। वोंडेमेगेन 2021 तोक्यो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रहीं थी।

भावेश, सिमरनप्रीत ने 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक ट्रायल जीता

नई दिल्ली। भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया।

मार्श की मांसपेशियों में खिंचाव, आईपीएल से बाहर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। मार्श ने इस सत्र में अब तक दिल्ली के आठ मैचों में से केवल चार में भाग लिया है। इस साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में इस 32 वर्षीय खिलाड़ी के ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करने की उम्मीद है। ऐसे में उनके आईपीएल के मौजूदा सत्र में वापसी करने की संभावना लगभग नहीं है। पोंटिंग ने दिल्ली कैपिटल्स की कहा, मुझे नहीं लगता कि वह वापस आएगा। वैकल्पिक खिलाड़ियों के लिए एक निश्चित समय सीमा होती है।

मुंबई को भारी पड़ा यशस्वी का शतक

राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हराया, संदीप ने झटके पांच विकेट

जयपुर, एजेंसी

संदीप शर्मा की 18 रन देकर पांच विकेट की घातक गेंदबाजी के बाद यशस्वी जायसवाल नाबाद (104) और संजू सैमसन नाबाद (38) की शानदार पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के 38वें मैच में मुंबई इंडियंस को नौ विकेट हरा दिया है। यह राजस्थान की आठ मैचों में सातवीं जीत हैं।

राजस्थान रॉयल्स ने 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और जॉस बटलर की जोडनी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़े। सातवें ओवर में पीयुष चावला ने जॉस बटलर को आउट कर मुम्बई को पहली सफलता दिलाई। बटलर ने 25 गेंदों में 35 रन बनाए। कप्तान संजू सैमसन ने 28 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाए। वहीं यशस्वी जायसवाल ने 59 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाते हुए नाबाद 104 रनों की पारी खेली। राजस्थान ने 18.4 ओवर में एक विकेट पर 183 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से जीत लिया। मुम्बई की ओर से पीयुष चावला को एक विकेट मिला। हालांकि मैच के दौरान हुई बारिश के कारण कुछ देर खेल रुका रहा। लेकिन मुम्बई के गेंदबाज उसका फायदा नहीं उठा सके।

इससे पहले तिलक वर्मा (49) और नेहाल वढेरा (49) की शानदार पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 180 रनों का लक्ष्य दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने रोहित शर्मा (6) का विकेट गवां दिया। अगले ही ओवर में इशान किशन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। सूर्यकुमार यादव (10) रन बनाकर आउट हुए। उसके बाद तिलक वर्मा और वढेरा ने तिलक के साथ पांचवें विकेट लिए 99 रनों की साझेदारी कर टीम के स्कोर को मजबूती दी। नेहाल वढ़ेरा ने 24 गेंदों में 49 रनों की अहम पारी खेली लेकिन वह अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए।

अंपायरों से बातचीत करते मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और रोहित शर्मा। ● एजेंसी

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
चेन्नई	7	4	3	8	+0.529
लखनऊ	7	4	3	8	+0.123
गुजरात	8	4	4	8	-1.055
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
दिल्ली	8	3	5	6	-0.477
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

मुंबई 179/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट	6	5	1/0
इशान किशन का सैमसन बो संदीप	0	3	0/0
सूर्यकुमार यादव का पावेल बो संदीप	10	8	2/0
तिलक वर्मा का पावेल बो संदीप	65	45	5/3
मोहम्मद नबी का एवं बो चहल	23	17	2/1
निहाल वढेरा का संदीप बो बोल्ट	49	24	3/4
हार्दिक पंड्या पगबाधा बो आवेश	10	10	1/0
टिम डेविड का पराग बो संदीप	3	5	0/0
गेराल्ड कोएट्जी का हेटमायर बो संदीप	0	1	0/0
पीयूष चावला नाबाद	1	1	0/0
जसप्रीत बुमराह नाबाद	2	1	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-32-2, संदीप 4-0-18-5, आवेश 4-0-49-1, अश्विन 4-0-31-0, चहल 4-0-48-1

राजस्थान 183/1

18.4 ओवर, अतिरिक्त : 6

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल नाबाद	104	60	9/7
जोस बटलर बो चावला	35	25	6/0
संजू सैमसन नाबाद	38	28	2/2

गेंदबाजी : पंड्या 2-0-21-0, बुमराह 4-0-37-0, तुषारा 3-0-28-0, कोएट्जी 2-0-25-0, नबी 3-0-30-0, चावला 4-0-33-1, वर्मा 0.4-0-8-0

बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे नडाल

बर्लिन। महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था।

नडाल ने कहा अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं। नडाल लंबे समय से चोटों से जूझ रहे है और इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप इनडोर पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप के बीच खेली जाती है।

चेपॉक में मिलेगी लखनऊ को चुनौती

चेन्नई, एजेंसी

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था।

केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिए कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई।

- पिछले सप्ताह लखनऊ में चेन्नई सुपर किंग्स को करना पड़ा था हार का सामना

भाग्यशाली थे कोहली का विकेट मिल गया : सॉल्ट

कोलकाता, एजेंसी

- इंग्लैंड के बल्लेबाज ने समझाया कैसे काम करती है हॉक-आई प्रणाली

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा। केकेआर ने इस रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर हर्षित की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गई। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला होता है। सॉल्ट ने कहा कि इस फैसले पर अलग-अलग मत हो सकता है। हमारे नजरिए से हम खुशकिस्मत थे कि यह फैसला हमारे पक्ष में रहा।

कोहली पर लगा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर आउट करार दिए गए थे। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है।

बॉलीवुड हलचल

फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही हुमा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी आने वाली फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। हुमा कुरैशी इन दिनों विपुल मेहता के निर्देशन में बन रही फिल्म गुलाबी की शूटिंग गुजरात में कर रही है। इस फिल्म का निर्माण जिसे जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे और इकोलोन प्रोडक्शंस के विशाल राणा कर रहे हैं ।यह फिल्म अहमदाबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें हुमा ऑटो रिक्शा ड्राइवर की भूमिका निभा रही हैं। वह ऑटो रिक्शा चलाने के साथ-साथ पढ़ना चाहती है और दूसरे लोगों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करती है। हुमा कुरैशी फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। विशाल राणा ने बताया, हम तपती गर्मी की चुनौतियों बीच वहां के क्षेत्रीय लोगों के साथ शूट कर रहे हैं। हुमा बहुत सशक्त अभिनेत्री हैं। वह बिना किसी शिकायत के दिन के बारह-बारह घंटे शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने काफी लंबा और सशक्त सीन सिर्फ एक टेक में शूट किया। कैमरे के सामने वह जितने शानदार तरीके से विविध भावनाएं प्रस्तुत करती हैं, उससे हम सब बहुत प्रभावित हैं।

अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे अमिताभ

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अपनी आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ''कल्कि 2898 एडी'' के निर्माताओं ने इस फिल्म में अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म का एक छोटा सा टीजर वीडियो शेयर किया गया, जिसमें देखने को मिला कि सफेद कपड़े से ढका हुआ एक शख्स गुफा में बैठकर शिव लिंग की पूजा कर रहा है। फिर एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है, जो उससे पूछ रहा है कि क्या तुम मर नहीं सकते, तुम भगवान हो। कौन हो तुम। इसके बाद अमिताभ बच्चन कहते हैं मैं द्वापर युग से दशावतार की प्रतीक्षा कर रहा हूं। द्रोणाचार्य का पुत्र हूं अश्वत्थामा। नागअश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।

युकी ने बीएमडब्ल्यू ओपन टेनिस में जीता युगल खिताब

म्यूनिख। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी जोड़ी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट में युगल खिताब जीत लिया है। जर्मनी के म्यूनिख में गैरवरीयता प्राप्त भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने जर्मन एंड्रियास मिज और जान-लेनार्ड स्ट्रफ की जोड़ी को एक घंटे 51 मिनट में तक चले फाइनल मुकाबले में 7-6(6), 7-6(5) से हराया। इंडो-फ्रेंच जोड़ी का पहला खिताब है।

इससे पहले सेमीफाइनल में भांबरी-ओलिवेट्टी ने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर को 6-1, 6-7(5), 10-7 से हराया और क्वार्टरफाइनल में उन्होंने अमेरिकी जोड़ी रॉबर्ट गैलोवे और इवान किंग को 6-3, 6-3 से पराजित किया था। शुरुआती दौर में, भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने बेल्जियम की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 95 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 7-6(5),10-6 से हराया था।

मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था : मरीना

नई दिल्ली, एजेंसी

- 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने पर मिजोरम की युवा मिडफील्डर मरीना ने जताई खुशी
- 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप व 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में जाना है लक्ष्य

भारतीय महिला हॉकी टीम के 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने वाली मिजोरम की युवा और ऊर्जावान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने कहा कि मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था। अपने चयन को लेकर मरीना ने कहा कि जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था और मेरी आँखे भर आई। मुझे हमेशा आत्मविश्वास था मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की।

उन्होंने कहा मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है। हालांकि, वर्तमान में मेरा ध्यान भारतीय टीम की टीम में जगह बनाना है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। हॉकी में मरीना का सफर 10 साल की उम्र में स्कूल के दिनों से शुरू हुआ। उनकी प्रतिभा को जल्द ही पहचाना गया, जिससे उनका चयन मिज़ोरम के थेनजॉल में साई महिला हॉकी अकादमी में हो गया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

अमेरिकी सेना में शामिल होंगे भारतीय सेना के प्रतिनिधि

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सेना में जल्द ही भारतीय सैन्य प्रतिनिधियों की तैनाती होने जा रही है। कर्नल रैंक के ये प्रतिनिधि 3 अमेरिकी सैन्य कमांड में रहेंगे। इसका फैसला पिछले साल जून में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ था।

अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, ऐसा पहली बार हो रहा है जब अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने किसी देश के सैन्य प्रतिनिधि को अपनी तीनों प्रमुख कमांड में रहने का मौका दिया है। कमांड में भारतीय प्रतिनिधि की लायजनिंग ऑफिसर के तौर पर मौजूदगी का मकसद दोनों देशों के बीच अहम सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। इससे अमेरिका और भारत के रक्षा बलों के बीच संचालन क्षमता भी बढ़ेगी। फैसले के मुताबिक भारत की कमांड में भी अमेरिकी रक्षा अधिकारी तैनात होंगे। दोनों देशों का मानना है कि एक-दूसरे की सेना में इस तरह की नियुक्ति से आपसी सैन्य सहयोग बढ़ेगा। बता दें कि इस समय भारत दुनिया के विभिन्न देशों में अपने रक्षा प्रतिनिधि तैनात कर रहा है। अभी 62 देशों में भारत के रक्षा सलाहकार मौजूद हैं। इनकी संख्या 2030 तक बढ़ाकर 75 की जाएगी।

भारतीयों की यूरोप यात्रा को आसान बनाएगा शेंगेन वीजा

लंदन। भारत से यूरोपीय संघ के देशों की यात्रा करने वाले लोगों के लिए अब पांच साल के लिए मल्टीपल एंट्री वाले शेंगेन वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। दरअसल इस संबंध में भारतीयों के लिए यूरोपीय संघ द्वारा कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। यूरोपीय संघ के भारतीय राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि यह नई व्यवस्था से दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने बताया कि भारत के लोगों के लिए इस वीजा के लिए 18 अप्रैल को कुछ नियमों में परिवर्तन किया गया। ये नियम वर्तमान वीजा के मानकों से कुछ अलग हैं। तीन वर्षों के भीतर दो वीजा प्राप्त करने और उनका वैध रूप से उपयोग करने वाले भारतीय नागरिकों को अब दो साल के लिए बहु-प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) शेंगेन वीजा जारी किया जाएगा।

पिछले साल सांसदों-विधायकों पर दर्ज 2 हजार मामलों का हुआ निपटारा

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया गया कि पिछले साल देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज कुल मामलों में से दो हजार से ज्यादा मामलों में फैसला हुआ। वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने एक हलफनामा दायर कर यह जानकारी दी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें मांग की गई है कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जानी चाहिए। इस मामले में कोर्ट ने वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया को न्याय मित्र नियुक्त किया है।

- 2019 के लोकसभा चुनाव में भी 7928 उम्मीदवारों में से 1500 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 1070 उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 17वीं लोकसभा (2019-2024) के लिए चुने गए 514 उम्मीदवारों में से 225 सदस्यों यानी कि 44 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे। मामले में सुप्रीम कोर्ट की मदद कर रहे वकील हंसारिया ने हलफनामे में बताया कि 1 जनवरी 2023 तक 4,697 आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 2,018 मामलों में बीते साल फैसला हो गया। हलफनामे में बताया गया कि साल 2023 में नेताओं के खिलाफ 1746 नए मामले दर्ज हुए। ऐसे में 1 जनवरी 2024 तक नेताओं के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की कुल संख्या 4,474 हो गई है।
- उच्च न्यायालयों से प्राप्त जानकारी के आधार पर एक सूची भी दाखिल की, जिसमें एक जनवरी, 2023 तक सांसदों के खिलाफ 4,697 आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए थे और पिछले वर्ष 2,018 मामलों पर फैसला सुनाया गया। हलफनामे के मुताबिक, 2023 में सांसदों और विधायकों के खिलाफ 1,746 नये आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए और एक जनवरी, 2024 तक कुल 4,474 मुकदमे लंबित हैं।

जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सुनवाई में आई तेजी

विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद एमपी/एमएलए कोर्ट में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी आई है। हालांकि कोर्ट द्वारा और दिशा निर्देश दिए जाने चाहिए ताकि लंबित मामलों की भी जल्द सुनवाई हो सके। हलफनामे में कहा गया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की समीक्षा के लिए उच्च न्यायालयों द्वारा सख्ती से समीक्षा की जानी चाहिए। वकील विजय हंसारिया ने कोर्ट में एनजीओ एडीआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में कुल 2,810 उम्मीदवारों में से 501 उम्मीदवार यानी कि 18 प्रतिशत उम्मीदवार दागी हैं। इनमें से भी 327 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें जनप्रतिनिधि अगर दोषी पाए गए तो उन्हें पांच साल या ज्यादा की सजा हो सकती है।

इन राज्यों में निपटाए गए मामले

हलफनामे के अनुसार, उत्तर प्रदेश की एमपी-एमएलए कोर्ट में दर्ज 1300 मामलों में से 766 बीते साल निपटाए गए। दिल्ली में दर्ज 105 मामलों में से 103 का निपटारा बीते साल कर दिया गया। इसी तरह महाराष्ट्र में 476 मामलों में से 232 में फैसला हो गया। बंगाल के 26 में से 13 में, कर्नाटक में 226 में से 150 मामलों, केरल में 370 में से 132, बिहार में 525 मामलों में से 171 में फैसला हो चुका है। हलफनामे के अनुसार, लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के लिए कुछ सुझाव दिए गए हैं। जिनके अनुसार, तीन साल से ज्यादा समय से लंबित मामलों में राज्यों के संबंधित हाईकोर्ट्स समीक्षा रिपोर्ट तलब करें। साथ ही मांग की गई कि नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड की तरह एक वेबसाइट बनाई जाए, जिससे लंबित मामलों की रियल टाइम जानकारी इस पर अपलोड की जाए। सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में एक समिति बनाने की मांग की गई है, जो लंबित मामलों की समीक्षा करे।

एक नजर

मंगलुरु ताड़ के जलते पत्तों को एक-दूसरे पर फेंकते श्रद्धालु

मंगलुरु। कर्नाटक के कतील में दुर्गा परमेश्वरी मंदिर में हर साल अप्रैल में अग्नि केली उत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव में भाग लेने वाले श्रद्धालु 8 दिन का उपवास करते हैं। उत्सव के आखिरी दिन वे ताड़ के जलते पत्तों को एक-दूसरे पर फेंकते है, मान्यता है कि इससे देवी-देवता खुश हो जाते हैं।

श्रीलंका में भी होगी रामायण यात्रा विकसित करने में मदद करेगा भारत

कोलंबो। श्रीलंका में रामायण से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को विकसित करने के लिए रामायण ट्रेल की का उद्घाटन किया गया है। इसे लेकर श्रीलंका में भारतीय राजदूत संतोष झा ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों से अपने आवास में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि श्रीलंका में रामायण से जुड़ी ऐतिहासिक जगहों को जोड़ने के लिए भारत द्वारा क्या मदद की जा सकती है। इस दौरान भारतीय राजदूत ने ट्रस्ट के ट्रेजरी गोविंद देव गिरी महाराज से भी मुलाकात की। बता दें कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या राम मंदिर के निर्माण को तैयार करने वाली संस्थाओं में से एक है।

पाकिस्तानः भारतीय सिख तीर्थयात्री की दिल का दौरा पड़ने से मौत

लाहौर। पाकिस्तान गए एक सिख तीर्थयात्री की सोमवार को दिल का दौरा पड़ने के कारण मौत हो गई। इवैकुई ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि पटियाला निवासी सरदार जांगीर सिंह (67) की सोमवार को दिल का दौर पड़ने के बाद मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को वाघा सीमा पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को सौंप दिया गया। बता दें, बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए 13 अप्रैल को वाघा सीमा के जरिए पाकिस्तान पहुंचे लगभग 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री सोमवार को स्वदेश रवाना हो गए।

स्वदेश लौटने के बाद पहली विदेश यात्रा पर चीन जाएंगे नवाज

इस्लामाबाद। तीन बार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सोमवार को चीन की पांच दिवसीय निजी यात्रा पर जाएंगे। यहां वह अपना मेडिकल चेकअप कराएंगे। ब्रिटेन में चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान लौटने के बाद शरीफ की यह पहली अंतर्राष्ट्रीय यात्रा होगी। पीएमएल-एन सुप्रीमो के साथ उनकी 'निजी यात्रा' पर विदेश मंत्री इशाक डार भी होंगे। यात्रा के दौरान उनका मेडिकल चेकअप होगा और चीनी कंपनियों के मालिकों के साथ विकास कार्यों बैठकें भी करेंगे।

सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानीः राजनाथ

दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र पहुंचे रक्षा मंत्री, बोले- यह सामान्य भूमि नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया।

राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है।

राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, 'सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।' इस अवसर पर सेना प्रमुख मनोज पांडे भी रक्षा मंत्री के साथ रहे। इस अवसर पर, लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में कुमार की पोस्ट पर 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद जवानों ने नारे लगाए। राजनाथ सिंह 24 मार्च को सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए सियाचिन जाने वाले थे, लेकिन 'खराब मौसम' के कारण कार्यक्रम को बदलकर लेह कर दिया गया, जहां रक्षा मंत्री ने लेह सैन्य स्टेशन पर सशस्त्र बलों के साथ इस अवसर का जश्न मनाया।

सियाचिन के बेस कैंप में सैनिकों से बात करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे।

एमआई 8 हेलीकॉप्टर्स ने सुरक्षित की सियाचिन युद्धसीमा

भारतीय वायुसेना के हंटर विमान ने लेह के ऊंचाई वाले हवाई क्षेत्र से लड़ाकू अभियान शुरू किया। लेह से जैसे-जैसे ग्लेशियर के ऊपर बड़ी संख्या में हमले किए जाने लगे, इसने ग्लेशियर पर तैनात भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाने का काम किया। इसके बाद चीता और एमआई 8 हेलीकॉप्टर्स ने उड़ान भरी और बिलाफोंड ला और सिया ला चोटियों को सुरक्षित कर लिया। बाद में पूरे ग्लेशियर को ही सुरक्षित कर लिया।

सैन्य खुफिया प्रमुख ने विफलताओं की जिम्मेदारी ले पद से दिया इस्तीफा

तेल अवीव। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है। इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा, हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने इजरायल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी। युद्ध के कुछ ही समय बाद, हलीवा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि सरकार और सेना को खुफिया चेतावनियां और दैनिक अलर्ट प्रदान करने के लिए जिम्मेदार सैन्य विभाग के प्रमुख के रूप में हमले को न रोक पाने का दोष उन पर है और वह इस आरोप को स्वीकार करते हैं। आपको बता दें कि सात अक्टूबर को हमास के आतंकियों की तरफ से किए गए हमले में करीब 1200 लोगों की मौत हो गई थी 200 से ज्यादा नागरिकों को बंधक बना लिया गया था।

हर साल की तरह लिरिड आसमानी आतिशबाजी शुरू

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : लिरिड उल्कापात यानी रोमांचक आसमानी आतिशबाजी सोमवार रात से शुरू हो गई है। जिसके आज रात तक चरम पर रहने की संभावना है। यह उल्कावृष्टि हर वर्ष इसी दौरान होती है। जो 23 अप्रैल रात तक चरम पर रहेगी।

आकाशीय घटनाओं में उल्कावृष्टि सर्वाधिक रोमांचक मानी जाती है। साल में कई मौके आते हैं, जब इस खगोलीय घटना का लुत्फ उठाया जा सकता है। लिरिड उल्का बौछार हर साल जनवरी की शुरुआत और अप्रैल के अंत के बीच होती है। इस वर्ष 22 अप्रैल से शुरू हो गई है। जिसके 23 अप्रैल की रात तक जारी रहने की संभावना है।

हालांकि चांदनी रात के कारण इस घटना मे उल्काओं की संख्या कम ही देखी जा सकती है, लेकिन बड़े आकार के रंगबिरंगी उल्काओं को देखने का मौका अवश्य मिलेगा। बुधवार से उल्काओं की संख्या मे कमी आ जाएगी। मगर 29 अप्रैल तक इस घटना को देखा जा सकेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि प्रति घंटे 10 से 15 लिरिड्स उल्कापात देखे जा सकते हैं। चांदनी रात के कारण इस वर्ष भले ही इनकी संख्या कम नजर आएगी, लेकिन पूर्व में इनकी संख्या 100 प्रति घंटे की दर से भी देखी गई हैं।

नैनीताल से लिया गया उल्कावृष्टि का नजारा (फाइल फोटो)

एस्ट्रोटूरिज्म का रोमांचक हिस्सा है उल्कावृष्टि

उल्कावृष्टि एस्ट्रोटूरिज्म का सर्वाधिक लोकप्रिय हिस्सा माना जाता है। हालांकि भारत में इस पर्यटन को लेकर अधिक लोग नही जानते हैं, लेकिन यूरोपीय देशों में यह पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी भागीदारी निभाता है। भारत में इस पर्यटन की शुरुआत करीब एक दशक पहले हुई। पर्वतीय क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता है।

रथ खींचने की मची होड़

मदुरै : तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में चिथिराई उत्सव के मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने श्री थायुमानवर मंदिर के रथ खींचे। यह रथ शहर की सड़कों से होकर गुजरा। इसी के साथ मट्टुवरकुझालम्मी के देवता का भी रथ खींचा गया। उत्सव के 11वें दिन चिथिराई के मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु मीनाक्षी अम्मन मंदिर में एकत्रित हुए। यह उत्सव 12 अप्रैल से शुरू हुआ था। इस दौरान भक्तों ने मीनाक्षी सुंदर महादेव, सोम सुंदर महादेव, हर हर शंकर महादेव, संबो शंकर-महादेव, कदंबवन सुंदर - महादेव और आल्लाला सुंदर महादेव का जाप करते हुए रथ खींचा। ● एजेंसी

आतंकवाद को खत्म करने के लिए ईरान पाकिस्तान सहमत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद किसी देश के पहले राष्ट्र प्रमुख के रूप में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और ईरानी राष्ट्रपति ने आतंकवाद को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयासों पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पड़ोसियों ने कथित आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ जैसे को तैसा हवाई हमले किए जाने के महीनों बाद आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। सोमवार को पीएम शहबाज और ईरानी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच व्यापार और संचार बढ़ाने पर चर्चा की। अब व्यापार बढ़ाकर 10 अरब डॉलर करने का निश्चय किया है।

अमेरिकी नागरिकता पाने में दूसरे नंबर पर भारतीय

वाशिंगटन, एजेंसी

- रिपोर्ट में खुलासा, 2022 में 66 हजार भारतीय बने अमेरिकी नागरिक, पहले स्थान पर मैक्सिको

अमेरिका की नवीनतम संसदीय रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 65,960 भारतीय आधिकारिक तौर पर अमेरिका के नागरिक बन चुके हैं। इसी के साथ मैक्सिको के बाद भारत अब अमेरिका के लिए नए नागरिकों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है। 2022 तक चार करोड़ 60 लाख विदेशी मूल के नागरिक अमेरिका में निवास कर रहे थे, जो कि 33 करोड़ 30 लाख जनसंख्या वाले देश का 14 प्रतिशत है।

15 अप्रैल की नवीनतम यूएस नेचुरलाइजेशन पॉलिसी रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022 में 969,380 लोग नियमानुसार अमेरिकी नागरिक बने। अमेरिका में नियमानुसार नागरिकता मिलने के मामले में मैक्सिको पहले स्थान पर है, इसके बाद भारत, फिलीपींस, क्यूबा और डोमिनिकन गणराज्य के लोग शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में मैक्सिको के 1,28,878 लोगों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। उनके अलावा भारत के 65,960,फिलीपींस के 53,413, क्यूबा के 46,913, डोमिनिकन गणराज्य के 34,525, वियतनाम के 33,246 और चीन के 27,038 नागरिकों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। 2023 तक अमेरिका में विदेशी मूल के नागरिकों में 28,31,330 लोग भारत से थे।

हिमालय में 27 फीसद हिमनद झीलों का हुआ विस्तार : इसरो

नई दिल्ली। इसरो ने सोमवार को कहा कि हिमालय क्षेत्र में चिह्नित हिमनद झीलों में से 27 प्रतिशत से अधिक का 1984 के बाद से विस्तार हुआ है और इनमें से 130 भारत में हैं। इसरो ने कहा कि 1984 से 2023 तक भारतीय हिमालयी नदी घाटियों के जलग्रहण क्षेत्रों से संबंधित दीर्घकालिक उपग्रह छवियां हिमनद झीलों में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देती हैं।

बता दें, 2016-17 के दौरान 10 हेक्टेयर से बड़ी 2,431 झीलों में से 676 हिमनद झीलों का 1984 के बाद से उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। इसरो ने कहा कि 676 झीलों में से 601 का विस्तार दोगुने से अधिक हो गया है, जबकि 10 झीलों का विस्तार डेढ़ से दोगुना और 65 झीलों का विस्तार 1.5 गुना हो गया है।

अंलकृत 25 जनवरी को 132 लोगों को सम्मानित करने की हुई थी घोषणा, शेष हस्तियों को अगले सप्ताह किया जाएगा प्रदान

यूपी की 9 विभूतियों समेत 67 को पद्म पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को 67 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे।

25 जनवरी को 132 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की थी, जिनमें 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री शामिल थे। सोमवार को उत्तर प्रदेश के 9 समेत 67 विभूतियां ही सम्मानित हुई, बाकी को अगले हफ्ते सम्मानित किया जाएगा। द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) और पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया।

मिथुन चक्रवर्ती को पद्म भूषण से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति।

बिंदेश्वर पाठक की पत्नी अमोला पाठक ने पुरस्कार ग्रहण किया।

इसके बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, सिंगर उषा उथुप और सीताराम जिंदल समेत कुछ लोगों को पद्म भूषण दिया। इसके अलावा मनोहर कृष्ण डोले और रामचेत चौधरी समेत कुछ हस्तियों को पद्मश्री दिया गया। पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा है, जो अब तक गुमनाम थे। इनमें असम की रहने वाली देश की पहली महिला महावत पार्वती बरुआ और जागेश्वर यादव का नाम शामिल है। इसके अलावा चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई बड़े नाम भी हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 30 महिलाएं हैं।

खलील अहमद-कला (मिर्जापुर)
नसीम बानो -कला (लखनऊ)
पं. सुरेन्द्र मोहन मिश्र-कला (मरणोपरांत) (वाराणसी)
गोदावरी सिंह-कला (वाराणसी)
उर्मिला श्रीवास्तव-कला (मिर्जापुर)
बाबूराम यादव-कला (मुरादाबाद)
प्रो. राम चेत चौधरी-विज्ञान इंजीनियरिंग (गोरखपुर)
डॉ. राधे श्याम पारीक मेडीसिन (आगरा)
प्रो. नवजीवन रस्तोगी साहित्य एवं शिक्षा

पहली बार सांसारिक जीवन त्याग 35 मुमुक्षुओं ने ली दीक्षा

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में 35 मुमुक्षुओं ने सांसारिक जीवन त्याग कर सोमवार को दीक्षा ली। दीक्षा समिति के संयोजक संजयभाई वोरा ने बताया कि इतिहास में पहली बार एक ही मंडप के नीचे 35 जैन दीक्षाओं का उत्सव महानायक परम पूज्य आचार्य श्री विजय योगतिलकसूरीश्वर जी महाराज के पवित्र हाथों से किया गया।

15 आचार्य भगवंतों के साथ ही करीब 400 जैन साधु-साध्वीजीयों की छत्रछाया में 35 मुमुक्षुओं को ओघो अर्पित किया जिनमें 15 भाई और 20 बहनें थीं। मुमुक्षु उस व्यक्ति के लिए एक संस्कृत शब्द है जो मुक्ति प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करता है और ज्ञान और सत्य का साधक है। पुनर्जन्म चक्र से मुक्त होने के लिए, एक मुमुक्षु का लक्ष्य मोक्ष प्राप्त करना होता है।

जो ट्रेलर में हो वो फिल्म में भी हो ये जरूरी नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के आदेश को निरस्त करते हुए पलटा फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के एक आदेश को रद करते यशराज के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (22 अप्रैल) को कहा कि ट्रेलर में एक गीत, संवाद या एक संक्षिप्त दृश्य का उपयोग फिल्म की रिलीज के बारे में चर्चा पैदा करने के लिए किया जाता है। यह कतई जरूरी नहीं की जो ट्रेलर में हो वो फिल्म में देखने को मिले।

बता दें कि यह इस मामले में पहले एनसीडीआरसी ने यशराज फिल्म्स को 'फैन' के एक गाने को फिल्म से बाहर करने से नाराज उपभोक्ता को मुकदमे की लागत के अलावा 10 हजार रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया था। फिल्म निर्माण फर्म की ओर से दाखिल की गई अपील को स्वीकार करते हुए जस्टिस पीएस नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता का मानना कि जो प्रमोशनल ट्रेलर में है वो ही फिल्म में भी होगा यह गलत है।

जबकि, सुप्रीम कोर्ट का फैसला यश राज फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एनसीडीआरसी के एक आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई करते हुए आया है। एनसीडीआरसी ने आफरीन फातिमा जैदी नाम की महिला को 10 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि प्रोमो में गाना 'जबरा फैन' शामिल था, लेकिन जब उन्होंने फिल्म देखी तो गाना गायब था, इसके बाद शिकायत दर्ज कराई।